वर्ष : 19 अंक : 75 लखनऊ सोमवार, 06 अप्रैल 2026 पृष्ठ : 16, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम

सूर्योदय : 5:51
सूर्यास्त : 6:26
अधिकतम : $33:00^0$
न्यूनतम : $21:00^0$

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



14

भाजपा के राज में बने प्रीपेड पीड़ित : अखिलेश 2
हमारी परंपरा है वंदे मातरम s 8
इन मिसाइलों से ईरान में गेम बदल सकते... 16

# टॉय कार बम से दिल्ली में करने वाले थे बड़ा धमाका

## मुंबई से जैश के 2 आतंकी पकड़े गये, कई राज्यों में छापेमारी में 12 दबोचे गये

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**नयी दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और महाराष्ट्र एटीएस ने मुंबई से जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकियों गिरफ्तार किया है। दोनों पर दिल्ली में आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश पुलिस और खुफिया विभाग ने एक बड़े आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जिसमें विदेशी हैंडलर्स और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया व अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट जैसी अतिवादी संगठनों से संबंध पाए गए हैं। इस मॉड्यूल का मुख्य काम भारत में युवाओं को ऑनलाइन रेडिकलाइज करना और जिहादी विचारधारा फैलाना था। पुलिस ने बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान सहित कई राज्यों में छापेमारी कर 12 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें आंध्र प्रदेश के तीन आरोपी भी शामिल हैं।

महाराष्ट्र एटीएस रविवार को बताया कि दोनों आतंकी मोस्साब अहदम और मोहम्मद हमद कोल्लारा को शुक्रवार को अरेस्ट किया था। अब उन्हें दिल्ली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। दोनों जैश के साथ इस्लामिक स्टेट से भी जुड़े थे। इसके अलावा भारत विरोधी 'मिशन खिलाफत' और 'सोल्जर्स ऑफ प्रोफेट' जैसे नेटवर्क से भी जुड़े थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी आईईडी बम बनाना सीख रहे थे। वह दिल्ली में खिलौने की कार में बम छिपाकर हमला करने की प्लानिंग कर रहे थे। जांच एजेंसियां अब इस मामले के पैन-इंडिया नेटवर्क की भी जांच कर रही हैं। मुंबई में 4-5 नाबालिग भी एजेंसियों के रडार पर हैं, जो ऐसे प्रोपेगेंडा से प्रभावित हैं।



जांच में पता चला है कि यह पूरा मॉड्यूल ओडिशा से संचालित हो रहा था और इसके हैंडलर भी सुरक्षा एजेंसियों के निशाने पर हैं। पुलिस की स्पेशल सेल को आरोपियों से आपत्तिजनक दस्तावेज, मोबाइल फोन और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी मिले हैं। दोनों आरोपियों को ऑनलाइन हैंडलरों अबू हुफेजा के संपर्क में आए और उसने इनका ब्रेनवॉश किया। उसी ने इन्हें जैश-ए-मोहम्मद से जोड़ा।

दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने 30 मार्च को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस के मुताबिक, शब्बीर दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में आतंकी गतिविधियों के लिए युवाओं की भर्ती करने की तैयारी में था। यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर ऑपरेट हो रहा था। साल 2007 में भी दिल्ली पुलिस ने आतंकवाद के आरोपों में लोन को गिरफ्तार किया था। 2019 में जमानत मिलने के बाद वह बांग्लादेश भाग गया था। आंध्र पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी रहमतुल्लाह शरीफ और उसके सहयोगी विदेशी ऑपरेटिव्स के संपर्क में थे। वे ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से मुस्लिम युवाओं को जिहाद की ओर प्रेरित कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ओसामा बिन लादेन, इसरार अहमद शेख, जाकिर नाइक और अनवर अल-अव्लाकी के वीडियो शेयर कर रहे थे। इस समूह ने खवातीन विंग बनाकर महिलाओं को भी शामिल करने की कोशिश की थी। आरोपी 40 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश स्थित हैंडलर्स अल-हकीम शुक्रूर, मोहम्मद हुजैफा, निंजा, हेमरोक्सी, अबू मुहरिब और अबू बालुशी से संपर्क बनाए हुए थे।

हैंडलर्स ने उन्हें स्नाइपर राइफल समेत हथियारों की ट्रेनिंग देने का आश्वासन दिया था। कुछ युवा विदेशी मदरसों में जिहादी ट्रेनिंग भी ले रहे थे। एक महिला आरोपी सईदा बेगम पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के ऑपरेटिव्स से जुड़ी हुई थी और जिहादी गतिविधियों को फैलाने की योजना बना रही थी। यह गुट साइबर आतंकवाद की भी तैयारी कर रहा था, जिसमें सरकारी वेबसाइट्स हैक करने की योजना शामिल थी।

# यूपी में आंधी-बारिश से तबाही का दौर जारी

## कहीं गिरी छत तो कहीं पेड़, नौ की मौत



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी से गुजर रहा पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ने के बजाए ठहर गया। नतीजतन शाम तक कई जिलों में बादलों की परत गहरा गई। शनिवार को तबाही मचाने के बाद आंधी-बारिश ने रविवार को एक बार फिर कहर बरपाया। कई जिलों में आंधी-बारिश के कारण हुए हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। फसलों को भी खासा नुकसान पहुंचा है। तारों पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई और रेल-विमान संचालन पर भी असर पड़ा। अमौसी स्थित मौसम मुख्यालय ने लखनऊ समेत 50 जिलों में तेज हवा के साथ बौछार और बिजली गिरने की आशंका का अलर्ट जारी किया है। कानपुर शहर और कानपुर देहात में सोमवार की सुबह तक ओले गिरने का ऑरेन्ज अलर्ट है।

बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में वर्षा जनित हादसों में नौ लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। बुंदेलखंड के ललितपुर और हमीरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि उरई में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। ब्रज क्षेत्र के मैनपुरी में पेड़ गिरने से एक किसान की मौत हुई, वहीं फिरोजाबाद में आंधी के दौरान छत से गिरकर एक व्यक्ति की जान चली गई। रायबरेली में तेज हवा से गिरे पेड़-पोल की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई वहीं सिद्धार्थनगर में झहराव पुल के पास आंधी में बेकाबू बोलेरो नहर में गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। लखीमपुर खीरी में कार पर पेड़ गिरने और पोल्ट्री फार्म ढहने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

खराब मौसम की वजह से कानपुर में 98 ट्रेनें फंसी रहीं और 112 ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। लगभग 3200 यात्रियों ने अपने टिकट रद्द कराए। मंधना में बिजली गुल होने के कारण कासगंज एक्सप्रेस को 30 साल में पहली बार बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। फर्रुखाबाद रूट करीब साढ़े सात घंटे तक ठप रहा।

मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर और बुलंदशहर सहित पश्चिमी यूपी में ओलावृष्टि ने गेहूं की पकी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। खेतों में कटी पड़ी फसल भीगने से काली पड़ने का डर है। एटा, मैनपुरी और फिरोजाबाद में ओलों की बौछार से गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हो गई है। पूर्वांचल की बात करें तो गोरखपुर-बस्ती मंडल में आंधी ने आम की फसल को नुकसान पहुंचाया है और कटी हुई फसल खेतों में बिखर गई है।

आंधी की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल मैनपुरी में पिछले तीन दिनों में 555 बिजली के पोल गिर गए, जिससे विभाग को 45 लाख का नुकसान हुआ है। गोरखपुर और सिद्धार्थनगर में मोबाइल टॉवर पर बिजली गिरने से नेटवर्क गायब हो गया। ग्रामीण इलाकों में पेड़ और टिनशेड गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई

### ट्रंप की गाली वाली पोस्ट पर ईरान ने ली चुटकी

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति की गाली वाली पोस्ट पर ईरान ने तगड़ी चुटकी ली है। ईरान ने अमेरिकी विमान के टुकड़ों की तस्वीर दिखाते हुए पूछा है कि इसे भूल गए? ईरान का दावा है कि उसने अमेरिकी विमान को मलबे में तब्दील कर दिया है। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

इसके कुछ ही देर बाद ईरान ने तबाह हुए अमेरिकी विमानों की तस्वीर पोस्ट की। ईरान का दावा है कि उसने इन अमेरिकी विमानों को तबाह कर दिया है। वहीं, अमेरिका का कहना है कि उसने अपने पायलट को वहां से रेस्क्यू कर लिया है। इसके साथ ही ईरान ने अमेरिका के जख्मों पर नमक भी रगड़ा है। उसने एक्स पर पोस्ट में कहा है कि इतिहास खुद को दोहराता है। इसने 24 अप्रैल 1980 की याद दिलाई है, जब अमेरिका का ऑपरेशन ईगल क्लॉ, ईरान के तबास डेजर्ट में धूल चाट गया था।

ईरान में खतम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने कहाकि अमेरिकी सेना काकथित बचाव अभियान एक भ्रामक मिशन था। इसे दक्षिण ईसफहान के एक खराब हवाई अड्डे पर गिरे विमान के पायलट को बचाने के बहाने के तहत अंजाम दिया गया। उन्होंने कहाकि ईरानी सशस्त्र बलों के समय पर पहुंचने के बाद यह पूरी तरह विफल हो गया।

# ट्रम्प ने ईरान को कहा बास्टर्ड

## धमकी दी- आज होर्मुज नहीं खुला तो कर देंगे तबाह

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने सोमवार को होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने के साथ तेल पर कब्जा करने की बात कही।

ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा। अमेरिका ने इससे पहले गुरुवार को ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले बी1 हाईवे ब्रिज पर हमला किया था। यह पुल इसी साल शुरू हुआ था और इसे मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा पुल माना जाता है। करीब 1050 मीटर लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस पुल को बनाने में लगभग 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,800 करोड़ रुपये) खर्च हुए थे। उन्होंने कहा कि अगर ईरान समझौता करने को तैयार नहीं होता है तो वह उसे तबाह करके सारे तेल पर कब्जा कर लेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने 'फॉक्स न्यूज' के एक पत्रकार से कहा, ₹मुझे लगता है कि कल इसकी (डील) पूरी संभावना है। वे अभी बातचीत कर रहे हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹अगर वे कोई डील नहीं करते हैं और वह भी जल्द-से-जल्द तो मैं सब कुछ तबाह करके तेल पर कब्जा करने के बारे में सोच रहा हूं।"



इससे पहले, ट्रंप ने रविवार को ही ईरान को सात अप्रैल तक का समय देकर कहा है कि अगर हॉर्मुज को नहीं खोला तो वह अब ईरान के बिजली घरों और पुलों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाएंगे। उन्होंने पोस्ट किया है, ₹ईरान में मंगलवार 'पावर प्लांट डे' और 'ब्रिज डे' होगा, सब कुछ एक साथ। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा!!! इसके आगे उन्होंने अपशब्द कहते हुए लिखा, स्ट्रेट को खोल दो, तुम पागल बेवकूफों, वरना तुम नर्क में रहोगे - बस देखते जाओ!" इस पूरी धमकी के केंद्र में होर्मुज है, जिसे ट्रंप ने अपनी पोस्ट में 'स्ट्रेट' कहकर संबोधित किया है। यह समुद्री रास्ता वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, क्योंकि दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल यहीं से गुजरता है। फरवरी 2026 में युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने इस रास्ते पर कड़ा नियंत्रण कर लिया है। इससे दुनियाभर में तेल की आपूर्ति बाधित हुई है और कीमतें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। ट्रंप का ₹इसे खोल दो₹ कहना इसी वैश्विक संकट को खत्म करने की अंतिम चेतावनी है।

हालांकि, ट्रंप धमकी देकर हर बार समय-सीमा बढ़ाते रहे हैं और उसके बाद फिर धमकी देते हैं। सबसे पहले 21 मार्च को ट्रंप ने ईरान को केवल 48 घंटे का समय दिया था। इसके बाद जब 26 मार्च को इस समय-सीमा को 10 दिनों के लिए बढ़ा दिया था। उन्होंने कहा था कि ईरान शांति वार्ता के लिए उत्सुक है और इस दिशा में मध्यस्थों के जरिए हो रही बातचीत सकारात्मक रही है और ऊर्जा संयंत्रों पर संभावित हमले को छह अप्रैल तक टाल दिया था। अब पांच अप्रैल की इस ताजा पोस्ट के जरिये ट्रंप ने फिर ईरान को होर्मुज खोलने की धमकी दी है। दूसरी ओर ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है।

ईरान ने ट्रंप की सहयोगी कैरोलिन लेविट द्वारा एक्स पर गर्व करने वाली पोस्ट का भी जवाब दिया। ईरान के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहाकि तब आप यह सब भी जोड़िए कि मिनाब स्कूल के बच्चों को मारने पर गर्व है। अस्पतालों और विश्वविद्यालयों पर हमला करने पर गर्व है। गाजा में इजरायल के नरसंहार का समर्थन करने पर गर्व है। एपस्टीन मामले पर गर्व है। आगे उसने लिखा कि यूजर्स, कृपया बेझिझक कैरोलिन को बताएं कि और क्या जोड़ना है।

# उत्तर प्रदेश बीजेपी में संगठन विस्तार पर ब्रेक!

## जातीय समीकरण, खींचतान और हाईकमान की रणनीति बनी देरी की वजह

अनिल भारद्वाज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन का पूर्ण गठन लंबे समय से अटका हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक प्रदेश पदाधिकारियों की पूरी टीम घोषित नहीं हो सकी है। ऐसे में पार्टी के अंदर और बाहर दोनों जगह यह सवाल उठ रहा है कि आखिर देरी की असली वजह क्या है।

सूत्रों के मुताबिक संगठन विस्तार में देरी के पीछे सबसे बड़ा कारण जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की चुनौती है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और सामाजिक रूप से विविध राज्य में हर वर्ग, ब्राह्मण, ठाकुर, ओबीसी, दलित और क्षेत्रीय समीकरण को साधना बेहद जरूरी माना जाता है। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि जो भी टीम बने, वह 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह



संतुलित और प्रभावी हो।

दूसरी बड़ी वजह केंद्र नेतृत्व की सक्रिय भूमिका बताई जा रही है। बीजेपी में प्रदेश संगठन का गठन केवल राज्य स्तर का निर्णय नहीं होता, बल्कि इसमें दिल्ली के शीर्ष नेतृत्व की सहमति और रणनीतिक दृष्टि भी शामिल रहती है। यही कारण है कि हर नाम पर गहन मंथन हो रहा है और जल्दबाजी से बचा जा रहा है। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों का प्रभाव भी इस देरी पर पड़ा है। चुनाव के बाद पार्टी ने राज्य में संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा शुरू की है। कई जिलों और क्षेत्रों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं होने के कारण नेतृत्व अब नए चेहरों और रणनीतियों पर विचार कर रहा है। ऐसे में पुराने समीकरणों को बदलने और नए सामाजिक गठजोड़ तैयार करने में समय लग रहा है। सूत्र यह भी बताते हैं कि संगठन में जगह पाने के लिए अंदरूनी खींचतान भी एक अहम कारण है। कई दिग्गज नेता अपने-अपने समर्थकों को पद दिलाने की कोशिश में लगे हैं, जिससे सहमति बनाना मुश्किल हो रहा है। पार्टी हाईकमान चाहता है कि किसी भी गुटबाजी का संदेश बाहर न जाए, इसलिए अंतिम सूची तैयार करने में विशेष सावधानी बरती जा रही है।

वहीं, एक और अहम पहलू है सरकार और संगठन के बीच तालमेल। प्रदेश सरकार और पार्टी संगठन के बीच संतुलन बनाना भी जरूरी है।

# जरूरत पर मकान-दुकान खाली करा सकता है मालिक

विश्ववार्ता ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि मकान मालिक निजी जरूरत के कारण अपना मकान या दुकान खाली कराना चाहता है तो उसकी जरूरत की वास्तविकता या सदाशयता का परीक्षण नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि मकान मालिक को केवल यह साबित करना होगा कि अपने इस्तेमाल के लिए उस जगह की उसे आवश्यकता है, चाहे उसी रूप में या गिराकर। ऐसे में किरायेदार यह नहीं कह सकता कि मकान मालिक के पास वैकल्पिक स्थान है इसलिए वह किरायेदारी समाप्त नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि इसकी जांच नहीं की जा सकती कि जरूरत कितनी अधिक, कितनी जरूरी या कितनी वास्तविक है, किरायेदार को दुकान खाली करना होगा।

इसी के साथ कोर्ट ने याची किरायेदार



» किरायेदारों को लेकर हाईकोर्ट का आदेश

की बेदखली के रेंट कंट्रोल अथारिटी व अधिकरण के आदेश पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि आदेश किराया नियंत्रण कानून 2021के अनुरूप है, इसमें कोई अवैधानिकता नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति वाईके श्रीवास्तव ने कानपुर की एक याचिका को खारिज करते हुए दिया है।

# गुंडों, माफिया को पनपने नहीं देंगे : योगी

## प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन लद गये

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा है कि वे उत्तर प्रदेश की धरती पर गुंडों और माफिया को पनपने नहीं देंगे। गुंडों और माफिया की जहां जगह होगी, वहां उन्हें पहुंचा दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन लद गए हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में व्यापारियों व महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी है। सरकार हर व्यक्ति के जीवन सुगमता और उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

सीएम योगी रविवार शाम घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में बने मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण और विरासत गलियारा



पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। नवनिर्मित पार्किंग कॉम्प्लेक्स की छत पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद आज भी प्रदेश, इसका तंत्र और पुलिस वही है लेकिन आज इसकी पहचान बदल गई है। 2017 के पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। जबकि आज प्रदेश के नौजवान को अन्य जगहों पर सम्मान मिलता है। आज का उत्तर प्रदेश अब उपद्रव नहीं उत्सव प्रदेश बन चुका है। अब यहां अराजकता नहीं है बल्कि यह माफियामुक्त हो चुका है। सुरक्षित माहौल में व्यापारी और बेटियों ने स्वावलंबन की नई ऊंचाई की यात्रा शुरू की है।

लोकार्पण समारोह के दौरान मंच से मुख्यमंत्री कॉम्प्लेक्स में बनी दुकानों के लिए नव आवंटियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम के कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा।

### क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार ने रचा इतिहास

**नयी दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 11वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 1 विकेट लेते ही तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने इतिहास रच दिया है। वे आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ युजवेंद्र चहल ने किया है। भुवनेश्वर कुमार अब इस सूची में शामिल हो गए हैं। उन्होंने सीएसके के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पारी के दूसरे ओवर में आयुष म्हात्रे को अपना शिकार बनाया। उन्होंने सीएसके के इस युवा बल्लेबाज को कप्तान रजत पाटीदार के हाथों कैच आउट कराया। इसी के साथ भुवनेश्वर ने आईपीएल में अपना 200वां विकेट लिया और ऐसा करने वाले वह दूसरे गेंदबाज बन गए। ऑफ स्टंप के बाहर हार्ड लेंथ की गेंद दाएं हाथ के बल्लेबाज पर चढ़ी और म्हात्रे पुल शॉट खेलने की स्थिति में नहीं थे।

# कुशीनगर में आतंकी नेटवर्क, आईएसआईएस से जुड़े तार फिर उजागर

## ठेले की आड़ में आतंक का खेल, आईएसआईएस कनेक्शन वाला रिजवान दबोचा गया

मिथिलेश्वर

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के पडरौना नगर की शांत गलियों में एक बार फिर खौफ का साया गहरा गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में बीती रात दोबारा पडरौना नगर के छावनी राइन मोहल्ले से रिजवान अहमद की गिरफ्तारी ने कुशीनगर जनपद समेत पूरे प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। मामला महज रिजवान की गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि कुशीनगर में पनप रहे आतंकी नेटवर्क के फल-फूल रहे होने की आशंका का है।

निःसंदेह स्पेशल सेल के हत्थे चढ़ा रिजवान कोई नया नाम नहीं है। उसके तार पहले से ही खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2017 में हुए मुंबई ब्लास्ट की जांच के दौरान उसके ठिकाने से विस्फोटक बरामद हुए थे और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का खुलासा हुआ था। छह साल जेल में रहने के बाद बाहर आया यह शख्स अब फिर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चेतावनी है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जिले में आतंकी संगठनों से जुड़े संदिग्धों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बार-बार ऐसे मामलों का सामने आना इस बात का संकेत है कि कहीं न कहीं यह इलाका आतंकी नेटवर्क के लिए सॉफ्ट टारगेट बनता जा रहा है।

जहां तक रिजवान की बात है, वह बाहर से एक सामान्य जिंदगी जीता दिख रहा था। पडरौना में फूड स्टॉल लगाकर



रोजी-रोटी कमाने वाला एक आम युवक। लेकिन एजेंसियों को शक है कि इसी आड़ में वह युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने और संगठन के लिए भर्ती करने का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल व एटीएस के हत्थे चढ़े रिजवान के पास बम बनाने का सामान व कुछ जेहादी साहित्य बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि वह आतंकी वारदातों को अंजाम देने के लिए अपने नेटवर्क से संदिग्धों को जोड़ रहा था। उसने कई महत्वपूर्ण जगहों की रेकी भी की थी। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम के माध्यम से लगातार पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था और उनके निर्देश पर ही अपने मॉड्यूल में नौजवानों को जोड़ने में जुटा था। उसके पास से मिले मोबाइल, लैपटॉप और जिहादी साहित्य अब कई बड़े खुलासों की कुंजी माने जा रहे हैं।

ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाए गए रिजवान से स्पेशल सेल गहन पूछताछ कर रही है। जांच का फोकस उसके नेटवर्क, फंडिंग, संपर्कों और संभावित साजिशों पर है। यह भी खंगाला जा रहा है कि वह अकेला खिलाड़ी था या किसी बड़े मॉड्यूल का हिस्सा।

आईएसआईएस से जुडे संदिग्ध रिजवान अहमद की गिरफ्तारी के बाद कुशीनगर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने निर्देश दिए हैं "जिले में किसी भी संदिग्ध गतिविधि को हल्के में न लिया जाए।" स्थानीय पुलिस रिजवान के संपर्क में रहे हर शख्स की पड़ताल कर रही है। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने आम लोगों के बीच डर और असुरक्षा की भावना बढ़ा दी है। सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या कुशीनगर की जमीन पर आतंकी सोच जड़ें जमा रही है?

फिलहाल, जवाब जांच एजेंसियों के पास है लेकिन इतना तय है कि यह गिरफ्तारी आने वाले दिनों में कई चौंकाने वाले खुलासों का दरवाजा खोल सकती है।

### सुनेत्रा पवार की गुहार काम न आयी

**मुम्बई।** कांग्रेस ने बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए एडवोकेट आकाश विजयराव मोरे को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। आकाश मोरे महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव हैं और उनके पिता विजयराव मोरे महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य रह चुके हैं। इससे पहले, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने रविवार को राज्य कांग्रेस प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल को फोन किया था। सुनेत्रा ने उनसे बारामती विधानसभा क्षेत्र में उनका निर्विरोध उपचुनाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सुनेत्रा पवार बारामती सीट से चुनाव लड़ रही हैं। एक दिन पहले सुनेत्रा पवार ने 23 अप्रैल को होने वाले उपचुनाव में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का समर्थन मांगा था। इस सीट पर चुनाव सुनेत्रा के पति और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जनवरी में विमान दुर्घटना में मृत्यु के कारण हो रहा है।

# यूपी में तैयार हो रही महिला ई रिक्शा पायलटों की फौज

## बालिकाओं-महिलाओं का विद्यालय या कार्यस्थल तक का सफर रहेगा बेहद सुरक्षित

- अयोध्या समेत पांच जिलों में हुई शुरुआत, लखनऊ और प्रयागराज समेत आठ जिलों में भी जल्द मिलेगी सुविधा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम के तहत प्रदेश में महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को विद्यालय, कार्यस्थल और अन्य जरूरी स्थानों तक सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक परिवहन मिल सकेगा।

इस योजना के तहत शुरुआत में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एक हजार ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जाएगा।

योगी सरकार की यह पहल इसलिए भी खास है, क्योंकि इसका सीधा रिश्ता महिला सुरक्षा से जुड़ा है।



ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अब महिला चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा बेहतर समाधान बनकर उभर रही है।

### योजना से जुड़ी महिलाएं तीन लाख रुपए से अधिक कमा रहीं

उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के तकनीकी सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम ने अब तक प्रभावी परिणाम दिए हैं। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है।

वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से जुड़ी महिलाएं अब सिर्फ वाहन ही नहीं चला रहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रहीं हैं। योजना से जुड़ी महिलाओं की औसत वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक पहुंचने की बात इस मॉडल की सफलता को और मजबूत बनाती है।

### गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे


सेफ मोबिलिटी का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी।

# मऊ में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला बड़ा आयाम : एके शर्मा

- एनटीपीसी के सहयोग से 62.10 लाख की लागत से जिला अस्पताल में विकसित होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** केंद्र एवं राज्य सरकार की समन्वित कार्यशैली के कारण ही इस प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। एनटीपीसी की ओर से दिया गया सहयोग सामाजिक दायित्व के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है, जिससे क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलेगी। यह बातें नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ जनपद में जिला अस्पताल मऊ में 62.10 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना अवसर पर कही।



ऊर्जा मंत्री के सतत एवं प्रभावी प्रयासों से जनपद मऊ में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। उनके विशेष प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत सरकार के उपक्रम एनटीपीसी के सहयोग से जिला अस्पताल मऊ में 62.10 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना की जाएगी, जिससे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को नया बल मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत जिला अस्पताल में इको मशीन, सी आर्म मशीन, लेप्रोस्कोपी एवं वेंटिलेटर सहित अन्य आधुनिक चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से मरीजों को अब जटिल ऑपरेशन एवं गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार की सुविधा मिलने से समय और धन दोनों की बचत होगी तथा मरीजों को त्वरित राहत मिल सकेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तथा एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन और सहयोग से ही इस प्रकार के विकास कार्य संभव हो पा रहे हैं, जो सीधे तौर पर जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक हैं।

### मायावती ने मौलाना मुग़ैसी साहब के इंतकाल पर दुख जताया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को मिल्ली कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस्लामी स्कालर हज़रत मौलाना अब्दुल्ला मुग़ैसी साहब का इंतकाल पर अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया के एक्स पर पोस्ट लिखा कि पश्चिम उप्र में मेरठ जिला के अजराड़ा में मदरसा के प्रमुख तथा मिल्ली कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस्लामी स्कालर हज़रत मौलाना अब्दुल्ला मुग़ैसी साहब का इंतकाल हो जाने की खबर अति-दुखद। देश के उलेमाओं में अपना एक खास मुकाम रखने वाले मौलाना मुग़ैसी की वफात से देश में मुस्लिम समाज के साथ-साथ दुनिया भर में उनके जानने वालों में गम का माहौल है। कुदरत उन सबको इस दुख को सहने की ताकत दे।

### विकसित यूपी@2047 के लक्ष्य तय, प्रदेश में पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के दीर्घकालिक विकास का रोडमैप विकसित यूपी@2047 तैयार किया है। इसके तहत पर्यावरणीय संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और संतुलित विकास को केंद्र में रखते हुए कार्ययोजना बनाई गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उप्र को सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना तथा राज्य में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा, पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जनन और जलवायु सहिष्णुता सुनिश्चित करना है। विजन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत प्रदेश की कुल ऊर्जा क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन के हिस्से को वर्ष 2047 तक 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार क्रमिक रूप से स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को बढ़ावा देगी। इस क्रम में अल्पकालिक लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक 29 प्रतिशत, 2035-36 तक 45 प्रतिशत और 2046-47 तक 70 प्रतिशत तक पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रूफटॉप सोलर क्षमता में भी वृद्धि की जा रही है। वहीं, बिजली वितरण में सुधार करते हुए एटी एंड सी लॉस को आठ से 10 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी हुई स्थापित

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि प्राचीन धार्मिक नगरी वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित हो गई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से बाबा विश्वनाथ को विक्रमादित्य वैदिक घड़ी सादर समर्पित की गई है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा, सांस्कृतिक समृद्धि और गौरवशाली इतिहास का जीवंत प्रतीक है। विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि विक्रमादित्य वैदिक घड़ी को काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थान दिये जाने के बाद उसे देखने के लिए लोगों की उत्सुकता भी दिखाई पड़ रही है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में घड़ी देखने पहुंच रहे हैं।

# विवेकाधीन कोष से जरूरतमंदों तक पहुंची 860 करोड़ की आर्थिक सहायता

- प्रदेश के सभी मंडलों और जनपदों में जरूरतमंदों तक सीधे पहुंची आर्थिक मदद,बिना भेदभाव हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर दल के अनुरोधों पर समान संवेदनशीलता से हुई कार्रवाई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में संवेदनशील और जवाबदेह शासन का एक मजबूत उदाहरण सामने आया है, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए एक बड़े सहारे के रूप में स्थापित हुआ है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस कोष के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक लगभग 860 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है, जो विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों के जरिए 50 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची है। यह आंकड़ा न केवल सहायता के व्यापक दायरे को दर्शाता है, बल्कि सरकार के मानवीय पक्ष और उसकी प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। हर वर्ग तक पहुंच, बिना किसी भेदभाव के इस पूरी प्रक्रिया की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि सहायता वितरण में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया। चाहे सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि हों या विपक्ष के,शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हो या आकस्मिक संकट से जूझ रहा परिवार, हर जरूरतमंद तक समान संवेदनशीलता के साथ मदद पहुंचाई गई। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना है। विवेकाधीन कोष के अंतर्गत 50 हजार जैसी छोटी सहायता से लेकर कई मामलों में तीन करोड़ रुपए से अधिक की बड़ी स्वीकृतियां प्रदान की गईं हैं। यह दिखाता है कि सरकार ने हर स्तर की जरूरत को प्राथमिकता दी है, चाहे वह व्यक्तिगत चिकित्सा सहायता हो, आकस्मिक दुर्घटना हो या अन्य आपात स्थिति। विगत वित्तीय वर्ष में अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया और फिरोजाबाद जैसे जनपदों कुछ बड़े केस के कारण सर्वाधिक धनराशि स्वीकृत की गई। वहीं पार्टी की बात करें तो सत्तारूढ़ भाजपा का साथ साथ समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों के जनप्रतिनिधियों ने भी समान रूप से इस योजना के तहत जरूरतमंदों की मदद करने में सरकार का सहयोग किया। इस योजना की विशेषता यह रही कि सहायता वितरण पूरी तरह निष्पक्ष और संवेदनशील तरीके से किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी स्तर पर राजनीतिक भेदभाव की गुंजाइश न रहे। सभी दलों के जनप्रतिनिधियों, चाहे वे सत्तापक्ष से हों या विपक्ष से, उनके अनुरोधों पर समान गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई की गई। विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी इस बात का मजबूत प्रमाण है कि सरकार ने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों को न केवल महत्व दिया, बल्कि उन्हें विश्वास और जिम्मेदारी के साथ जोड़ा। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष एक ऐसी विशेष वित्तीय व्यवस्था है, जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जरूरतमंद व्यक्तियों, संस्थाओं या आपात स्थितियों में त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं।

# भाजपा के राज में बने प्रीपेड पीड़ित : अखिलेश

## सपा प्रमुख ने कहा पहले पैसे लेकर भी नहीं मिल रही उपभोक्ताओं को बिजली

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कहर की वजह से प्रदेश में पीड़ति लोगों की एक नई श्रेणी बन गई है, जिसका नाम प्रीपेड पीड़ति है । प्रीपेड पीड़ति का मतलब ये है कि जो लोग बिजली के प्रीपेड मीटर लगाकर बैठे हैं वो स्मार्ट मीटर की ख़ामियों की वजह से बिजली कट जाने पर अंधेरे और गर्मी का संकट झेलने को मजबूर हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जब बिजली खाते में बिजली के इस्तेमाल करने से पहले ही पैसा जमा हो जाता है तो फिर सरकार और कंपनी जनता को क्यों परेशान कर रही है। बिजली कंपनियों को तो पैसा पहले ही मिल जाता है, फिर उन्हें आम जनता की चिंता करने की क्या पड़ी है। बेचारी जनता दर-दर भटकने पर मजबूर है लेकिन सरकार और कंपनियां के सामने कोई सुनवाई नहीं है क्योंकि वो पहले से ही मिलीभगत करके पैसे कमा के बैठी हैं। श्री यादव ने कहा कि सच तो ये है कि भाजपा राज में अब जनता उपभोक्ता नहीं रह गई है, उपभुगता हो गई है क्योंकि वो हेराफेरी से बनी भाजपा सरकार के दुष्परिणामों को भुगतने पर मजबूर है।

इसी कारण पीडीए की संख्या भी लगातार बढ़ रही है क्योंकि हम हमेशा कहते हैं और आज भी कह रहे हैं जो पीड़ति, वो पीडीए। श्री यादव ने कहा कि अब पीडीए में जुड़े ये नये प्रीपेड पीड़ति कह रहे हैं कि चिंता न करें, बुरे दिन जानेवाले हैं। पीड़ति सरकार आएगी, सबको बिजली दिलवाएगी।

### बिना जनगणना महिला आरक्षण की बात बेमानी : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि गिनती ही गलत होगी तो आरक्षण कैसे सही होगा। अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का एक तिहाई है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं और इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है। जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी। श्री यादव ने कहा कि इसीलिए हमारी सबसे बड़ी आपत्ति यही है कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। जो सरकार महिलाओं को गिनना नहीं चाहती है, वो भला उन्हें आरक्षण क्या देगी। महिलाओं के साथ भाजपा और उनके संगी-साथी जो धोखा करना चाहते हैं, महिलाओं के साथ वो छलावा हम नहीं होने देंगे।श्री यादव ने कहा कि कुल मिलाकर सरकार से हमारा ये कहना है कि जब तक जनगणना नहीं, तब तक महिला आरक्षण पर बहस करना नहीं।

### आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनीं गीता देवी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार से संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक के लुहारा गांव की रहने वाली गीता देवी ने आर्थिक तंगी से बाहर निकलकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। एक समय सीमित आय और आर्थिक तंगी जैसी कठिन परिस्थितियों से जूझ रही गीता देवी आज न केवल अपने परिवार को सशक्त बना चुकी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर उन्होंने अपने जीवन की दिशा बदली और आज पूरे गांव में एक आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सशक्त महिला के रूप में पहचानी जाती हैं।



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अक्षय सिंह का नाम आधार कार्ड में ग़लत हो गया है गलती से यूराज सिंह लिख गया है परिवार रजिस्टर और जन्म प्रमाण पत्र में अक्षय सिंह का सही नाम अक्षय सिंह पुत्र राजमणि सिंह ग्राम- कडसरी गौतम, पोस्ट - निरंजनपुर, थाना - लालगंज जनपद- बस्ती ही लिखा हुआ है। अतः अक्षय सिंह को अक्षय सिंह के नाम से ही जाना और पहचाना जाये।

**- अक्षय सिंह**
**पुत्र राजमणि सिंह**
**ग्राम - कडसरी गौतम पोस्ट - निरंजनपुर थाना - लालगंज**
**जनपद- बस्ती**

### कार्यालय ग्राम पंचायत-कठिंगरा
### विकास खंड-काकोरी- जिला-लखनऊ

पत्रांक : मेमो/ग्रा०पं०/सूचना/2026-27 दिनांक 05/04/2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कठिंगरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/SLWM/SBM/अन्य निधियो से प्राप्त धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, मौरंग, पत्थर गिट्टी, स्ट्रीट लाईट, बालू, ईंट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, सीमेंट, पटिया, टीन शेड, ऐजबेस्टेस सीट, शौचायल निर्माण सामग्री, PVC पाईप, बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट, GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर वोर, पेन्टिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला-गाड़ी, सफाईकर्मी किट, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल, पाईप), बिजली वायरिंग सामग्री, समरसिवल पंप, सोलर पंप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, वाटर कूलर, RO, पेय जल, आपूर्ति, अन्य सामग्री। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक-06/04/2026 से 20/04/2026 तक ग्राम पंचायत कठिंगरा कार्यालय पर 10.00 बजे से 02.00 बजे तक जमा कर सकते है। जिसे दिनांकः 20/04/2026 को 3:00 PM बजे निविदादाताओ जो उपस्थित रहना चाहते हैं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा खोली जायेगा।

**नियम व शर्ते -**

1-निविदा की सभी दरें कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2-जमानत धनराशी और अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।
3- खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी।
4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं की जायेगी।
5- बिना कारण बताये किसी भी समय निविदां निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**श्रीमती विद्या**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत - कठिंगरा
विकास खंड-काकोरी
जिला-लखनऊ

**ओम वीर सिंह**
सचिव/ग्राम विकास
अधिकारी/ग्राम प० सचिव ग्राम
पंचायत- कठिंगरा
विकास खंड- काकोरी जिला-लखनऊ


# सरकार में महापुरुषों के सम्मान और विचारों को सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव मौर्य

- गाजियाबाद में महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ का भव्य आयोजन, हजारों की भागीदारी से उमड़ा जनसैलाब, उपमुख्यमंत्रियों ने सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गाजियाबाद / लखनऊ।** गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में रविवार को महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में भव्य महाकुंभ का आयोजन किया गया। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के आमंत्रण पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी और कार्यक्रम को संबोधित किया। कश्यप, निषाद समाज सहित दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड से आए हजारों लोगों की सहभागिता से पूरा परिसर जनसैलाब में परिवर्तित हो गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार ने हर महापुरुष के सम्मान और उनके विचारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे भव्य आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का कार्य करते हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज जिस स्तर पर महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ आयोजित हो रहा है, वह पहले संभव नहीं था। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मोबाइल फोन के जरिए जनसभा को संबोधित करते हुए महर्षि कश्यप के योगदान को नमन किया और कहा कि उनके आदर्श युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने आयोजन की भव्यता के लिए मंत्री नरेंद्र कश्यप को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आयोजन वर्षों पूर्व एक छोटे स्तर से प्रारंभ हुआ था, जो आज महाकुंभ का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। उन्होंने बताया कि महर्षि कश्यप के नाम पर प्रदेश एवं केंद्र स्तर पर विभिन्न योजनाएं संचालित किए जाने हेतु प्रस्ताव रखा जाएगा, जिससे समाज के व्यापक हितों को सुनिश्चित किया जा सके। आयोजन के दौरान दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरण एवं अन्य योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। साथ ही दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। महाकुंभ में उपस्थित जनसमूह ने महर्षि कश्यप के आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक समरसता एवं एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी : केशव मौर्य



**गाजियाबाद।** सपा सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न पिछड़े और दलितों का ही हुआ है। महर्षि कश्यप जयंती पर गाजियाबाद के रामलीला मैदान में पहुंचे यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सपा और अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे। अब प्रदेश को दंगा मुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ दुष्प्रचार से प्रभावित होकर सपा और कांग्रेस को ज्यादा वोट मिले तो उन्होंने आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी नौटंकी करती रहती है, हाल ही में अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर अयोध्या में स्थापित रामलला की मूर्ति जैसी मूर्ति की फोटो शेयर की, जिसे सैफई में लगाने की बात कही गई। लेकिन मैं अखिलेश यादव को कहना चाहता हूं कि सैफई में रामलला की मूर्ति लगाने से अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को माफी नहीं मिलेगी। रामभक्त कभी भी उनको माफ नहीं करेंगे।उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को प्रदेश के मतदाता सैफई पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल पर भी जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कश्यप और निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की।



### कार्यालय ग्राम पंचायत-सैफलपुर
### विकास खंड-काकोरी- जिला-लखनऊ

पत्रांक : मेमो/ग्रा०पं०/सूचना/2026-27 दिनांक 05/04/2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैफलपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/SLWM/SBM/अन्य निधियो से प्राप्त धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, मौरंग, पत्थर गिट्टी, स्ट्रीट लाईट, बालू, ईंट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, सीमेंट, पटिया, टीन शेड, ऐजबेस्टेस सीट, शौचायल निर्माण सामग्री, PVC पाईप, बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट, GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर वोर, पेन्टिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला-गाड़ी, सफाईकर्मी किट, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल, पाईप), बिजली वायरिंग सामग्री, समरसिवल पंप, सोलर पंप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, वाटर कूलर, RO, पेय जल, आपूर्ति, अन्य सामग्री। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक-06/04/2026 से 20/04/2026 तक ग्राम पंचायत सैफलपुर कार्यालय पर 10.00 बजे से 02.00 बजे तक जमा कर सकते है। जिसे दिनांकः 20/04/2026 को 3:00 PM बजे निविदादाताओ जो उपस्थित रहना चाहते हैं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा खोली जायेगा।

**नियम व शर्ते -**

1-निविदा की सभी दरें कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2-जमानत धनराशी और अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।
3- खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी।
4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं की जायेगी।
5- बिना कारण बताये किसी भी समय निविदां निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**राजेन्द्र प्रसाद**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत - सैफलपुर
विकास खंड-काकोरी
जिला-लखनऊ

**सुनील कुमार मौर्य**
सचिव/ग्राम विकास
अधिकारी/ग्राम प० सचिव ग्राम
पंचायत- सैफलपुर
विकास खंड- काकोरी जिला-लखनऊ

### कार्यालय ग्राम पंचायत-गोशालालपुर
### विकास खंड-काकोरी- जिला-लखनऊ

पत्रांक : मेमो/ग्रा०पं०/सूचना/2026-27 दिनांक 05/04/2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोशालालपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/SLWM/SBM/अन्य निधियो से प्राप्त धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, मौरंग, पत्थर गिट्टी, स्ट्रीट लाईट, बालू, ईंट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, सीमेंट, पटिया, टीन शेड, ऐजबेस्टेस सीट, शौचायल निर्माण सामग्री, PVC पाईप, बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट, GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर वोर, पेन्टिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला-गाड़ी, सफाईकर्मी किट, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल, पाईप), बिजली वायरिंग सामग्री, समरसिवल पंप, सोलर पंप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, वाटर कूलर, RO, पेय जल, आपूर्ति, अन्य सामग्री। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक-06/04/2026 से 20/04/2026 तक ग्राम पंचायत गोशालालपुर कार्यालय पर 10.00 बजे से 02.00 बजे तक जमा कर सकते है। जिसे दिनांकः 20/04/2026 को 3:00 PM बजे निविदादाताओ जो उपस्थित रहना चाहते हैं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा खोली जायेगा।

**नियम व शर्ते -**

1-निविदा की सभी दरें कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2-जमानत धनराशी और अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।
3- खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी।
4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं की जायेगी।
5- बिना कारण बताये किसी भी समय निविदां निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**पुतान सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत - गोशालालपुर
विकास खंड-काकोरी
जिला-लखनऊ

**सुनील कुमार मौर्य**
सचिव/ग्राम विकास
अधिकारी/ग्राम प० सचिव ग्राम
पंचायत- गोशालालपुर
विकास खंड- काकोरी जिला-लखनऊ

## एक नजर

### भगवान परशुराम सेवा संस्थान की महिला मंडल की बैठक संपन्न



**झांसी।** महानगर में भगवान परशुराम सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने जा रही परशुराम भगवान की भव्य शोभायात्रा को लेकर संस्थान की ब्राह्मण महिला मंडल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। पुष्प विवाह वाटिका में वरिष्ठ समाज सेविका पूनम शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें कुछ आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि 10 महिलाएं यात्रा प्रमुख होगी और इस भव्य शोभा यात्रा में अधिक से अधिक ब्राह्मण महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने पर बल दिया गया, इसके साथ ही समाज के प्रति महिलाओं का दायित्व आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी महिलाओं ने शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए आश्वासन दिया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सोनिया पाण्डे,सुशील दुबे, रेखा उपाध्याय ,दीपशिखा शर्मा, उर्मिला पटेरिया, निर्मला पांडे, राजेश्वरी तिवारी, रितिका तिवारी, इंदिरा चतुर्वेदी एवं शोभायात्रा के विशेष सहयोगी के रूप में निवेदक मंडल के पंडित अंचल अरजरिया, रविकांत मिश्रा, केशव पटेरिया, के के दुबे, वीरेंद्र पटेरिया, लखन पुरोहित, आलोक चतुर्वेदी, अखिलेश शर्मा, दीपक व्यास, सुशील भार्गव पंकज शुक्ला आदि विप्र जन उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का संयुक्त संचालन नीता अवस्थी एवं शोभा यात्रा की मीडिया प्रभारी डॉ. प्रगति शर्मा बया द्वारा किया गया।

### पति ने फोन तोड़ा तो पत्नी ने जहर खाकर जान दी

**बांदा।** पति के फोन तोड़ने से नाराज पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली। मृतका के ताऊ ने ससुरालीजनो पर जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के बरूआ कालिंजर निवासी रैना देवी (23) पत्नी बुद्धविलास ने शनिवार की रात सल्फास की गोलियां खा लीं। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। सीएचसी से उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चचिया ससुर लालाराम ने बताया कि शनिवार को शाम विवाद होने पर पति ने उसका फोन तोड़ दिया। नाराज होकर रैना ने सल्फास खाकर खुदकुशी कर ली। उधर मृतका के ताऊ महिपाल ने बताया कि रैना की शादी चार साल पहले हुई थी। रैना बांदा स्थित स्वयं सहायता समूह में सिलाई का काम करती थी। आरोप है कि ससुरालीजनों ने जहर खिलाकर मार डाला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी की शादी में मददगार बनेगी रोटी बैंक सोसाइटी



बांदा। रोटी बैंक सोसाइटी की बैठक में संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई। 19 अप्रैल को गरीब बेटी की शादी करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। सभी सदस्यों ने हर संभव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। रोटी बैंक सोसाइटी के सह संरक्षक चंद्रमौलि भारद्वाज ने कहा कि गरीब लड़की की शादी में जहां भी जैसा भी सहयोग की जरूरत होगी वह करने के लिए तैयार है। संगठन के वरिष्ठ प्रवक्ता संजय ककोनिया ने कार्यक्रम संचालन करते हुए हर संभव सहयोग का वादा किया। रोटी बैंक के अध्यक्ष रिजवान अली ने बैठक में मौजूद सभी सदस्यों व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक सोसाइटी संरक्षक शेख शादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज, मोइनुद्दीन फारूकी, इरफान खान, अब्दुल मुजीब, रीना कन्नौजिया, रेणुका गुप्ता, प्रीति शिवहरे, इरफान खान, मोहम्मद हामिद, मोहम्मद सईद, अलीमुद्दीन, रईस खान, नग्गो खातून, नेहा खातून, राबिया खान, शहाना खान, नसीर खान, फरजाना बेगम, मुमताज बेगम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मोहम्मद सलीम और संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने की।

### मेधावी प्रतियोगिता के टॉपर्स किए गए सम्मानित

**बांदा।** सेवक फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित मेधावी प्रतियोगिता-3 के परिणाम घोषित कर दिए गए। आकाश यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्हें पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। दूसरा स्थान हासिल करने वाले अभिषेक मिश्रा को तीन हजार व तृतीय स्थान पर रहे प्रांजल को दो हजार रुपये दिए गए। चौथे व पांचवें स्थान तक के प्रतिभागियों को एक हजार प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। फाउंडेशन निदेशक आशीष शुक्ला ने बताया संस्था लगातार छात्रों के लिए बेहतर से बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

# 1.38 हजार रुपए में बहन का सौदा करने वाले भाई को पुलिस ने दबोचा

- हरियाणा में बेंचकर बहन की कराई थी दूसरी शादी
- दो आरोपियों को पहले ही पुलिस भेज चुकी है जेल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** रिश्तों को तार तार करने वाला मामला सामने आया है। सगे भाई ने अपनी ही सगी बहन का 1.38 लाख रुपये में सौदा मां के साथ मिलकर कर डाला। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पूरा मामला मानव तस्करी से जुड़ा हुआ है। भाई ने अपनी ही बहन को 1.38 लाख रुपए में बेचकर उसकी जबरन शादी करा दी थी। यह कार्रवाई एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की जांच के बाद की गई। चित्रकूट निवासी पीड़िता ने 22 नवंबर 2025 को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बांदा में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 20 नवंबर को उसकी मां और भाई उसे बहाने से बांदा लाए और हरियाणा के एक व्यक्ति को 1.38 लाख रुपये में बेच दिया। इसके बाद उसकी जबरन शादी करा दी गई। जबकि वह पहले से शादीशुदा थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एएचटीयू बांदा ने तत्काल संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़िता द्वारा दिए गए बयान, सबूत और तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बहन का सौदा करने वाले आरोपी भाई मानिकपुर (चित्रकूट) थाना क्षेत्र के डांड़ी चमरौडी निवासी जगनारायण उर्फ जयनारायण पुत्र मुन्नीलाल को शहर कोतवाली क्षेत्र के कालू कुआं रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में हरियाणा के पलवल निवासी कृष्ण कुमार और बलराम को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपी को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, कांस्टेबल प्रशांत यादव और महिला कांस्टेबल पूर्णिमा सेंगर शामिल रहे।

## गौवंश को राष्ट्रमाता घोषित करने को विहिम बुलंद करेगी आवाज

- विहिंम गौरक्षा समिति 27 को जिला व तहसीलों में करेगी प्रदर्शन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक लोहिया पुल के पास एक मैरिज हाल में आयोजित की गई, जिसमें आगामी 27 अप्रैल को गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर जिला व तहसील स्तर पर पीएम को संबोधित ज्ञापन देने का सर्व सम्मत से निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि वर्तमान में गौ रक्षा समिति लगातार गौवंशों के हित के लिए कार्य कर रही है और समिति गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए अपनी आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने चिंता जताई कि वर्तमान में गौवंशों की स्थिति दयनीय बनी हुई है, जिसमें सुधार होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए तहसील स्तर पर रैली आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला मंत्री सुतकीर्ति गुप्ता, जिला मंत्री अनीता गुप्ता, आरती वाल्मीकि, दीपक शुक्ला, सुरेश कान्हा, आलोक कुमार निगम, राजेंद्र कुमार मिश्रा, रविंद्र सिंह, संजय काकोनिया, राधेश्याम गुप्ता, प्रेम गुप्ता, नवीन प्रकाश गुप्ता, शिवाजी गुप्ता, मोंटू गुप्ता, महेश प्रसाद गुप्ता, राहुल सिंह, दिलीप कुमार रावत, शत्रुघ्न सिंह सहित अनेक पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने 270 वाहनों के काटे चालान, 2 .70 लाख जुर्माना वसूला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** यातायात पुलिस ने शहर के व्यस्तम बाबूलाल चौराहा में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान चारपहिया वाहनों में लगी काली फिल्म को हटवाई। दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस व तीन सवारी बैठाकर वाहनों का प्रयोग करने वालो पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 270 वाहनों का चालान काटते हुए लगभग 2.70 लाख रुपए का जुर्माना वसूला।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के दिशा निर्देशन पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को शहर के प्रमुख बाबूलाल चौराहे पर रविवार को चारपहिया व दोपहिया वाहनों की चेकिंग का सघन अभियान चलाया गया। चार पहिया वाहनों में अवैध रुप से लगी काली फिल्मों को हटवाया। वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। भविष्य में किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों पर मनमाने ढंग से काली फिल्म का प्रयोग न करने की कड़ी चेतावनी भी दी गई। यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट, सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न ले जाने को लेकर सख्त चेतावनी दी गई। इसके साथ ही लोंगों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें, जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। अभियान के दौरान कुल 270 वाहनो से करीब 2 लाख 70 हजार का चालान करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई।

## समता मूलक समाज के सच्चे पक्षधर व प्रणेता थे बाबू जगजीवन राम

- उनके पदचिन्हों पर चलने का कांग्रेसियों ने लिया संकल्प
- कांग्रेसियों ने जयंती पर पूर्व उप प्रधानमंत्री को याद कर दी श्रद्धांजलि




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। विचार गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए पूर्व उप प्रधानमंत्री को समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बताया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान की अगुवाई में पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेसजनों ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबू जगजीवन राम बिहार के भोजपुर में जन्मे और बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। 1946 में सबसे कम उम्र में पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल में श्रम मंत्री के रूप में काम करने का गौरव प्राप्त हुआ।

1952 से लेकर 1984 तक सामान्य सीट से आठ बार लोकसभा सांसद चुने गए। रेल मंत्री, कृषि मंत्री, रक्षा मंत्री और उप प्रधानमंत्री के पद पर रहकर सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर अनेक ऐसे कार्य किए गए, जनमानस आज भी उनको याद करता है। उनका जीवन हर नागरिक के लिए एक संदेश है। दलितों, किसानों और अल्पसंख्यकों के लिए उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेसी शिवबली सिंह ने कहा कि बाबू जगजीवन राम समता मूलक समाज की सोच रखते थे। 1971 भारत-पाक युद्ध, सैन्य शक्ति के साथ पाकिस्तान से बंगलादेश को अलग करने का कौशल दिखाया और बंगलादेश की भरपूर मदद की।

इस मौके पर सत्यप्रकाश द्विवेदी, बी.लाल भाई, संतोष द्विवेदी, केपी सेन, रफत खान गोगा, धीरेंद्र पांडेय धीरू, सैय्यद वारिस अली, अली बक्श, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी, वीरेंद्र धुरिया, साद खान, सेवालाल वर्मा, गोविंद नारायण, आदित्य द्विवेदी समेत तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## मोहल्ले वालों ने विवादित सभासद पति के विरुद्ध खोला मोर्चा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जालौन।** नगर के वार्ड नंबर नौ, मोहल्ला शाहगंज में 'काले बाबा की मजार' के पास पानी का फ्रीजर लगाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा बिना स्थान का सही चयन किए आम रास्ते पर फ्रीजर लगाया जा रहा है, जिससे भविष्य में आवागमन बाधित होगा। इस संबंध में वार्ड सभासद के साथ भारी संख्या में नागरिकों ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपकर इसे हटाने की मांग की है।

वार्ड नौ की सभासद रीना देवी, जाकिर सिद्दीकी, सलमान, सोहिल जुनेदी, मकबूल, शकील, करीम, आदिल और अमीर आदि ने एसडीएम को बताया कि मोहल्ला शाहगंज स्थित मजार के पास का मैदान सार्वजनिक कार्यक्रमों और उर्स के लिए उपयोग किया जाता है। यहाँ लोगों का निरंतर आवागमन रहता है। यदि आम रास्ते पर ही फ्रीजर लगा दिया गया, तो यहाँ से गुजरने वाले राहगीरों को भारी किल्लत का सामना करना पड़ेगा। नागरिकों ने मांग की है कि इस फ्रीजर को किसी ऐसे सार्वजनिक स्थान पर लगाया जाए जहाँ यह सुरक्षित रहे और किसी के लिए बाधा न बने।

मोहल्ले में इस बात को लेकर भी चर्चा और रोष है कि पिछले दिनों मारपीट के मामले में सुर्खियों में आए एक विवादित सभासद पति ने मजार की भूमि पर फ्रीजर लगवाने को लेकर जानबूझकर नया विवाद उत्पन्न किया है। स्थानीय जनता का कहना है कि प्रशासन को ऐसे विवादित हस्तक्षेपों पर रोक लगानी चाहिए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम हेमंत पटेल ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को निर्देशित किया है कि वे मौके की जांच करें और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का तुरंत निस्तारण करें।

## पदक विजेता संग माता-पिता का क्षेत्रीय विधायक ने किया सम्मान

- उज्ज्वल भविष्य के साथ माता-पिता को दीं शुभकामनाएं



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नरैनी।** सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता, संघर्ष ही सफलता का मूल मंत्र है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है कस्वा निवासी नौ वर्षीय सार्वी ने। अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर बालिका ने गोवा गोवा स्केटिंग फेस्टिवल 2026 मिशन ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुएं कांस्य और रजत पदक जीता। क्षेत्रीय विधायक ने बालिका को सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए माता-पिता को शुभकानाएं दीं।

तहसील क्षेत्र के तरखरी गांव निवासी विकास पांडेय की नौ वर्षीय पुत्री सार्वी ने हाल ही में गोवा स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में शामिल होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने का काम किया। मात्र 9 वर्ष की आयु में बालिका ने गोवा स्केटिंग फेस्टिवल 2026 मिशन ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य और रजत पदक जीता। क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने रविवार को अपने आवास में बालिका और माता-पिता को सम्मानित किया। कहा कि इतनी छोटी उम्र में यह उपलब्धि प्राप्त करना बहुत गर्व की बात है। सार्वी की मेहनत, लगन और उनके माता-पिता के सहयोग से आज यह सफलता मिली है।

## शराब न पिलाने पर युवक पर चाकू से हमला

**बांदा।** शराब न पिलाने को लेकर दो युवकों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चिल्ला थाना क्षेत्र के गुगौली गांव निवासी सदाशिव (23) पुत्र दरवारी शनिवार की शाम घर के बाहर बैठा था।

इसी बीच पड़ोसी दोस्त आया और उससे शराब पिलाने की बात कहने लगा। इसी पर सदाशिव ने मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनो में हाथापाई हो गई। पड़ोसी ने सदाशिव के चेहरे पर ताबड़तोड चाकू से कई वार कर दिए। वह घायल हो गया। आरोपी मौके से फरार हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बलिनी की महिला डेयरी किसानों ने फूंका एनडीडीबी डेयरी सर्विस के चयरमैन को पुतला



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**झांसी।** जनपद में रक्सा क्षेत्र के रामगढ़ गांव में आज बड़ी संख्या में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और एनडीडीबी डेयरी सर्विस के अध्यक्ष मीनेश शाह का पुतला फूंका।

बुंदेलखंड में स्वयं सहायता समूह की महिला डेयरी किसानों के स्वामित्व वाली बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ी 56 गांव की सैकड़ो महिलाओं ने काली पट्टी बांधकर इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।उन्होंने आरोप लगाया कि जिस संस्था को एनडीडीबी डेयरी सर्विस ने टेक्निकल सहयोग फीस लेकर बनाया आज उसी को ना केवल अपने स्वार्थ की सिद्धि के लिए कुचलने का प्रयास किया जा रहा है।

चेयरमैन आरती राजपूत के साथ अन्य महिला डेयरी किसानों ने बताया कि बुन्देलखण्ड में स्वयं सहायता समूह की महिला डेयरी किसानों के स्वामित्व वाली बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन कंपनी अधिनियम 2013 के तहत 24 जनवरी 2019 को उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड में डेयरी मूल्य श्रृंखला के विकास, महिला दूध उत्पादक किसानों के हितों की रक्षा एवं उनकी आजीविका संवर्धन के निमित्त झाँसी में मुख्यालय स्थापित किया गया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की और कहा कि बलिनी से 96000 दीदियां जुड़ी है। कंपनी को दूध बेचकर प्राप्त धनराशि सीधा उनके खाते में आती है और बड़ी संख्या में बुंदेलखंड में महिलाओं को बलिनी के माध्यम से रोजगार मिला हुआ है।

बलिनी के सीईओ ओपी सिंह ने बताया से लगभग 25000 महिलाएं दुग्ध व्यवसाय से जुड़कर भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना लखपति दीदी की श्रेणी में भी आ चुकी है। एनडीडीबी डेयरी सर्विस द्वारा बनाई गई राजस्थान की पायस कंपनी अब बुंदेलखंड क्षेत्र में आ रही है और वह जबरन बलिनी समूह से जुड़े किसानों को गुमराह कर रहे हैं बलिनी के प्रति अविश्वास पैदा कर रहे हैं और बलिनी को कमजोर करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ऐसा करके वह परस्पर सहयोग के सिद्धांतों का उल्लंघन कर रही है। ऐसी गतिविधियां किसानों के आर्थिक हितों के विपरीत हैं बल्कि ऐसे प्रयासों से उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी डेयरी योजना को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

महिलाओं का कहना था कि यह उनकी आय पर और उनकी आर्थिक सक्षमता पर सीधा-सीधा प्रहार है जिसका वह सभी पुरजोर विरोध करती हैं और इसी को लेकर उन्होंने आज एचडीडीबी डेयरी सर्विस के अध्यक्ष मीनेश शाह का पुतला फूंका है।

## अवैध शराब के साथ ग्राम प्रधान का पुत्र गिरफ्तार

**नरैनी।** गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर पुलिस चौकी ने गश्त के दौरान 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। चौकी इंचार्ज के मुताबिक शराब के साथ पकड़ा गया व्यक्ति स्योढ़ा ग्राम प्रधान का पुत्र है। अकबरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव मिश्रा ने बताया कि हमराहियों के साथ गश्त के दौरान स्योढ़ा बाईपास के पास संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर कंधे में बोरी लेकर भागने लगा। हमराहियों ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध इसहाक खां पुत्र अयूब खां को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बोरी के अंदर 45 क्वार्टर देशी शराब के बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया। बताया कि पकड़ा गया आरोपी स्योढ़ा गांव के ग्राम प्रधान का पुत्र है।

## तारों से चिंगारी निकलने से गेहूं के खेत में लगी आग



- हथना बुजुर्ग में 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जालौन।** थाना सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम हथना बुजुर्ग में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। खेतों के ऊपर से गुजर रही जर्जर बिजली लाइन से निकली चिंगारी के कारण गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते करीब 10 बीघा फसल जलकर राख हो गई।

हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते करीब 10 बीघा फसल जलकर राख हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खेतों से आग की लपटें उठती देख आसपास के किसानों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल बाल्टियों, पाइप और ट्रैक्टरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

इस आगजनी की घटना में किसान मनोज पाठक (पुत्र बृजनंदन), राजू पाठक (पुत्र बृजनंदन) और दीपक पाठक (पुत्र रामसेवक) की लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों को इस हादसे में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।

घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर बिजली तारों की शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तारों को बदल दिया जाता था तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता

सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने की बात कही। पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा दिलाने और क्षेत्र की जर्जर बिजली लाइनों को बदलवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**निर्देश** | ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए राहत की बड़ी पहल

# 72 घंटे में सूचना दर्ज करने पर मिलेगा मुआवजा : जिलाधिकारी





**सुरेन्द्र राजावत**

**उरई।** जनपद में हाल ही में हुई अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मद्देनज़र उप कृषि निदेशक सुशील कुमार उत्तम ने किसानों के हित में अहम निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसलें बीमित हैं, वे अपनी फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 14447 पर अवश्य दर्ज कराएं, जिससे समयबद्ध सर्वे एवं पारदर्शी आकलन के बाद उन्हें शीघ्र मुआवजा दिलाया जा सके। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सूचना दर्ज करते समय किसान अपना आधार नंबर या बीमा पॉलिसी नंबर अवश्य साथ रखें, जिससे क्षति का सही विवरण दर्ज किया जा सके और दावा प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। सूचना प्राप्त होने के बाद संबंधित एजेंसियों द्वारा मौके पर सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाएगा और पात्र किसानों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी विकासखंडों में बीमा कंपनी के प्रतिनिधि तैनात हैं, जिनसे संपर्क कर किसान सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उनका विवरण निम्नानुसार है—

जिला स्तर पर पवन सिंह (जिला प्रबंधक) – मो. 8976965889, डकोर विकासखंड हेतु शआशुतोष मिश्रा (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर)– मो. 8707081757, जालौन एवं कुठौंद विकासखंड हेतु श्री नारायण पाल (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर)– मो. 9301264553, कोंच एवं नदीगांव विकासखंड हेतु वीरपाल (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) – मो. 6394334866, महेवा एवं कदौरा विकासखंड हेतु श्री लव कुमार (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) – मो. 8317071855, माधौगढ़ एवं रामपुरा विकासखंड हेतु विजय त्रिवेदी (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर)– मो. 9984770747। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर राजस्व एवं कृषि विभाग तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीमें गठित कर गांव-गांव सर्वे कराया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रभावित किसान को राहत से वंचित न रहना पड़े।उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और समय से अपनी सूचना दर्ज कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

## मऊरानीपुर केंद्रीय विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र का भव्य शुभारंभ



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**झांसी।** जनपद के मऊरानीपुर स्थित श्री अग्रसेन महाविद्यालय में केंद्रीय विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। वर्तमान में विद्यालय का संचालन अस्थाई रूप से श्री अग्रसेन महाविद्यालय के परिसर में सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया है, ताकि क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई में विलंब न हो।

झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने इसके लिए विशेष रूप से प्रयास किया। संसद की मौजूदगी में महाविद्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह के दौरान पूजा-पाठ और विधि-विधान के साथ केंद्रीय विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र का विधिवत शुभारंभ किया।

इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए क्षेत्रीय विधायक रश्मि आर्या, झांसी जिला पंचायत के अध्यक्ष पवन गौतम सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, भारी संख्या में अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

सत्र का शुभारंभ करते हुए सांसद अनुराग शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उनके और उनके परिवार का हमेशा से यह संकल्प रहा है कि बुंदेलखंड का कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। मऊरानीपुर के परिजनों से जो वादा उन्होंने किया था, आज उसे पूरा करते हुए उन्हें अत्यंत आत्मिक प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने इस विशेष उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में एक ऐसा गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण तैयार होगा।

## एक नजर

### परिवार परामर्श केन्द्र में 1 जोड़ा एक साथ रहने को हुआ राजी



**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले परिवार परामर्श केंद्र में पति पत्नी के बीच घरेलू आपसी विवाद को दोनों पक्षों के समझा बूझाकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। आपसी गलतफहमी विवाद की वजह से पति और पत्नी के बीच कमजोर हुई रिश्ते की डोर को परिवार परामर्श केंद्र मजबूती प्रदान कर रहा है। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में परामर्शदाताओं द्वारा बिछडे जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 1 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य यशोदानंदन त्रिपाठी, शशि कुमार भारती, गंगाधर शुक्ल, राम मंगल कन्नौजिया, अनीता यादव प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, उपनिरीक्षक बृजेश कुमार चौबे, सुभाष सिंह चौहान, शाहिना बानो,नितांशी शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों को दी गई विभिन्न झंडों की जानकारी

**नोएडा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे रोवर रेंजर शिविर का रविवार को चतुर्थ दिवस रहा। डीओसी गाइड शेफाली का रोवर प्रभारी पारुल ए कौशिक के साथ ध्वज शिष्टाचार का कार्यक्रम किया। प्रथम सत्र में विभिन्न प्रकार के झंडों की जानकारी दी गई और तंबू बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं दूसरे सत्र में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे छात्र छात्राओं ने पुराने व कबाड़ उपयोगी व आकर्षक सामग्री का निर्माण कर प्रस्तुत की। इनका मूल्यांकन प्रो. मंजू शुक्ला व डॉ. कविता सिंह ने किया। इसके बाद नोएडा सिटी सेंटर के मेट्रो स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। प्राचार्य प्रो. अनीता मिश्रा ने कहा, यह कैंप छात्र- छात्राओं में जागरूकता व सामुदायिक विकास कार्यों के प्रशिक्षण के साथ साथ अनवरत विकास को भी इंगित करता है।

### स्टेशनरी मेले का हुआ आयोजन

**दादरी।** उम्मीद संस्था की ओर से महर्षि कश्यप जयंती पर दुजाना गांव में स्टेशनरी मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर व प्रधान कपिल कुमार ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों और उनके अभिभावकों को सस्ती एवं उपयोगी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है। मेले में करीब 400 अभिभावकों ने भाग लेकर मेले का लाभ उठाया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर ब्रह्म सिंह नागर ने की, जबकि मंच संचालन जागेश कुमार ने किया, साथ ही ज्योति तोमर, अरुणा नागर, देशराज प्रधान व कपिल प्रधान, राजकुमार सिंह आदि उपस्थित रहें।

### पहले ही दिन लड़खड़ाया स्कूल चलो अभियान

**ग्रेटर नोएडा।** स्कूल चलो अभियान जिले में पहले दिन ही लड़खड़ा गया। प्रदेश सरकार ने शनिवार को वाराणसी से हरी झंडी दिखाकर राज्य में इस अभियान की शुरुआत की। जिलास्तरीय कार्यक्रम विकास भवन में हुआ। इसके साथ ही सभी स्कूलों में लाइव स्ट्रीमिंग से मुख्यमंत्री का संदेश सुना जाना था लेकिन टीईटी के अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली के रामलीला में आयोजित रैली में दो हजार से अधिक शिक्षक चले गए। स्कूलों में शिक्षक न होने के कारण छात्र खेलते रहे। प्राथमिक स्कूल तुगलपुर में दाखिला कराने पहुंचे अभिभावक राकेश ने बताया कि शिक्षक नहीं थे। उन्होंने बच्चे के दाखिले के लिए कहा तो बताया गया कि सोमवार को होंगे। आज सभी शिक्षक बाहर गए हैं। कई स्कूलों में शिक्षामित्र ने कमान संभाली। छात्रों से कहा गया कि कई शिक्षक छुट्टी पर है इसलिए सभी लोग जल्दी घर जाओ सोमवार को समय से आना। छात्र मुरारी ने बताया कि हम लोग पूरा दिन खेलते रहे क्योंकि सर नहीं थे।

### दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के सरकंडी गांव के समीप चार पहिया वाहन से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरकंडी भवानीदीन का डेरा गांव निवासी बुद्धू लाल का 45 वर्षीय पुत्र नोखे लाल बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक थोड़ी दूर आगे पहुंची तभी गांव के समीप चार पहिया वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक नोखे लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में चार पहिया वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# किस्मत वालो को मिलता है श्याम तेरा दरबार...

- श्री श्याम प्रभु संकीर्तन का किया गया आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** शहर के गोनार्द बाई मेल्टिंग मोमेंट्स द्वारा आयोजित श्री श्याम प्रभु संकीर्तन का आयोजन गोनार्द लांन में आयोजित किया गया। जिसमें भजन गायक इंदौर से सावन नागदा और स्थानीय भजन गायिका बंकू सिस्टर्स बाबा श्याम का गुणगान किया।

सर्वप्रथम भजनों की शुरुआत गणेश वंदना से स्थानीय भजन गायक पुनीत बंसल, गोकुल शर्मा और परमानंद शर्मा ने भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद इंदौर से आए सावन नागदा ने भजनों की हाजिरी लगाई उन्होंने गाया ,तेरा नाम लेते लेते मेरी उम्र बीत जायें .... खाटू बुला रहा है ये कृपा नहीं है तो क्या है ...आयो सांवरियो सरकार लीले पे चढ़ के... मेरे दुख के दिनों में मेरा श्याम



आता है...हाथों में ले के निशान चंला रे, मैं तो अपने बाबा के धाम चला ले आदि भजनों की हाजिरी लगाई।

फिर उसके बाद स्थानीय सुप्रसिद्ध भजन गायिका बंकू सिस्टर्स जोड़ी ने भजनों की धमाल किया उन्होंने गाया

काहे न इतराऊँ मैं मुझे खाटू मिला है, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है, भर दे रे श्याम झोली भर दे, न बेहलाओ बातों में, मेरा कान पकड़ कर के मुझे डाँट लगा देना अब तक तो निभाया है आगे भी निभा लेना, रोती हुई आखों को मेरे श्याम हँसते हैं जब कोई नहीं आता मेरे श्याम ही आते है, किस्मत वालो को मिलता है श्याम तेरा दरबार, -हारा हु बाबा, मुझे तुझ पर भरोसा है ...साथी हमारा कौन बनेगा तुम न सुनोगे तो कौन मिलेगा... आज भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे। कार्यक्रम में म्यूजिक



में अंकित शर्मा मैजिशियन ग्रुप रहा। कीर्तन के प्रांगण में बाबा खाटू श्याम की ज्योति पर श्याम मंदिर के प्रबंधक गोविंद जालूका मौजूद रहे। भर्जन कीर्तन के दौरान राजू सिंधी, दिनेश सिंधी, ओमी सिंधी, रॉबिन सिंधी, रिशु सिंधी, चंदन रस्तोगी, संदीप मेहरोत्रा, प्रेम गोयल, सुरेश भाव सिंहका, अंकित लवी, रेनू सिंधी, साक्षी सिंधी, पूजा सिंधी, रूमा सिंधी, रजनी सिंधी, तारा सिंधी, प्रांशी रस्तोगी, रूपिका लोहिया, गरिमा मेहरोत्रा, स्नेहा अग्रवाल, छवि सिंघल, पूजा आर्या सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### गांवों के प्रवेश द्वार पर लगेंगे डिस्प्ले बोर्ड

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों के निवासियों को फौरन मदद मुहैया कराने के लिए नई योजना शुरू करने वाला है। इस प्रयास के तहत सभी गांवों के प्रवेश द्वार पर इलेक्ट्रिक डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें अलग-अलग विभागों की महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स स्पष्ट रूप से लिखे होंगे।

इन डिस्प्ले बोर्डों पर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, उद्यान विभाग, सिविल इंजीनियरिंग, जलापूर्ति व सीवरेज संबंधी शिकायतों के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित होंगे। इसका मकसद है कि आपातकाल या किसी परेशानी में लोग इधर-उधर न भटकें, बल्कि सीधे सही विभाग से जुड़ सकें। यह फैसला हाल ही में हुई बैठक में लिया गया, जहां क्षेत्रीय विधायक पंकज सिंह ने अध्यक्षता की। बैठक में अधिकारियों को हिदायत दी गई कि इस स्कीम को तत्काल अमल में लाया जाए, जिससे आम लोगों को जल्द फायदा पहुंचे।

# नक्सलियों व आतंकियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन रही अवैध कॉलोनियां

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) द्वारा चार आतंकियों के गिरफ्तार किए जाने के बाद गौतमबुद्ध नगर की लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) एक बार फिर फेल साबित हुई है। यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी शहर की कॉलोनियों व गगनचुंबी इमारतों में छिपकर बैठे नक्सली, मोस्ट वांटेड व आतंकी संगठनों से जुड़े लोग पकड़े जा चुके हैं। बाहर की सुरक्षा एजेसियां उन्हें तलाशकर अपने साथ ले गई और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों को इनकी भनक तक नहीं लगी। एनसीआर में अवैध कॉलोनियां कुकरमुत्ते की तरह फैली है। जहां सत्यापन की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाता। जिस छपरौला स्थित राम विहार कॉलोनी में आतंकी विकास गहलावत उर्फ रौनक व लोकेश उर्फ पपला पंडित रहते थे।

वह कॉलोनी अवैध तरीके से बसाई गई है। बताया कि इस दस हजार से अधिक की आबादी वाली कॉलोनी में अधिकांश लोग बिना सत्यापन के निवास कर रहे हैं। पांच हजार के करीब किरायेदार है। किसी का भी सत्यापन नहीं हुआ है। लोगों का कहना है कि किरायेदारों की आड़ में कॉलोनी नक्सली व आतंकियों के छिपने का सुरक्षित ठिकाना बनती जा रही है। किरायेदारों का सत्यापन न होने की वजह से कॉलोनी व बहुमंजिला इमारतों में बैठकर न केवल अवैध धंधा कर रहे हैं बल्कि आपराधिक गतिविधियों को बैठकर अंजाम दे रहे हैं। जो कहीं न कहीं देश की राजधानी की सुरक्षा में भी सेंध है। 16 अक्टूबर 2016 को यूपी ऐंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने नोएडा में नो संदिग्ध नक्सलियों को गिरफ्तार किया था।

संदिग्ध नक्सली नोएडा के हिंडन विहार कालोनी में किराए पर रह रहे थे। इनके पास से काफी तादाद में विस्फोटक, डेटोनेटर और हथियार बरामद किए गए थे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 50 हजार रुपये के ईनामी नक्सली कोड़ा उर्फ कारेलाल कोड़ा और उसकी महिला साथी पायल उर्फ पोली निवासी लखीसराय (बिहार) को बिहार की एसटीएफ ने बिसरख कोतवाली पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया था। दोनों पति-पत्नी बनकर ग्रेनो वेस्ट में रह रहे थे। पकड़ा गया नक्सली मुंगेर के कुछ नक्सलियों के ग्रुप का एरिया कमांडर था। इसने वहां आतंक मचाया हुआ था। 19 सितंबर 2021 को बिहार के मुंगेर जिले में सुरक्षा बलों, पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के दौरान दोनों बिहार पुलिस और सुरक्षा बलों को चकमा देकर फरार हो गए थे। और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रह रहे थे। नौ अगस्त 2024 को झारखंड के देवधर के मोस्ट वांटेड व गिरोह सरगना आशीष मिश्रा को ग्रेनो वेस्ट स्थित विहान अपार्टमेंट से दबोचा गया था। वह अपनी गर्भवती पत्नी के साथ यहां सामान्य व्यक्ति की तरह किराये पर रह रहा था।

### पेड़ से गिर कर अधेड़ घायल

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कालू पुरवा गांव के समीप पेड़ पर चढ़कर बकरियों के लिए पत्ती तोड़ते समय पेड़ की डाल टूट गई और अधेड़ डाल सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कालू का पुरवा गांव निवासी मैकू लाल का 55 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार गांव के समीप स्थित पेड़ पर चढ़कर जानवरों के लिए पत्ती तोड़ रहा था तभी पेड़ की डाल टूट गई और पत्ती तोड़ रहा सन्तोष डाल सहित नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सपा के जिला उपाध्यक्ष बने गणेश पाण्डेय



**गोंडा।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सकरौरा निवासी समाजसेवी गणेश पाण्डेय को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। गणेश पाण्डेय पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह के बेहद करीबी माने जाते हैं और लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करते रहे हैं। इस अवसर पर शमीम अहमद अच्छन, राज कुमार सिंह, पवन ओझा, संतोष पाण्डेय सहित तमाम लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं में नियुक्ति को लेकर खुशी है।

### आंधी पानी की वजह से कई इलाकों में गुल हुई बिजली

**गोंडा।** शनिवार की देर रात अचानक चली तेज आंधी और हल्की बारिश से किसने की खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की बर्बाद हो गई तेज आंधी की वजह से शहर की विद्युत आपूर्ति कई इलाकों में बाधित रही बारिश और आंधी की वजह से रविवार को मौसम काफी ठंडा और सुहावना रहा। करनैलगंज संवाददाता के अनुसार तेज हवा के झोंको से कई स्थानों पर बिजली के तार टूटने, पेड़ो की डाल टूटकर तार पर गिरने के कारण शनिवार की रात्रि और रविवार को दिन में करीब आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जबकि ग्रामीण इलाकों की बिजली शाम तक बहाल नहीं हो सकी। शनिवार की शाम को जबरदस्त आंधी, तेज हवा के कारण किसानों का भारी नुकसान हुआ वहीं बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी हो गई। नगर क्षेत्र में देर रात बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई मगर ग्रामीण इलाकों में रविवार की शाम तक लाइन ठीक कराने का काम चलता रहा। उसके बावजूद नगर में करीब आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। क्षेत्र में बिजली न होने के कारण तमाम घरों में रसोई गैस न होने के साथ बिजली न रहने के कारण इंडक्शन पर भी भोजन नहीं बन सका। नगर में बिजली के कारण लोगों को पानी के लिए भी तरसना पड़ा।

### रास्ते में रोककर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**करनैलगंज गोंडा।** थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर निवासी राम सबेरे ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है कि 2 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे वह अपनी दुकान जा रहे थे। इसी दौरान करनैलगंज-कटरा मार्ग पर गयादीन पुरवा के पास कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि गांव निवासी रवीन्द्र, बिल्लू, लालचन्द और राम विनय ने लाठी-डंडों व घूंसों से उनकी पिटाई कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय का कहना है कि मामले की विवेचना कराई जा रही है।

ऋषियों में सबसे प्राचीन सम्मानित ऋषि है कश्यप। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई ऋषियों की जयंती

### मिशन 2027 के लिए सजग और सतर्क रहे कार्यकर्ता : अरशद हुसैन

- निषाद राज ने पार लगाई थी भगवान राम की नैया

**गोंडा।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देशन में जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन की अध्यक्षता में सृष्टि की रचना के सूत्रधार महर्षि कश्यप, श्रृंगवेरपुर नरेश महाराजा निषादराज गुह्य की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संबोधन जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने करते हुए कहा कि महर्षि कश्यप के बताए आदर्शों पर चलकर दीन दुखियों की हरसंभव मदद करने का संकल्प लेते हुए समाज के उत्थान के लिए जन जागरुकता को बेहद जरूरी बताया कश्यप ऋषि एक वैदिक ऋषि के साथ ही प्रसिद्ध संत हुए हैं, जिनके आदर्शों को आज भी करोड़ों अनुयाई पूरी तरह प्रासांगिक मानकर उनका पालन करते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि सनातन मान्यता के अनुसार वे ऋग्वेद के सात प्राचीन ऋषियों, सप्तर्षियों में से एक हैं। कश्यप सबसे प्राचीन और सम्मानित ऋषि हैं और मिशन 2027 का संकल्प लेते हुए कहा कि सभी को सजग रहना होगा अपनी पोलिंग बूथ पर मजबूती से डटकर खड़ा रहना होगा। 2027 में हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत कर समाजवादी की सरकार बनानी है। जिला उपाध्यक्ष रंजीत निषाद ने निषाद राज को भगवान राम का मित्र बताया और कहा कि भगवान की नैया पार करने वाले निषादराज ही थे। बोलते हुए कहा कि भगवान राम के नया निषादराज ने पार लगाई थी जब तक निषाद समाज नशा मुक्ति नहीं होगा तब तक यह समाज आगे नहीं बढ़ेगा। कार्यक्रम मे प्रदेश सचिव विनोद श्रीवास्तव, हाजी जकी, जिला उपाध्यक्ष विंदश्वरी पाल, जैस राज यादव, शिव अखिलेश विश्वकर्मा, जावेद मंटू, सीधर्थ सिंह, शाहिद खाँ, राज कुमार सिंह, गणेश पाण्डे, संजू खां, फरहान सिद्दीकी, यार मोहमद, सुभाष गौतम, बलराम यादव, सुरेंद्र यादव, संजय साहू, इस्माइल वैध, हीरा लाल सागर, बृजेश यादव आदि नेता कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

# खण्ड विकास अधिकारी बनकर किया कस्बे का नाम रोशन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमौली, फतेहपुर।** अमौली कस्बे के गोविंद गुप्ता एवं श्रीमती रेखा गुप्ता के सुपुत्र वरदान गुप्ता के लोक सेवा आयोग की परीक्षा में खंड विकास अधिकारी पद पर चयनित होने के पश्चात प्रथम नगर आगमन हुआ। जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में समस्त क्षेत्र वासियों ने किया जोरदार रोड शो एवं स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती राम श्री एवं संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया।

क्षेत्रीय विधायक ने माल्यार्पण, अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर मेधावी एवं उनके पिता का सम्मान करने के बाद बेहटा खुर्द से शुरू हुआ। रोड शो में प्रधान अरविंद उमराव और श्रीकांत उत्तम ने भी माला पहनाकर स्वागत किया। अमौली चौराहे के आनंद गुप्ता के घर पर सम्मान समारोह स्थल का



कार्यक्रम हुआ, जहां पर सत्येंद्र गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, अनुराग सचान, आनंद गुप्ता,विकास गुप्ता, विशाल गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ो ग्राम वासियों ने वरदान गुप्ता एवं माता-पिता तथा विधायक को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया।

उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक ने फतेहपुर जनपद से चयनित मेधावी बच्चों के साथ अभिवावकों को सफलता की बधाई दी कहा कि वरदान गुप्ता हम सबके साथ युवाओं के लिए विशेष प्रेरणा स्रोत बनकर के उभरे हैं वह अभी और आगे बढ़ेंगे। वरदान गुप्ता ने माता-पिता गुरु,भाई के साथ परिवार के सभी लोगों को अपनी सफलता का श्रेय दिया। और कहा कि उन्हीं की कृपा से मेरे जीवन का शैक्षणिक सफर आईआईटी बीएचयू से होते हुए बी डी ओ रैंक 6 तक पहुंचा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वंदना गुप्ता, कामिनी गुप्ता पूजा एवं ज्योति, जीवनलाल गुप्ता , अरविंद उमराव, श्रीकांत उत्तम, हरिश चंद्र गुप्ता, बृजेंद्र तिवारी, अनिल ओमर, अवधेश मिश्रा, शरद, जिलामंत्री संतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी, डॉ. राम भक्त वर्मा, अश्विनी गुप्ता, कमल गुप्ता, कौशल गुप्ता, मनीष गुप्ता, ओमप्रकाश शिवहरे, अंकित शिवहरे, राजा भैया, चांदपुर थाना अध्यक्ष विनोद पटेल एवं चौकी इंचार्ज दिग्विजय सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय रेलवे बोर्ड के सलाहकार को सौंपा ज्ञापन

- स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव व ओवरब्रिज निर्माण की उठी मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** जनपद के विकास और यात्रियों की सुविधा को लेकर मांग पत्र उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रयागराज को भेजा गया है। यह पत्र भारतीय रेलवे बोर्ड के सलाहकार आलोक द्विवेदी के माध्यम से प्रेषित किया गया। जिसमें फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग की गई।

पत्र में जनपद के गौरवशाली इतिहास



भारतीय रेलवे बोर्ड के सलाहकार को ज्ञापन सौंपते लोग।

का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों द्वारा 52 क्रांतिकारियों को एक साथ फांसी दिए जाने वाला ऐतिहासिक स्थल बावनी इमली फतेहपुर की पहचान है। ऐसे में स्टेशन के विकास के साथ-साथ इस ऐतिहासिक विरासत को भी सम्मान दिए जाने की आवश्यकता जताई गई है।

मांग पत्र में कहा गया कि फतेहपुर स्टेशन से रात 1 बजे के बाद से सुबह 10 बजे तक कानपुर के लिए कोई एक्सप्रेस ट्रेन उपलब्ध नहीं है। वहीं शाम 6.30 बजे से रात 1 बजे तक प्रयागराज के लिए भी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। इससे दैनिक यात्रियों, छात्रों, व्यापारियों और कामगारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561) और महाबोधि एक्सप्रेस (12398) का दो-दो मिनट का ठहराव फतेहपुर स्टेशन पर दिए जाने की मांग की गई है। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिल सकती है। पत्र में शादीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु (ओवरब्रिज) निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है।

वर्तमान में यहां पुल न होने के कारण प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बनती है, जिससे आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। फतेहपुर रेलवे स्टेशन को और अधिक आकर्षक व ऐतिहासिक पहचान देने के लिए शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के रचयिता श्याम लाल गुप्त पार्षद का चित्रण तथा भिटौरा, ओघ घाट जैसे धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की वॉल पेंटिंग कराने का भी सुझाव दिया गया है। इस मौके पर शैलेन्द्र शरन सिम्पल, विनोद गुप्ता, राम रस्तोगी, अर्पित रस्तोगी, शिवबरन, मोहम्मद तसनीम, दिलीप सिंह, अनुज कुमार, प्रभुनारायण आदि मौजूद रहे।

# बाल यौन शोषण मामले में आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट-एक) की अदालत ने बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी। वहीं, सुनवाई के दौरान अदालत ने अपराध को गंभीर श्रेणी मानते हुए आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया। पहले इस मामले में अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया था, लेकिन सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल कर दी। जिसके चलते इस बार याचिका निरस्त कर दी। सीबीआई ने ग्रेनो वेस्ट की ग्रीन आर्क सोसायटी निवासी नाबालिग के खिलाफ बाल यौन शोषण सामग्री के संग्रह, प्रसारण, आदान-प्रदान और प्रसारित करने का मामला 31 अक्टूबर, 2025 में आईटी और पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया था।

आरोप है कि आरोपित ने पीड़िता को यौन उत्पीड़न की तस्वीरें दिखाई थी। उसका पता ग्रेनो वेस्ट के एक गांव का बताया था। घटना करीब दो साल पहले की थी। दो ई-मेल और दो मोबाइल के माध्यम से आरोपित इन मामलों में संलिप्त है। उसके पास आपत्तिजनक सामग्री मिली थी। ई-मेल आईडी से उसके खिलाफ दो साइबर टिपलाइन रिपोर्ट भी जेनरेट की गई थी। पीड़िता के बयान के बाद सीबीआई ने कोर्ट से आरोपी रिमांड मांगी थी, जिसे खारिज कर आरोपित को रिहा कर दिया। इसके बाद सीबीआई ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। सुनवाई में आरोपित पक्ष की तरफ से अदालत से अग्रिम जमानत मांगी गई, लेकिन कोर्ट ने जघन्य अपराध माना और मना कर दिया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता रजनीश यादव ने बताया कि अभी आरोपित को अदालत में पेश नहीं किया गया है।

### 6 .57 लाख की सिरिंज खरीद में बड़ी लापरवाही

**नोएडा।** नोएडा में जिला अस्पताल में मरीजों के लिए जानवरों की सिरिंज मंगवाने के प्रकरण में प्रबंधन की बड़ी और दूसरी घोर लापरवाही सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि दिसंबर 2025 में 60 हजार नहीं, बल्कि पांच और 30 एमएल की 1 लाख 20 हजार वेटनरी सिरिंज का ऑर्डर दिया गया था। इनकी कीमत 6.57 लाख रुपये थी। मगर कार्यवाहक सीएमएस ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए जिलाधिकारी को केवल 60 हजार सिरिंज की ही जांच रिपोर्ट भेजकर गुमराह करने का काम किया। वहीं, समिति ने अपनी जांच से सभी को चौका दिया है।

हैरानी की बात ये है कि जांच अधिकारियों ने जिस डेटा ऑपरेटर पर गलती का ठीकरा फोड़ा है, जिलाधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में उसके बयान दर्ज नहीं किए गए हैं। रिपोर्ट में पता चला है कि अस्पताल में 5 और 30 एमएल की 60-60 हजार वेटनरी सिरिंज के ऑर्डर किए गए थे।

# पेट्रोल पंप पर फ्यूल में पानी मिलाकर बेचने का आरोप, हंगामा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पाई-1 स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब ग्राहकों की गाड़ियों में पानी मिला पेट्रोल होने की बात सामने आई। इस पंप से तेल डलवाकर निकले 25 से अधिक वाहन जिनमें कार, स्कूटी और बाइक शामिल थे, कुछ ही दूरी पर जाकर अचानक बंद हो गए। वाहन मालिकों ने मैकेनिक बुलाकर जांच कराई, तो पता चला कि तेल की टंकी पूरी तरह पानी से भरी हुई थी। इस खुलासे के बाद आक्रोशित लोग अपने वाहनों को खींचकर सीधे पेट्रोल पंप पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया।

पीड़ित ग्राहकों ने सबूत के रूप में बोतलों और बाल्टियों में पानी मिश्रित



पेट्रोल दिखाया। ग्राहकों का आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालक की लापरवाही के कारण उनके वाहनों के इंजन खराब होने के कगार पर पहुंच गए। कई वाहन लंबी दूरी की यात्रा पर निकले थे, जिनमें कुछ हरिद्वार और कुछ दिल्ली तथा गुड़गांव जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में वाहन खराब होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ितों ने संचालक पर कड़ी कार्रवाई और वाहन के नुकसान की भरपाई की मांग की। घटना के दौरान पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और कर्मचारी मौके से भागते नजर आए। ग्राहकों ने मिलावटी तेल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। साथ ही जिला प्रशासन से पेट्रोल पंप की जांच कर उसका लाइसेंस रद्द करने की मांग की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पेट्रोल पंप की टंकी में पानी मिलने के कारण यह बड़ी गड़बड़ी हुई। अधिकारियों का कहना है कि यह टंकी में रिसाव या बारिश के पानी के जमा होने के कारण हो सकता है। पुलिस और संबंधित विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 400 सोसायटियों की सुरक्षा ऑडिट करेगी पुलिस

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की तेजी से हाईराइज सोसायटियों में तब्दील हो रही आवासीय सोसायटियों की सिक्योरिटी व्यवस्था कैसी है? यहां के निवासी और जिम्मेदार सिक्योरिटी एजेंसियां सुरक्षा के जरूरी स्टैंडर्ड्स का सही पालन कर रही हैं, या सिर्फ कागजों पर औपचारिकता निभाई जा रही है? पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सोसायटियों की सिक्योरिटी सिस्टम की जांच के लिए 5 से 7 अप्रैल तक तीन दिनों का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। तीनों जोनों में अभियान के बाद सिक्योरिटी ऑडिट की रिपोर्ट शीघ्र पुलिस आयुक्त को प्रस्तुत की जाएगी। गौतमबुद्ध नगर में 400 से अधिक हाईराइज सोसायटियां हैं। यहां आरडब्ल्यूए, एओए और सिक्योरिटी एजेंसियां बेसिक सुविधाओं से लेकर सुरक्षा तक का दायित्व निभाती हैं।


# हज में वक्त न करें बेकार, अरकान करें पूरे :शारिक

- हज कमेटी की ओर से हज तरबियत कैंप का हुआ आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** शहर के आबूनगर मुहल्ला स्थित एक मैरिज हाल में रविवार हो हज कमेटी की ओर से हज तरबियत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कानपुर के हज ट्रेनर शारिक अल्वी ने हज 2026 में जाने वाले हाजियों को हज से संबंधित अरकानों की जानकारी प्रदान की।

मुख्य अतिथि के रूप में कैंप में आए मर्द व औरतों को संबोधित करते हुए शारिक अल्वी ने बताया कि जो हज पर जा रहे हैं उनसे कोई अरकान छूटने न पाए। सभी अरकानों को अच्छी तरह से समझकर पूरा करें ताकि आपका हज मुकम्मल माना जाए। उन्होने आगे बताया कि मक्का व मदीने में जिस तरह से यहां



हज तरबियत कैंप में भाग लेते हज यात्री।

से जाना है उसी तरह से सभी लोग अरकान को पूरा करें और मदीने व मक्का में चालीस दिन रहकर सभी अरकान को पूरा करना जरूरी है। हज के दौरान अपना वक्त बेकार न करें।

एहराम को कैसे बांधा जाए और हज के अरकान को सही तरीके से अदा किया जाए इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। हज ट्रेनर ने हज पर जाने वाले हाजियों को संबोधित करते हुए बताया कि औकात किस तरह से गुजारा जाए इस बाबत तफसीर से जानकारी प्रदान की। हज तरबियत कैंप में जिले के अलग-अलग स्थानों से मर्द व औरतों ने शिरकत की। इस अवसर पर आरिफ अख्तर उर्फ अच्छे, हाजी अफसार, अब्दुल वहाब, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद आरिफ, खुर्शीद अख्तर, हाजी इलियास, रईस अहमद, सगीर अहमद जाफरी, हाजी मासूक, मोहम्मद वसीम खान, मिस्बाहुल इस्लाम मिस्बा आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय


# भाजपा के 47 साल

6 अप्रैल 1980 को मुंबई के समंदर किनारे जब अटल बिहारी वाजपेयी ने अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा का उद्घोष किया था, तो वह केवल एक चुनावी नारा नहीं बल्कि एक वैकल्पिक राजनीति का संकल्प था। आज 2026 में जब भारतीय जनता पार्टी अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है, तो इसमें कोई दो राय नहीं कि वह दुनिया के सबसे बड़े और अजेय नजर आने वाले राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित हो चुकी है। लेकिन इस अभूतपूर्व सफलता के ऊंचे बुर्ज पर बैठकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो कुछ बुनियादी सवाल आज भी पार्टी की उस अलग तरह के दल वाली छवि का पीछा कर रहे हैं। क्या सत्ता के इस विशाल साम्राज्य को खड़ा करने की प्रक्रिया में वे आदर्श कहीं पीछे छूट गए हैं, जो इस दल की नींव में रखे गए थे? भारतीय राजनीति के इस लंबे सफर में भाजपा ने शून्य से शिखर तक की जो यात्रा तय की है, वह संगठनात्मक कौशल का अद्भुत उदाहरण तो है, पर क्या यह सफर अपनी मूल शुचिता को भी साथ लेकर चल पाया है? भाजपा की वैचारिक यात्रा का मूल आधार अंत्योदय और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के दो मजबूत स्तंभ थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि विकास की कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय हो। हालांकि, उज्ज्वला से लेकर मुफ्त राशन और सीधे बैंक खातों में मदद जैसी बड़ी योजनाओं ने एक बड़ा लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसे पार्टी अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानती है। लेकिन क्या कल्याणकारी योजनाओं का यह दाता और याचक वाला मॉडल असल सशक्तिकरण है? आज की राजनीति सेवा से ज्यादा आयोजन प्रबंधन और डिजिटल प्रचार पर टिकी नजर आती है। जिस नैतिक बल और सादगी की मिसाल पुराने दौर के नेता देते थे, उसकी जगह अब चकाचौंध और भारी-भरकम चुनावी मशीनरी ने ले ली है। विकास के दावों के बीच यह सवाल अक्सर दबी जुबान में पूछा जाता है कि क्या हम बुनियादी मुद्दों के बजाय केवल भावनात्मक और सांकेतिक राजनीति के जाल में तो नहीं उलझ गए हैं? एक जीवंत लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष का होना उतना ही जरूरी है जितना कि एक स्पष्ट बहुमत वाली सरकार का होना। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विपक्ष मुक्त भारत की जिस अवधारणा को हवा दी गई, उसने लोकतांत्रिक संतुलन को बुरी तरह असहज किया है। जांच एजेंसियों के बढ़ते प्रभाव और विपक्षी नेताओं का बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल होकर रातों-रात पवित्र हो जाना, पार्टी की उस शुचिता पर गहरा सवालिया निशान लगाता है जिसका दावा वह दशकों से करती आई है। क्या सत्ता पाने की व्याकुलता में किसी भी दल के दागी चेहरों को अपना लेना उस कार्यकर्ता आधारित संगठन के लिए सही है, जो कभी अपने सिद्धांतों पर गर्व करता था? आज पार्टी का ढांचा भी पहले की तुलना में अधिक व्यक्ति-केंद्रित हो गया है। सामूहिक नेतृत्व और आंतरिक विमर्श की जगह अब केवल ऊपर से आने वाले आदेशों और हां में हां मिलाने वाली संस्कृति ने ले ली है। राम मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 का खात्मा और नागरिकता कानूनों जैसे मुद्दों पर उसे व्यापक जनसमर्थन मिला है, लेकिन क्या राष्ट्रवाद की इस प्रबल लहर ने देश की बुनियादी आर्थिक चुनौतियों को कालीन के नीचे धकेल दिया है? बढ़ती बेरोजगारी, मध्यम वर्ग पर महंगाई का लगातार बढ़ता बोझ और अमीर-गरीब के बीच बढ़ती गहरी खाई ऐसे कड़वे सच हैं, जिन्हें केवल भव्य आयोजनों और नारों से नहीं बदला जा सकता। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तब तक अधूरा है जब तक देश का शिक्षित युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। बड़े व्यापारिक घरानों के साथ बढ़ती नजदीकियों ने भी यह धारणा पुख्ता की है कि पार्टी का झुकाव अब आम आदमी से हटकर खास प्रबंधकों की ओर हो गया है। स्थापना दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर पर भाजपा को गहराई से आत्ममंथन करने की जरूरत है। क्या वह केवल चुनाव जीतने वाली एक पेशेवर मशीन बनकर रहना चाहती है या वापस उस नैतिक राजनीति की ओर लौटेगी, जिसका वादा 1980 के मुंबई अधिवेशन में किया गया था? लोकतंत्र केवल बहुमत का नाम नहीं है, यह अल्पमत के सम्मान, आलोचना को पचाने की शक्ति और संस्थाओं की स्वायत्तता का नाम भी है। यदि भाजपा को आने वाले दशकों में अपनी साख और गौरवशाली इतिहास को बचाए रखना है, तो उसे अपनी जीत के अहंकार से ऊपर उठकर उन लोकतांत्रिक मूल्यों को फिर से गले लगाना होगा, जो उसकी स्थापना की मूल भावना थे।

## कटाक्ष ➤ हसन जैदी



# हमारी परंपरा है वंदे मातरम



डॉ. विनोद बब्बर

**अंग्रेजों के इस आदेश से महान देशभक्त और अंग्रेज प्रशासन में उच्च अधिकारी बंकिमचन्द्र चटर्जी बहुत आहत थे। उन्होंने महारानी का प्रशस्ति गान करने की बजाय माँ भारती की वंदना के रूप में इस गीत की रचना की। 1882 में जब बंकिम बाबू ने आनन्द मठ उपन्यास की रचना की तो उन्होंने इस गीत का उस में स्थान दिया। यह उपन्यास अंग्रेजी शासन में जमींदारों द्वारा किए जा रहे शोषण व अकाल में त्रस्त जनता को जागृत करने के लिए हुए संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित है।**

हम सदियों से धरती को माता के रूप में प्रतिष्ठित करते है। वन्दे मातरम् की प्रतिध्वनि वेदों में सुनाई देती है 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' (अथर्ववेद) अर्थात भूमि मेरी माता हैं और मैं उसका पुत्र हूँ। इसी प्रकार आदि ग्रन्थ वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्रीराम का कथन है- अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।। अर्थात हे लक्ष्मण! यद्यपि यह लंका सोने की बनी है, फिर भी इसमें मेरी कोई रुचि नहीं है (क्योंकि) जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान हैं। इसी श्रृंखला में 1882 में श्री बंकिमचन्द्र चटर्जी ने 'वन्दे मातरम्' गीत की रचना की। स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरक संस्कृत और बांग्ला में रचित इस गीत ने भारत के जन-मन को जागृत करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जन-जन में चेतना उत्पन्न करने वाले इस गीत की रचना विशेष परिस्थितियों में हुई क्योंकि उस काल में ब्रिटिश शासकों ने हर सरकारी समारोह में 'गॉड सेव द क्वीन' गीत गाना अनिवार्य कर दिया था। अंग्रेजों के इस आदेश से महान देशभक्त और अंग्रेज प्रशासन में उच्च अधिकारी बंकिमचन्द्र चटर्जी बहुत आहत थे। उन्होंने महारानी का प्रशस्ति गान करने की बजाय माँ भारती की वंदना के रूप में इस गीत की रचना की। 1882 में जब बंकिम बाबू ने आनन्द मठ उपन्यास की रचना की तो उन्होंने इस गीत का उस में स्थान दिया। यह उपन्यास अंग्रेजी शासन में जमींदारों द्वारा किए जा रहे शोषण व अकाल में त्रस्त जनता को जागृत करने के लिए हुए संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित है। उपन्यास में यह गीत भवानन्द नामक विद्रोही संन्यासी 'वन्दे मातरम्' गाता है। आरंभ में इसमें केवल दो संस्कृत के ही पद थे। नवम्बर, 1875 में बंकिम बाबू ने सियालदाह से नैहाटी की रेल यात्रा के दौरान बाद वाले पदों की रचना की जिनमें मातृभूमि की दुर्गा के रूप में स्तुति की गई है। इस गीत ने भारत माता के सगुण साकार रूप को जन-जन के हृदय में प्रतिष्ठित किया और 'भारत माता की जय' के उदघोष का प्रचलन तेजी से विस्तारित हुआ। इस गीत को व्यापक समर्थन मिला इसीलिए 1886 में कोलकाता में हुए कांग्रेस अधिवेशन के मंच से वन्दे मातरम् गाया गया। 1896 के कांग्रेस अधिवेशन में इसे गुरुदेव रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने गाया। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की वन्दे मातरम् के प्रति इतनी श्रद्धा थी कि उन्होंने इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक के तोरण पर उत्कीर्ण करवाया। 6 अगस्त 1905 को बंग भंग के विरोध में टाउन हॉल की सभा में हजारों देशभक्तों ने इस गीत को एक साथ गाकर अंग्रेज सरकार को अपना निर्णय बदलने के लिए बाध्य किया। लगभग हर कांग्रेस-अधिवेशन के अतिरिक्त स्वतंत्रता आन्दोलन में भी 'वन्दे मातरम्' गीत प्रस्तुति के अनेक उदाहरण मिलते हैं। लाला लाजपत राय ने लाहौर से प्रकाशित अपने पत्र का नाम वन्दे मातरम् रखा। अंग्रेजों की गोली से प्राण त्यागने वाली मातंगिनी हाजरा की जिह्वा पर आखिरी शब्द वन्दे मातरम् ही थे। 1929 में प्रकाशित काकोरी के शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिबन्धित पुस्तक 'क्रान्ति गीतांजलि' में पहला गीत मातृ-वन्दना वन्दे मातरम् ही था। देश ही नहीं, विदेशों में भी इस गीत की गूंज सुनाई दी। 1907 में बर्लिन (जर्मनी) में मैडम भीकाजी कामा द्वारा फहराये तिरंगे पर वंदे मातरम् अंकित था। 17 अगस्त 1909 को इंग्लैंड में फांसी पर चढ़ने से पहले महान क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा के मुख से निकले अंतिम शब्द 'वंदे मातरम्' थे। अक्टूबर 1912 को केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका पहुंचे गोपाल कृष्ण गोखले का स्वागत 'वंदे मातरम्' के नारे लगाते एक बड़े जुलूस के साथ किया गया। अंग्रेज सरकार इस गीत से बुरी तरह चिढ़ी हुई थी। सरकार द्वारा वंदे मातरम् गाने पर दंडित करने के बावजूद जनमानस में इसके प्रति श्रद्धा और उत्साह कम होने की बजाय लगातार बढ़ता गया। इसीलिए 15 अगस्त, 1947 को जब माँ भारती अंग्रेजी की बेडियों से मुक्त हुई, आकाशवाणी से प्रसिद्ध गायक पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने 'वंदे मातरम्' प्रस्तुत कर जन उत्साह की अभिव्यक्ति दी। स्वतंत्रता के पश्चात अपना संविधान बनाने के लिए बनी संविधान सभा की पहली बैठक का प्रारंभ 'वंदे मातरम' के साथ और समापन 'जन गण मन' के साथ हुआ। संविधान सभा ने अपने सभापति जो बाद में भारत के प्रथम राष्ट्रपति भी बने, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा 24 जनवरी 1950 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर 'वन्दे मातरम्' को राष्ट्रगीत के रूप स्वीकार किया गया। वन्दे-मातरम् हमारे संविधान की मूल प्रति में प्रतिष्ठित है। 'वंदेमातरम्' गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 8 अगस्त 2025 को संसद में वन्दे मातरम् पर दस घंटे की एक विशेष चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त 7 नवंबर, 2025 को देश में वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों का श्रीगणेश हुआ। इन कार्यक्रमों के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की कालजयी रचना और इसके प्रभावों के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पीढ़ियों को प्रेरित करने में इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराया जा रहा है। यह विशेष उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 में बी.बी.सी. द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार 'वंदे मातरम्' विश्व का दूसरा सर्वाधिक लोकप्रिय गीत है। यह सर्वविदित है कि हमारी जननी तो मात्र 9 माह अपने गर्भ में रखती है परंतु जन्मभूमि हमें आजीवन अपनी गोद में स्थान देती है। अतः हमारी धार्मिक आस्था कुछ भी हो, वंदेमातरम् के गायन पर किसी सच्चे भारतीय को आपत्ति हो ही नहीं सकती। क्या कोई ऐसा भी विवेकशील हो सकता है जो अपनी मातृभूमि को सुजलाम सुजलाम मलयज शीतलाम (जल से भरपूर, फलों से समृद्ध, मलयज (चंदन) की हवाओं से शीतल, फसलों से हरी-भरी) न चाहता हो? वंदे मातरम की साद्य सदी के अवसर पर वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है ताकि देश के बच्चे बच्चे में अपनी मातृभूमि के प्रति विशेष श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव स्थाई रूप से स्थापित हो सके इसलिए आओ हम भी मातृभूमि को सम्मान देने वाले इस गीत को कण्ठस्थ करने और कराने का संकल्प लें। वंदे मातरम्!

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम : प्रतिनिधित्व से सशक्तिकरण तक



सौरभ वार्ष्णेय

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में महिलाओं की आबादी लगभग आधी है लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व लंबे समय तक सीमित रहा। इसी असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से पारित महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करता है। यह कानून केवल सीटों का आरक्षण नहीं बल्कि लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब महिलाएं नीति-निर्माण में अधिक संख्या में शामिल होंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अधिक संवेदनशील और प्रभावी निर्णय सामने आ सकते हैं। हालांकि अधिनियम पारित हो चुका है, लेकिन इसका क्रियान्वयन जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यानी, इसके वास्तविक प्रभाव को देखने में समय लग सकता है। यह देरी कहीं न कहीं इसकी तत्काल प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। सिर्फ कानून बना देने से ही महिलाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित नहीं होता। समाज में पितृसत्तात्मक सोच, राजनीतिक दलों में टिकट वितरण की असमानता, और चुनावी खर्च जैसे मुद्दे अभी भी बाधा बने हुए हैं। इसलिए जरूरी है कि राजनीतिक दल भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं।यह अधिनियम राजनीतिक दलों की वास्तविक प्रतिबद्धता की भी परीक्षा है। क्या वे महिलाओं को केवल आरक्षित सीटों तक सीमित रखेंगे या सामान्य सीटों पर भी उन्हें पर्याप्त अवसर देंगे? यही इस कानून की सफलता का असली पैमाना होगा।नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। लेकिन इसकी सफलता केवल इसके पारित होने में नहीं बल्कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक मानसिकता में बदलाव पर निर्भर करेगी। यदि इसे सही भावना और नीतियों के साथ लागू किया गया तो यह भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में महिलाओं की जनसंख्या लगभग आधी है लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी सीमित बना हुआ है। यह स्थिति केवल आंकड़ों की असमानता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। जब निर्णय लेने वाली संस्थाओं में समाज के आधे हिस्से की भागीदारी कम हो, तो नीतियों में उनकी जरूरतों और दृष्टिकोण का समुचित प्रतिबिंब कैसे दिखाई देगा? भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का इतिहास संघर्ष और धीरे-धीरे हुए विस्तार का रहा है। स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण ने निश्चित रूप से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई है, जिससे ग्रामीण स्तर पर नेतृत्व के नए उदाहरण सामने आए हैं लेकिन यही प्रगति राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नहीं दिखती। संसद में महिलाओं की संख्या अभी भी अपेक्षाकृत कम है, जो यह दर्शाती है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकताओं में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं मिल रहा। इस असंतुलन के पीछे कई कारण हैं-सामाजिक रूढ़िवादिता, आर्थिक निर्भरता, शिक्षा और अवसरों की कमी, तथा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण और धनबल। महिलाएं अक्सर चुनाव लडने के लिए आवश्यक संसाधनों और समर्थन से वंचित रहती हैं। साथ ही, राजनीतिक दल भी उन्हें ₹विनिंग कैंडिडेट₹ के रूप में कम आंकते हैं, जिससे टिकट वितरण में भेदभाव दिखाई देता है।हालांकि, हाल के वर्षों में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर चर्चा और पहल ने उम्मीद जगाई है। यदि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू होता है, तो यह एक ऐतिहासिक कदम होगा, जो न केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाएगा बल्कि नीति-निर्माण में संतुलन भी लाएगा।फिर भी, केवल आरक्षण ही समाधान नहीं है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, और सामाजिक सोच में बदलाव भी उतना ही आवश्यक है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे स्वेच्छा से अधिक संख्या में महिलाओं को टिकट दें और नेतृत्व के अवसर प्रदान करें। साथ ही, समाज को भी महिलाओं के नेतृत्व को स्वीकार करने की मानसिकता विकसित करनी होगी। एक सशक्त लोकतंत्र वही है जिसमें हर वर्ग की आवाज बराबरी से सुनी जाए। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल उनका अधिकार नहीं बल्कि देश के समग्र विकास और बेहतर शासन की अनिवार्यता है। अब समय आ गया है कि आधी आबादी को आधा प्रतिनिधित्व भी मिले। भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। देश की लगभग आधी आबादी होने के बावजूद संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व सीमित रहा है। ऐसे में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) का पारित होना न केवल राजनीतिक सुधार का संकेत है, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। इस बिल के लागू होने को जनगणना और परिसीमन से जोड़ा गया है, जिससे इसकी प्रभावी क्रियान्वयन में कुछ समय लग सकता है। यही वह बिंदु है, जिस पर विपक्ष और कई विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं। उनका मानना है कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देती है, तो इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा, यह भी जरूरी है कि आरक्षण केवल संख्या तक सीमित न रहे बल्कि महिलाओं को वास्तविक नेतृत्व और निर्णय लेने की शक्ति भी मिले। इसके लिए राजनीतिक दलों को अपनी आंतरिक संरचनाओं में भी बदलाव लाने होंगे और महिलाओं को टिकट वितरण में प्राथमिकता देनी होगी। महिला आरक्षण बिल भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी और प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह विधेयक केवल महिलाओं के अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि यह एक मजबूत संतुलित और न्यायपूर्ण समाज की नींव रखने की कोशिश है।

## कविता



पंखुरी सिन्हा

### नई औरत

वह क्षण भर भी नहीं
उसका एक बारीक़-सा टुकड़ा था बस,
जब लगाम मेरे हाथ से छूट गई थी,
और सारी सड़क की भीड़ के साथ-साथ
गाड़ियों के अलग-अलग हार्न की मिली जुली
चीख़ के बीचोंबीच,
अचानक ब्रेक लगने से घिसटकर रुकते टायरों के नीचे से,
लाल हो गई ट्रैफ़िक की बत्ती के ऊपर से,
चील की तरह, बाज की तरह,
तुम भी मेरे खुले कंधों पर झपट पड़े थे,
मैं दिखाऊंगी नहीं तुम्हें,
पर मेरे कंधों पर तुम्हारे पंजों की खरोंच के निशान हैं,
और क्यों रखूँ मैं इन्हें?
सिर्फ़ इसलिए कि ये तुम्हारे दिए हुए निशान हैं?
नहीं, मैं बताऊंगी नहीं तुम्हें,
पर मैं धो रही हूँ इन्हें,
दूब की नर्मी से,
ओस की ठंडक से,
धो रही हूँ तुम्हारे खुरों के निशान,
अपने कंधों पर से
दुर्घटना सड़क पर नहीं, मेरे अन्दर घटी है,
पर मैं बताऊंगी नहीं तुम्हें
अब तुम मेरे राजदार नहीं रहे...

# अफसरों के नाकारापन से नहीं थमेंगे नालंदा जैसे मंजर



क्रांति कुमार पाठक

आज के समय भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि यहां के लोग भीड़-भाड़ वाले स्थानों में बदइंतजामी के कारण रह-रह कर मरते रहें। किंतु दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। बीते दिनों इस श्रृंखला में नालंदा मंदिर का हादसा भी जुड़ गया है, जहां भगदड़ में 9 लोगों की जाने चली गई। 8 महिलाओं की तो भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा। दरअसल सरकारी मशीनरी के नाकारा होने के कारण ही देश में धार्मिक आयोजनों में भगदड़ जैसे हादसे रुक नहीं रहे हैं । दरअसल, चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नालंदा के इस मंदिर में इकठ्ठा हुए थे। वहां मेला का भी आयोजन था।



किंतु मंदिर में जुटी तकरीबन 10,000 श्रद्धालुओं की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की वहां तैनाती नहीं की गई थी। यह हालत है देश में जिम्मेदार मानी जाने वाली चुनी हुई सरकारों की। अधिकारी इस बात का आकलन ही नहीं कर सके कि इतने बड़े आयोजन में कोई हादसा भी हो सकता है। कुंभ मेले, मंदिर दर्शन, सत्संग, त्यौहार और रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन पकडऩे की होड़ जैसी घटनाएं न केवल आस्था की प्रतीक हैं, बल्कि प्रबंधन की कमी के कारण अक्सर जानलेवा साबित होती रही हैं। साल-दर-साल मची भगदड़ की घटनाओं में सैंकड़ों निर्दोष जिंदगियां चली जाती हैं, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। ये हादसे मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं की चूक, अफवाहें, संकरी जगहों पर अत्यधिक भीड़ और प्रशासन की लापरवाही के कारण होती हैं। देश के सरकारी तंत्र ने विगत वर्षों में हुए इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं सीखा। यही वजह है कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति थम नहीं रही। विगत एक दशक में ऐसा शायद ही कोई साल गया होगा, जब भगदड़ में मौतों की दर्दनाक घटनाएं सामने नहीं आई होंगी। 3 मई, 2025 को गोवा के श्री लैरे देवी मंदिर के वार्षिक मेले में पूजा-अर्चना के दौरान भगदड़ मची। इसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई और लगभग 55 लोग घायल हुए। 15 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज कुंभ में शामिल होने के लिए ट्रेन पकडऩे की होड़ के चलते मची भगदड़ में 18 यात्रियों की जान गई। 9 जनवरी, 2025 को प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ में 30 तीर्थयात्रियों की मौत हुई और 60 लोग घायल हुए। इसी तरह 8 जनवरी, 2025 को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 2 जुलाई, 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में संत भोले बाबा (नारायण साकार हरि) के सत्संग के बाद भगदड़ मची। इस घटना में कुल 121 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। यह हादसा सुरक्षा प्रबंधों की कमी के चलते हुआ। 31 मार्च, 2023 को मध्य प्रदेश के इंदौर में रामनवमी पर ढाई तालाब की बावड़ी की छत गिरने से भगदड़ मच गई। इस हादसे में 36 तीर्थयात्रियों की मौत हुई और 16 अन्य घायल हुए। भीड़-नियंत्रण में चूक यहां भी जानलेवा साबित हुई। इन हादसों के अलावा विगत वर्षों में कटरा जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर, महाराष्ट्र के मंधर देवी, नासिक में कुंभ स्नान, आंध्र प्रदेश के राजामुंद्री, बिहार के पटना में गांधी मैदान, मध्य प्रदेश के दतिया में पुल पर अफवाह फैलने, हरिद्वार में हर की पौड़ी घाट पर आयोजित गायत्री महायज्ञ आयोजन, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़, जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर, हिमाचल के नैना देवी में भगदड़ के दौरान सैंकड़ों लोगों की जान चली गई थी। नालंदा में हुए दर्दनाक हादसे के बाद अन्य हादसों की तरह जांच कमेटी बना दी गई। बिहार सरकार की तरफ से मृतकों के परिजनों को सांत्वना राशि की घोषणा कर दी गई। राजनीतिक दलों के नेताओं की तरफ से औपचारिकता निभाते हुए घडिय़ाली आंसू बहाए गए। किन्तु एक भी जिम्मेदार अफसर के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की गई। अन्य हादसों की तरह इस हादसे में भी एक भी अफसर को जेल नहीं होगी। किसी का भी बाल बांका नहीं होगा, होगा भी तो सिर्फ दिखावे के लिए छोटे कर्मचारी अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। देश में परंपरा रही है कि बड़े अफसर हर बार बच निकलते हैं। इस लिहाज से बिहार की यह घटना इससे अलग नहीं है। सरकारों ने न पहले हुए ऐसे हादसों से कोई सबक सीखा था, न ही बिहार के इस हादसे से कुछ सीखेंगे। ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति देश में जारी रहेगी। ऐसे हादसों में सरकारी कुप्रबंधन की वजह से आम लोगों की मौत होती रहेगी और सरकारें तमाशबीन बनी रहेंगी।

# रोटी से बड़ी हो गई गैस : शहर छोड़ते मजदूरों की मजबूरी



महेन्द्र तिवारी

भारत में प्रवासी मजदूरों का संकट एक बार फिर सामने खड़ा है, और इस बार इसकी जड़ में केवल आर्थिक मंदी या रोजगार की कमी नहीं, बल्कि एक गहरा ऊर्जा संकट है, जिसने शहरों की चमक के पीछे छिपी कमजोरियों को उजागर कर दिया है। हाल के दिनों में देश के कई औद्योगिक शहरों विशेषकर सूरत, दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद में हजारों मजदूर अपने गांवों की ओर लौटते दिखाई दिए। यह वही वर्ग है जिसने वर्षों से भारत के औद्योगिक विकास की रीढ़ बनकर काम किया है, लेकिन संकट आते ही सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। इस बार संकट की शुरुआत रसोई से हुई है। एलपीजी की भारी कमी और कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि ने मजदूरों के लिए शहरों में रहना लगभग असंभव बना दिया है। कई रिपोर्टों के अनुसार छोटे सिलेंडरों की कीमत 500 से बढ़कर 1,100–2,000 तक पहुंच गई, जबकि सामान्य घरेलू सिलेंडर 3,200–4,000 तक बिकने लगे। इतना ही नहीं, ब्लैक मार्केट में गैस 500 प्रति किलो तक पहुंच गई, जो एक दिहाड़ी मजदूर के लिए असंभव है। ऐसे में सवाल यह नहीं रह जाता कि मजदूर क्यों जा रहे हैं, बल्कि यह बन जाता है कि वे रुकें भी तो कैसे। सूरत, जो देश का प्रमुख टेक्सटाइल हब है, इस संकट का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। वहां पिछले एक महीने में 1.5 लाख से अधिक मजदूर शहर छोड़ चुके हैं। यह पलायन इसलिए नहीं हुआ कि काम नहीं था, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि मजदूर अपने दैनिक जीवन की बुनियादी जरूरत खाना पकाने को पूरा नहीं कर पा रहे थे। यह स्थिति बताती है कि शहरी अर्थव्यवस्था कितनी हद तक अस्थायी और असुरक्षित श्रम पर निर्भर है। इस संकट की जड़ें वैश्विक घटनाओं से भी जुड़ी हुई हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किया है, विशेषकर एलपीजी जैसी ईंधन आपूर्ति को, जिसका बड़ा हिस्सा भारत आयात करता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अत्यधिक रूप से बाहरी स्रोतों पर निर्भर है, और यह निर्भरता अब संकट का कारण बन रही है। जब अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उसका सीधा असर देश के सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ता है। यही कारण है कि एलपीजी संकट केवल ऊर्जा संकट नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट में बदल जाता है। इसका प्रभाव केवल मजदूरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे औद्योगिक ढांचे पर पड़ रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग, जिन्हें एम एस एम ई कहा जाता है, इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। ये उद्योग उत्पादन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं, और जैसे ही गैस की कीमत बढ़ी या आपूर्ति बाधित हुई, उत्पादन धीमा पड़ गया। कई जगहों पर फैक्ट्रियों को सप्ताह में दो दिन बंद रखना पड़ा, और काम के घंटे कम करने पड़े। इससे न केवल उत्पादन घटा, बल्कि मजदूरों की आय भी प्रभावित हुई। देश के विभिन्न हिस्सों से मिल रही खबरें इस संकट की व्यापकता को दर्शाती हैं। तेलंगाना में होटल और रेस्तरां उद्योग को भारी नुकसान हुआ है, जहां 50 प्रतिशत तक गैस की कमी के कारण कई इकाइयों को बंद करना पड़ा और हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए। मध्य प्रदेश में पारंपरिक खाद्य उद्योगों का उत्पादन 50 प्रतिशत तक गिर गया है, जबकि कर्नाटक और अन्य राज्यों में निर्माण कार्य रुकने लगे हैं क्योंकि मजदूरों के पास खाना बनाने की सुविधा नहीं है। यह दिखाता है कि एक ईंधन संकट कैसे पूरे आर्थिक तंत्र को प्रभावित कर सकता है। इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मजदूरों के पास औपचारिक एलपीजी कनेक्शन नहीं होते। अधिकांश प्रवासी मजदूर अस्थायी बस्तियों में रहते हैं, जहां उन्हें गैस कनेक्शन लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं मिल पाते। परिणामस्वरूप वे ब्लैक मार्केट पर निर्भर होते हैं, जहां कीमतें कई गुना अधिक होती हैं। यह व्यवस्था उन्हें हर संकट में सबसे कमजोर स्थिति में डाल देती है। यदि इस स्थिति की तुलना कोविड-19 के समय से की जाए, तो कई समानताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। उस समय भी अचानक लॉकडाउन और रोजगार की कमी के कारण लाखों मजदूर शहरों से गांवों की ओर लौटे थे। आज भी स्थिति कुछ वैसी ही बनती दिख रही है, फर्क केवल इतना है कि इस बार कारण वायरस नहीं, बल्कि ईंधन और महंगाई है। लेकिन परिणाम वही है—पलायन, असुरक्षा और अनिश्चितता। एम एस एम ई क्षेत्र, जो भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, इस संकट से जूझ रहा है। यह क्षेत्र लगभग 24 करोड़ लोगों को रोजगार देता है, लेकिन इसके पास संकट से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। जब लागत बढ़ती है और मांग घटती है, तो सबसे पहले यही छोटे उद्योग प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि हजारों इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं और लाखों नौकरियां जा चुकी हैं। ऊर्जा संकट के साथ-साथ सप्लाई चेन में भी भारी बाधा आई है। निर्यात के लिए तैयार माल बंदरगाहों पर अटका हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पा रहा। इससे कंपनियों को महंगे विकल्प जैसे एयर फ्रेट का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे लागत और बढ़ जाती है। दूसरी ओर, घरेलू बाजार में भी मांग में गिरावट आई है क्योंकि महंगाई के कारण उपभोक्ता खर्च कम कर रहे हैं। सरकार की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि सरकार ने आश्वासन दिया है कि आपूर्ति सामान्य हो रही है और कुछ कदम उठाए गए हैं, जैसे कि आधार के माध्यम से मजदूरों को गैस उपलब्ध कराने की योजना, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उद्योग संगठनों का कहना है कि इस तरह के संकट के लिए पहले से तैयारी की जानी चाहिए थी, खासकर तब जब यह स्पष्ट था कि वैश्विक संघर्ष का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ेगा। इस पूरे संकट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह केवल एक अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे ढांचागत संकट का संकेत है। भारत की ऊर्जा पर बढ़ती आयात निर्भरता, कमजोर सामाजिक सुरक्षा तंत्र, और असंगठित श्रम पर अत्यधिक निर्भरता ये सभी कारक मिलकर इस स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। जब तक इन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक ऐसे संकट बार-बार सामने आते रहेंगे। अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रवासी मजदूरों का यह पलायन केवल आर्थिक घटना नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है। यह हमें यह याद दिलाता है कि विकास केवल बड़े शहरों और उद्योगों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन लोगों तक भी पहुंचना चाहिए जो इन शहरों को चलाते हैं। जब एक मजदूर शहर छोड़ने को मजबूर होता है क्योंकि वह खाना नहीं पका सकता, तो यह केवल उसकी व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की विफलता का प्रतीक है।

## एक नजर

### रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे सरयू नदी पर बने तीसरे रेलवे पुल का निरीक्षण



**जरवल, बहराइच।** लखनऊ–गोंडा रेलखंड पर तीसरी रेलवे लाइन के अंतर्गत सरयू नदी पर निर्मित नए रेलवे पुल का निरीक्षण करने के लिए रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना सोमवार को दौरे पर आ रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पुल की तकनीकी गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और संरचनात्मक मजबूती की गहन जांच की जाएगी। यह निरीक्षण ट्रेन संचालन शुरू करने से पहले अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा होता है, जिसमें सभी सुरक्षा मानकों के अनुपालन की पुष्टि की जाती है। जानकारी के अनुसार घाघरा घाट स्टेशन और चौका स्टेशन के बीच स्थित इस पुल का निरीक्षण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। सीआरएस अपने दौरे के दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूरे प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के सफल होने के बाद इस तीसरे रेलवे पुल से ट्रेनों का संचालन शुरू करने की अनुमति मिल जाएगी। रेलवे प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श आज भी युवाओं के पथप्रदर्शक : जयप्रकाश सिंह



**बहराइच।** नवाबगंज विकासखंड के ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल बाबा परमहंस स्थल पर पहुंचकर ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने भगवान श्रीराम के दर्शन किए और युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, क्योंकि उनका जीवन सत्य, त्याग, धर्म, कर्तव्य और संयम की सर्वोच्च मिसाल है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में नैतिकता, सद्भाव और अनुशासन को मजबूत करें। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने भी श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

### सेनानी परिवार ने गणेश शंकर विद्यार्थी को दी श्रद्धांजलि



**बहराइच।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद बहराइच एवं श्रावस्ती के सेनानी उत्तराधिकारियों ने स्थानीय सेनानी भवन सभागार में महान स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता संग्राम में उनके वैचारिक योगदान को याद किया। संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में बताया कि गणेश शंकर विद्यार्थी वर्ष 1916 में महात्मा गांधी से मिले और उसके बाद राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1929 में यूपी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उनकी शहादत मानवता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। संगठन के संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी जी का जन्म 26 अक्टूबर 1890 को प्रयागराज में हुआ था। उन्हें "ज्ञान का खोजी" कहा जाता था। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ अवस्थी, जाहिर अली, दोस्त मोहम्मद, अजय सिंह, परमजीत, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री सिद्धनाथ श्रीवास्तव, तुरंता देवी, राम सेवक, शिव नारायण सहित अनेक सेनानी उत्तराधिकारी उपस्थित रहे।

### ब्रिटिश संसद में सम्मानित होंगे डॉ. प्रिंस कुमार, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में करेंगे शोध प्रस्तुति



**बहराइच।** जनपद के लिए गौरव की बात है कि ऑटिज़्म एवं बच्चों के व्यवहार संबंधी समस्याओं के विशेषज्ञ डॉ. प्रिंस कुमार को 10 अप्रैल को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. प्रिंस कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय बहराइच के वर्ष 2007 बैच के छात्र रहे हैं और वर्तमान में दिल्ली में सीनियर होम्योपैथिक कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत हैं। ऑटिज़्म और बाल व्यवहार के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही वे ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में "ऑटिज़्म एवं बच्चों के व्यवहार में होम्योपैथिक चिकित्सा की प्रभावशीलता" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। डॉ. प्रिंस कुमार की इस उपलब्धि से पूरे बहराइच जनपद में खुशी की लहर है। उनके पिता संतोष प्रधान, माता एवं पत्नी डॉ. निवेदिता सहित परिवार के सभी सदस्य इस सम्मान को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनके पैतृक निवास छावनी सरकार, बहराइच में उत्सव जैसा माहौल है और लोगों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं।

### अब घर-घर पहुंचेगा एलपीजी गैस सिलेंडर

**श्रावस्ती।** जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने समस्त घरेलू गैस उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि गैस रिफिल हेतु बुकिंग के पश्चात गैस सिलेण्डर की होम डिलीवरी सम्बन्धित गैस एजेन्सी द्वारा प्रदान की जायेगी तथा सम्बन्धित गैस एजेन्सी द्वारा प्रतिदिन होम डिलीवरी किये जाने वाले लाभार्थियों की सूची अपने प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप से चस्पा किया जायेगा। इसलिए गैस एजेन्सियों पर गैस रिफिल हेतु अनावश्यक भीड न लगाये गैस बुकिंग के उपरान्त सम्बन्धित गैस एजेन्सी द्वारा आपको नियमानुसार गैस की आपूर्ति घर पर ही सुनिश्चित करायी जायेगी।

# 43 गिरफ्तार, 57 पर निरोधात्मक कार्रवाई

## एसपी के निर्देश पर जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए गए व्यापक अभियान के तहत बहराइच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में 4 व 5 अप्रैल को चलाए गए अभियान में कुल 43 वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 57 अभियुक्तों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई।

अभियान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में चलाया गया। क्षेत्राधिकारी गण के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में 36 वारंटी और 7 वांछित शामिल हैं। सभी को विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस दौरान मानवाधिकार आयोग एवं न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया।

थानावार कार्रवाई की बात करें तो कोतवाली नगर सर्किल में कोतवाली नगर से 4 वांछित और दरगाह शरीफ से 4 वारंटी गिरफ्तार किए गए। पयागपुर सर्किल में पयागपुर, रानीपुर, विशेश्वरगंज व रिसिया थानों ने मिलकर कई वारंटी व वांछितों को पकड़ा, साथ ही धारा 170 बीएनएसएस के तहत भी कार्रवाई की गई।

कैसरगंज सर्किल में कैसरगंज व जरवल रोड थाना, नानपारा सर्किल में कोतवाली नानपारा, नवाबगंज, रुपईडीहा व मटेरा थाना, मिहींपुरवा सर्किल में मोतीपुर, मुर्तिहा व सुजौली थाना तथा महसी सर्किल में हरदी, बौंडी, रामगांव व खैरीघाट थाना पुलिस ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वारंटियों की गिरफ्तारी और निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले दो गिरफ्तार



बहराइच। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बहराइच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर की टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त बरकतउल्ला उर्फ डोकोमो पुत्र रफीक उल्ला निवासी किला तथा नजीर अहमद पुत्र रशीद अहमद निवासी किला महाजनी स्कूल को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी त्रिमोही रोड हाईवे से लगभग 50 मीटर पहले की गई। यह कार्रवाई मु0अ0सं0 74/2026 के तहत दर्ज मुकदमे से संबंधित है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराएं एवं 7 सीएलए एक्ट शामिल हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अजेश कुमार, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक अमर बहादुर मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस के अनुसार, मुख्य अभियुक्त बरकतउल्ला उर्फ डोकोमो का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में भी मारपीट जैसी घटनाओं में संलिप्त रहा है। फिलहाल दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी



विश्ववार्ता संवाददाता

- फर्जी कंपनियां बनाकर दस करोड़ की जीएसटी चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** जनपद में आम लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग करने और फर्जी कंपनियां बनाकर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में दर्ज मुकदमे के तहत एसआईटी (जीएसटी) टीम ने रविवार को दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाणिज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त संदीप कुमार सिंह की तहरीर पर 25 अगस्त 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपी सुनियोजित तरीके से आम लोगों को लोन दिलाने का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज ले लेते थे। इसके बाद उन्हीं दस्तावेजों के जरिए फर्जी फर्मों का पंजीकरण कराते थे।

आरोपी इन फर्जी कंपनियों के नाम पर बिना किसी वास्तविक व्यापार के कागजी लेन-देन दिखाकर फर्जी बिल और इनवॉइस तैयार करते थे। इन बिलों के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) का अवैध लाभ लिया जाता था। यही आईटीसी अन्य कंपनियों को देकर उन्हें टैक्स में छूट दिलाई जाती थी, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान पहुंचाया जाता था।

विवेचना के दौरान इस पूरे नेटवर्क में शामिल दो मुख्य आरोपी शुभम गुप्ता निवासी बाराबंकी और नेक आलम निवासी सीतापुर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने संगठित गिरोह के रूप में कई बोगस कंपनियां खड़ी कर करोड़ों रुपये का फर्जी लेन-देन दर्शाया और टैक्स चोरी की।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों की इस अवैध गतिविधि से सरकार को करीब 10 करोड़ 23 लाख 66 हजार 540 रुपये का नुकसान हुआ है। बरामदगी में फर्जी फर्मों से जुड़े दस्तावेज, बिल, एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, आधार-पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, छह एटीएम कार्ड तथा एक मोटरसाइकिल शामिल है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली एसआईटी टीम में उपनिरीक्षक इन्द्रभानु राय, अभिलाख सिंह, अश्वनी पाण्डेय और हरिनाथ सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों और नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है तथा जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## दस्तावेज होने के बावजूद पिकअप पर लदे कोल्ड ड्रिंक को किया जब्त

विश्ववार्ता संवाददाता

- पीड़ित दुकानदार ने एसएसबी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**रुपईडीहा, बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से जुड़े रुपईडीहा क्षेत्र में एक दुकानदार ने सशस्त्र सीमा बल पर व्यापारिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मामला कोल्ड ड्रिंक से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किए जाने से जुड़ा है, जबकि सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद होने का दावा किया गया है।

पीड़ित दुकानदार राजेश कुमार गुप्ता के अनुसार 2 अप्रैल को सिसैया से कोल्ड ड्रिंक लादकर एक पिकअप वाहन रात करीब 8 बजे रुपईडीहा पहुंचा था। वाहन चालक पहली बार इस रूट पर आया था और उसे रास्ते की जानकारी नहीं थी। बताया गया कि पूर्व में चालक नानपारा से सीधे आईसीपी रोड होते हुए शिवपुर मोहरनिया की ओर जाते थे। लेकिन इस बार रूट की जानकारी के अभाव में वाहन गलत दिशा में चला गया।

दुकानदार का आरोप है कि एसएसबी 42वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट दिलीप कुमार ने यह कहते हुए कार्रवाई की कि वाहन जबरन बीओपी पार कर नेपाल जा रहा था। जबकि पीड़ित का कहना है कि चालक केवल रास्ता भटक गया था और वाहन के पास जीएसटी व ई-वे बिल सहित सभी वैध कागजात मौजूद थे।

राजेश गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि अनुचित लाभ न मिलने के कारण यह कार्रवाई की गई और इसे "व्यापारिक उत्पीड़न" बताया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष विभागीय जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है।

गौरतलब है कि 1 जून 2023 से भारी वाहनों का प्रवेश आईसीपी मार्ग से निर्धारित किया गया है, और सुरक्षा कारणों से बीओपी मार्ग से आवाजाही प्रतिबंधित है। ऐसे में यह मामला नियमों के पालन और कथित दुरुपयोग दोनों पहलुओं को लेकर चर्चा में है।

## नयी बिजली लाइन जोड़ते समय करंट आने से खंभे पर चिपक कर मजदूर की मौत



**श्रावस्ती।** जिले में बड़ी और दिल दहला देने वाली खबर घट गई जहां सौभाग्य योजना के तहत काम कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से खंभे पर ही चिपक कर दर्दनाक मौत हो गई।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के लालबोझी दरवेश टेपरी में वेदात्ा नाम की फर्म के द्वारा नई बिजली लाइन जोड़ने का काम कराया जा रहाथा। बहराइच जनपद के फखरपुर का निवासी एक मजदूर अमरेश कुमार (40) खंभे पर चढ़कर तार जोड़ रहा था तभी अचानक लाइन में करंट आ गया और वह वहीं तार से चिपक गया।

मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही मजदूर की मौत हो गयी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

वहीं इस पूरे मामले में बिजली विभाग और ठेकेदार की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरणों के खंभों पर काम कराया जाता है। घटना के काफी देर बाद तक ना तो विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान आया, और ना ही ठेकेदार की तरफ से कोई जिम्मेदारी ली।

## 141 ग्राम स्मैक के साथ चार युवक गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के तहत नेपालगंज में पुलिस ने चार युवकों को 141 ग्राम से अधिक स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

बांके जिले के डीएसपी एवं पुलिस प्रवक्ता दीपक पातली ने बताया कि जिला पुलिस कार्यालय और मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो नेपालगंज की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान यह कार्रवाई की। कार्रवाई में चारों आरोपियों के पास से 141 ग्राम 790 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। गिरफ्तार युवकों की पहचान वार्ड नंबर 16, जैसपुर निवासी सोनू जुलाहा, इरफान जुलाहा, मन्ना जुलाहा और सुमेर शेख के रूप में हुई है। सभी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। लोगों का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्र में तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है, जहां छोटे कैरियर तो पकड़े जाते हैं, लेकिन बड़े सप्लायर अब भी गिरफ्त से बाहर हैं।

## भीषण आग से लाखों की गृहस्थी जलकर राख

### तीन लोग झुलसे, सूचना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम



विश्ववार्ता संवाददाता

**पयागपुर, बहराइच।** विशेश्वरगंज ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बालापुर में रविवार पूर्वाह्न अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में नकदी समेत लाखों रुपये की गृहस्थी जलकर राख हो गई। इस हादसे में दो लड़कियों समेत एक युवक झुलस गए।

गांव निवासी शंभूनाथ वर्मा के घर से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोसी देशराज वर्मा तथा यूसुफ अली के भुसैलों तक पहुंच गई।

आग की चपेट में पशु भी आने लगे। पशुओं को बचाने के प्रयास में अमरनाथ वर्मा (18 वर्ष), नेहा वर्मा (14 वर्ष) और मनीषा वर्मा (19 वर्ष) झुलस गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सीएचसी पयागपुर भेजा गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अग्निशमन विभाग की टीम समय पर मौके पर नहीं पहुंची, जिससे आग पर काबू पाने में देर हुई। अंततः ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और चिंता का माहौल है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है। प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## डीएम–एसपी ने शुरू की भूमि विवादों के निस्तारण की पहल

### 7 से चलेगा अभियान, राजस्व व पुलिस विभाग की टीम करेंगी कार्रवाई

विश्ववार्ता संवाददाता



**श्रावस्ती।** प्रतिदिन जनसुनवाई के दौरान एवं विभिन्न स्तरों जैसे आईजीआरएस तहसील दिवस तथा थाना दिवस आदि के दौरान काफी संख्या में भू विवाद के प्रकरण आते हैं इनमें अधिकांश प्रकरण ऐसे होते हैं जिनमें यदि राजस्व एवं पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर पहुंच जाए तो विवाद का निस्तारण किया जा सकता है।

इसको देखते हुए डीएम व एसपी संयुक्त रूप से श्रावस्ती मॉडल पर भूमि विवादों के निस्तारण की पुनः पहल की गई है, जिसमें प्रत्येक थानावार राजस्व एवं पुलिस की दो-दो टीमें गठित की गई है राजस्व टीम में प्रभारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार अथवा राजस्व निरीक्षक के साथ चार लेखपालों की टीम होगी तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अथवा चौकी इंचार्ज व चार कांस्टेबल की टीम होगी।

प्रत्येक टीम प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार एवं शुक्रवार को भू विवाद संबंधी ग्रामों में जाकर सहमति के आधार पर विवाद का निस्तारण करायेगी तथा पक्षों को पूर्व से ही सूचना दे दी जाएगी जिससे कि संबंधित पक्षकार मौके पर उपस्थित रहे निस्तारण उपरांत टीम उसी दिन शाम को सूचना निर्धारित प्रारूप पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को प्राप्त कराएगी यह अभियान 7 अप्रैल से प्रारंभ होगा, जिसके प्रथम चरण में 190 गांव को लिया गया है।

### पंचतत्व में विलीन हुए समाजसेवी प्रभात सिंह, हजारों ने नम आंखों से दी विदाई



**कैसरगंज, बहराइच।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत लदौर निवासी समाजसेवी प्रभात सिंह का लंबी बीमारी के बाद उपचार के दौरान जमशेदपुर में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

बताया जाता है कि प्रभात सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. हुकुम सिंह के परिवार से जुड़े थे। वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे व क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके थे। उनके दो छोटे बेटों की स्थिति देखकर मौजूद लोग भी भावुक हो उठे।

अंतिम संस्कार में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान आनंद यादव, पूर्व जिपं अध्यक्ष विजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन, प्रमोद गुप्ता, अनिल यादव, विवेक सिंह, मुहीब अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना मटेरा का किया औचक निरीक्षण, दिये जरूरी दिशा निर्देश



**बहराइच।** जनपद के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना मटेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए एसपी ने निर्देश दिया कि सभी शिकायतों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक मामले में थाना प्रभारी द्वारा स्वयं फरियादियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए।

एसपी ने आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शिष्ट और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा शौचालयों की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

मालखाने के निरीक्षण में माल को क्रमवार एवं वर्षवार सुरक्षित रखने और रजिस्टरों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया गया। वहीं मेस में साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

थाना परिसर, हवालात, बैरक एवं शौचालयों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, पानी की उपलब्धता और संसाधनों के उचित रख-रखाव पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**महा अभियान** भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

# 'अंत्योदय' व 'एकात्म मानववाद' भाजपा के कार्यशैली की आधारशिला

विश्ववार्ता संवाददाता

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत जिले के विभिन्न मंडलों नगर प्रथम, नगर द्वितीय, रामगांव, नवाबगंज, कैसरगंज, गंडारा, गिरधरपुर, महसी व गोकुलपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग (4 व 5 अप्रैल) का सफल समापन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण और वर्ग गीत के साथ हुई। प्रथम दिवस में तीन सत्र आयोजित किए गए। जिनका शुभारंभ जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, जिला महामंत्री रणविजय सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, इतिहास, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है जो सीखता है वही आगे बढ़ता है, और व्यक्ति निर्माण से ही संगठन निर्माण संभव है।

प्रशिक्षण वर्ग को संगठन सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा गया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत भाजपा की कार्यशैली की आधारशिला हैं।



प्रथम दिवस के सत्रों के बाद कार्यकर्ताओं ने सामूहिक भोजन कर रात्रि विश्राम किया। दूसरे दिन सुबह योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई और चार सत्र आयोजित किए गए। इनमें श्रीनाथ शुक्ला, जवाहर लाल धीवर, राम किशोर गुप्ता एवं मनीष आर्या ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

वक्ताओं ने बूथ प्रबंधन, सेवा भाव, व्यक्तित्व विकास, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया। साथ ही, दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांतों को जमीनी स्तर पर लागू करने की आवश्यकता बताई।

समापन सत्र में सभी कार्यकर्ताओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा प्रदर्शनी का अवलोकन भी कराया गया। यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए संगठनात्मक कौशल और वैचारिक मजबूती का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# कार्यकर्ताओं को दिया संगठन सशक्तिकरण का मंत्र

- प्रशिक्षण महाअभियान में ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह की सक्रिय भागीदारी

विश्ववार्ता संवाददाता



**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत नवाबगंज विकासखंड में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर नवाबगंज के ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर चलाया जा रहा यह प्रशिक्षण महाअभियान भाजपा का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन जानकारी देना है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के इस अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधुनिक तरीकों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जयप्रकाश सिंह ने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होता है। जब कार्यकर्ता प्रशिक्षित, जागरूक और तकनीकी रूप से सक्षम होंगे, तभी पार्टी की नीतियां और योजनाएं अंतिम पंक्ति तक पहुंच सकेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को जमीनी स्तर पर लागू करें और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। शिविर में दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डिंपल जैन, बेचेलाल जायसवाल, हर्षित सिंह, पिंटू गुप्ता, विजय सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### महिला बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति किया प्रेरित



**शाहजहांपुर।** आगामी 7 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला कारागार शाहजहांपुर में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और उनके साथ रह रहे बच्चों के टीकाकरण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में भोर फाउंडेशन (एनजीओ) की अध्यक्षा स्वाती सिंह, डॉ. अंजली सरन, श्वेता सक्सेना एवं डॉ. सुरेश मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों ने महिला बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच, साफ-सफाई और संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान अनुकृति नाट्य मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला सशक्तीकरण, स्वच्छता और बच्चों के टीकाकरण जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे बंदियों ने सराहा। जेल अधीक्षक जे.पी. तिवारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर प्रयास का विषय है। उन्होंने महिला बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कारापाल अनिल कुमार विश्वकर्मा सहित कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन महिला सम्मान, जागरूकता और सशक्तिकरण के संदेश के साथ हुआ।

### शिव पार्वती मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा, गणेश महापुराण कथा का शुभारम्भ

**बरेली।** शिवपार्वती अध्यात्म सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री गणेश महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा शिव पार्वती मंदिर से प्रारंभ होकर डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में भ्रमण करती हुई पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ खंडेलवाल कॉलेज के एम.डी. डॉ. विनय खंडेलवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।कलश यात्रा में 101 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थीं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु नाचते-गाते हुए भगवान के जयकारे लगाते रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, श्रद्धालु एवं भक्तगण इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। ट्रस्ट के संस्थापक इन्द्रभान सक्सेना ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराया जाता है, जिससे क्षेत्रवासियों को धार्मिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो सके। इस वर्ष भी 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक श्री गणेश महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कथा का वाचन भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास पूज्य उमेश चन्द्र शास्त्री महाराज द्वारा संगीतमय शैली में किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का विशेष आध्यात्मिक लाभ मिलेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### बड़ा धमाका : बिथरी से चुनाव लड़ेंगे गिरधारी पप्पू

**बरेली।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की राजनीतिक जमीन पर मजबूत पकड़ रखने वाले चर्चित नेता गिरधारी पप्पू बिथरी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने आज बरेली की राजनीति में अपनी मौजूदगी का अहसास कराया। पीलीभीत बाईपास के दिशा गार्डन में उनके बेटे धर्मेन्द्र सिंह रिंकू साहू ने एक बड़ी सभा बुलाई, जिसमें भारी भीड़ जुटी। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। ऊपरी तौर पर तो यह शुभकामना और मिलन कार्यक्रम था मगर वास्तविकता में यह गिरधारी पप्पू के बिथरी से चुनाव की तैयारी का पहला कदम था। समर्थकों की भारी भीड़ के बीच यह ऐलान किया गया कि गिरधारी पप्पू बिथरी से चुनाव लड़ेंगे मगर पार्टी कौन सी होगी, इसका खुलासा नहीं किया गया।आज साफ हो गया कि राजनीति का चर्चित चेहरा रहे गिरधारी लाल साहू गिरधारी पप्पू अब बरेली की राजनीति में दोबारा लैंड कर रहे हैं। उनकी पत्नी रेखा आर्या उत्तराखंड की भाजपा सरकार में असरदार कैबिनेट मंत्री हैं। गिरधारी पप्पू के बेटे धर्मेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने पिता के समर्थन के लिए पीलीभीत बाईपास स्थित अपने दिशा पैलेस में एक बड़ी सभा बुलाई। इस सभा में कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। दिलचस्प बात यह रही कि गिरधारी पप्पू ने चुनावी मैदान में ताल तो ठोंक दी है मगर पार्टी कौन सी होगी इसका ऐलान अभी नहीं किया। हालांकि इस सभा में गिरधारी पप्पू शामिल नहीं हुए मगर उनके बेटे ने ही सभी प्रकार के इंतजाम किए थे। नारेबाजी के बीच समर्थकों ने कहा कि गिरधारी पप्पू को बिथरी से चुनाव लड़ना चाहिए। गिरधारी पप्पू उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की राजनीति का चर्चित चेहरा हैं। उनकी पत्नी रेखा आर्य इस वक्त सोमेश्वर अल्मोड़ा से विधायक हैं तथा उत्तराखंड की सरकार में एक असरदार कैबिनेट मंत्री हैं। गिरधारी पप्पू खुद कई साल पहले जोगी नवादा से सभासद रहे हैं। इसके अलावा मेयर का चुनाव भी बड़े जोरदार तरीके से लड़ चुके हैं। विवादों से भी गिरधारी पप्पू से हमेशा का नाता रहा है। हर मुसीबत को पार करके उन्होंने लगातार तरक्की की सीढ़ियों को चढ़ा है। इससे पहले उनकी दिवंगत पत्नी बैजंती माला ने बहेड़ी से चुनाव लड़ा था, जिसके चलते भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी। अब गिरधारी पप्पू खुद चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बिथरी चैनपुर वैसे भी बरेली की एक बेहद चर्चित सीट है। पहले यह सीट यहां के विधायक रहे वीरेन्द्र सिंह की वजह से चर्चा में रही। इसके बाद यहां पप्पू भरतौल प्रत्याशी बने। बाद में पप्पू भरतौल का टिकट काटकर चिकित्सक डा. राघवेन्द्र शर्मा को दे दिया गया। डा. राघवेन्द्र शर्मा वर्तमान में बिथरी से विधायक हैं। अब उनकी सीट को लेकर कई दावेदार अपना अपना जोर लगा रहे हैं। इस बीच गिरधारी पप्पू की इंट्री से इस विधानसभा की राजनीति पूरी तरह से उलट गई है। विधानसभा में राठौर साहू वोट की तादाद भी अच्छी खासी है, इसके अलावा अपने अकूत संसाधनों की बदौलत भी गिरधारी पप्पू अगर चुनाव मैदान में उतरते हैं तब वह चुनाव की दशा और दिशा तो जरूर बदल देंगे। सभा में शामिल हुईं प्रमुख हस्तियां – पूर्व विधायक इस्लाम साबिर, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, सपा नेता भारती चौहान, समर्थ मिश्रा, भाजपा नेता डा. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, तारा सम्राट साहू, पप्पू लाला साहू, विनोद साहू, जयपाल प्रधान, पन्ना लाल प्रधान, वेद प्रकाश प्रधान, धर्मपाल, धर्मवीर, देवेन्द्र साहू समेत कई प्रमुख लोग इस सभा में मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार तीन जिंदगियों के लिए बनी काल

## सीबीगंज क्षेत्र के बरेली-दिल्ली हाईवे स्थित परधौली गांव के समीप की है घटना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** सीबीगंज-बरेली-दिल्ली हाईवे पर परधौली के पास लखनऊ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो हाईवे किनारे खड़े टैंकर में घुस गई। जिससे कार के खरपच्चे उड़ गए। उसमें सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं दो बच्चे घायल हो गए।

इसी दौरान पीछे से आई बाइक भी बोलेरो से टकरा गई और उस पर सवार दो लोगों की भी मृत्यु हो गई। सूचना पर एसपी ट्रैफिक एसपी सिटी एसडीम सीओ व स्थानीय पुलिस सहित उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू करते हुए क्रेन की मदद से मृतकों व घायलों को बाहर निकाला गया। फिलहाल पुलिस एक्सीडेंट घटना की जांच कर रही है।



घटना सीबीगंज क्षेत्र के बरेली-दिल्ली हाईवे स्थित परधौली गांव के समीप की है। रविवार अपराह्न करीब 3 बजे लखनऊ की ओर से एक तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

उसमें सवार सिकंदर पुत्र दुर्गेश निवासी पीलीभीत मनमोहन पुत्र नथ्थूलाल निवासी फरीदपुर व एक अन्य अज्ञात युवक की मृत्यु हो गई। वहीं बोलेरो में सवार दो बच्चे घायल हो गए। इसी दौरान मछली का शिकार करने जा रहे सीबीगंज के अटाकायस्थान गांव निवासी शाहबाद(45) पुत्र बाले खां व मुमताज (55) पुत्र इमदाद की बाइक भी अनियंत्रित होकर बोलेरो में घुस गई जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना होते ही मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ जुट गई।

सूचना पर एसडीम एसपी ट्रैफिक एसपी सिटी सीओ सहित उच्च अधिकारी व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और क्रेन की मदद से मृतकों का घायलों को निकालने का प्रयास शुरू कर दिया। बताया जाता है कि एक मृतक का शव कार में ही फंस गया था।

जिसे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने बाहर निकाला। पुलिस ने कार सवार घायल दोनों बच्चों को उपचार हेतु महानगर स्थित एक अस्पताल पर भेजा है। मृतकों व घायलों के पास से मिले आईडी कार्ड आदि के आधार पर उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बीती रात्रि बस और टैंकर की टक्कर हो गई थी। जिसमें मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को तो घटनास्थल से हटा दिया था लेकिन टैंकर वहीं खड़ा था। अगर समय रहते पुलिस ने टैंकर को हटा दिया होता तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती। फिलहाल पुलिस एक्सीडेंट घटना की जांच कर रही है।

### धूमधाम से मनायी जगजीवन राम की जयंती

**बरेली।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बाबू जगजीवन राम की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आज के दौर में बाबूजी जैसे समर्पित और समानता की भावना रखने वाले नेता बहुत कम देखने को मिलते हैं। उनकी सोच समाज में एकता, न्याय और समान अवसर का संदेश देती थी।

उन्होंने कहा कि जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं और 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान बांग्लादेश का निर्माण हुआ, उस समय रक्षा मंत्री के रूप में जगजीवन राम की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। उनके नेतृत्व और निर्णय क्षमता को देश हमेशा याद रखेगा।

पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम लगभग 50 वर्षों तक संसद में सक्रिय रहे और उन्होंने सामाजिक समानता के लिए निरंतर संघर्ष किया।

# ट्रक की टक्कर से दो की मौत

## नगरिया मोड़ पर हुआ हादसा, क्षेत्र में मचा कोहराम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के नगरिया मोड़ पर रविवार को तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव डींगुरपुर निवासी जसपाल सिंह (40) और रावतपुर निवासी पदम सिंह (55) बाइक से तिलहर क्षेत्र के खेड़ा बझेड़ा गांव जा रहे थे। रास्ते में नगरिया मोड़ के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और कंटेनर के पहियों के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक जसपाल सिंह गांव की प्रधान सावित्री के पुत्र थे और निजी शिक्षक के रूप में कार्यरत थे, जबकि पदम सिंह भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष बताए जा रहे हैं। दोनों रिश्तेदार भी थे और परिवार में बीमार महिला का हालचाल लेने जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। साथ ही कंटेनर और चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

हादसे की खबर मिलते ही ददरौल विधायक अरविंद सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जसपाल सिंह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं, जबकि पदम सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# गर्रा नदी में मिला लापता युवक का शव, परिजनों में कोहराम



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के गांव चिट्ठीबोजी घनश्यामपुर के पास गर्रा नदी में रविवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कटरा थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी सुधीर (22) पुत्र महेंद्र के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुधीर 2 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे से लापता था। परिजनों ने उसी दिन थाना कटरा में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को ग्रामीणों ने नदी में शव उतराता देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# चर्च में कैंडल जलाकर दिया शांति का संदेश

## महर्षि कश्यप शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से किया भव्य स्वागत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना – इस पंक्ति को चरितार्थ करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अनीस बेग ने ऐतिहासिक साझा संस्कृति की एक खूबसूरत तस्वीर पेश की। डॉ. बेग ने ईस्टर के पवित्र पर्व और महर्षि कश्यप जन्मोत्सव के उल्लास में शामिल होकर शहरवासियों को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। ईस्टरः बिशप कैथेड्रल में प्रेम और क्षमा का मिलन कैंट स्थित बिशप कैथेड्रल चर्च में आयोजित ईस्टर की विशेष प्रार्थना सभा में डॉ. अनीस बेग ने शिरकत की।

यहाँ बिशप इग्निसीएस डिसूजा ने डॉ. बेग का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. बेग ने कैथोलिक समुदाय को प्रभु ईसा मसीह के पुनरुत्थान की बधाई देते हुए कहा, ईस्टर का पर्व हमें सिखाता है



कि सत्य और प्रेम की शक्ति दुनिया की हर बुराई को हरा सकती है। बिशप डिसूजा ने डॉ. बेग की इस सद्भावनापूर्ण पहल की सराहना की। महर्षि कश्यप शोभायात्राः सेवा और सत्कार की मिसाल वहीं दूसरी ओर, मलकपुर मठिया से शुरू हुई महर्षि कश्यप जन्मोत्सव की विशाल शोभायात्रा का डॉ. अनीस बेग ने बिहारीपुर पुलिस चौकी के सामने भव्य स्वागत किया। डॉ. बेग के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और कैंप लगाकर हज़ारों श्रद्धालुओं के लिए जलपान व शरबत की व्यवस्था की। समिति द्वारा अभिनंदनः शोभायात्रा संगठन के पदाधिकारियों ने डॉ. अनीस बेग की इस सेवा भावना को देखते हुए उनका और अन्य सपा नेताओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, हुरिया रहमान, समर्थ मिश्रा, इंजीनियर अनीश सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने 'महर्षि कश्यप अमर रहें' के जयघोष के साथ एकता का संकल्प लिया। डॉ. अनीस बेग का संदेशः बरेली का असली गौरव यहाँ के मंदिरों की घंटियों, मस्जिदों की अज़ान और चर्च की प्रार्थनाओं के बीच का अटूट रिश्ता है।

# आस्था और उल्लास के साथ मना ईस्टर

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना रहे मुख्य अतिथि

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** गोविंदगंज स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में ईस्टर का पर्व रविवार को आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। यीशु मसीह के पुनरुत्थान के इस पावन अवसर पर मसीही समाज के बड़ी संख्या में लोग प्रार्थना, भजन और आराधना के लिए एकत्रित हुए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान चर्च के पास्टर अमित लाल एवं भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह ने उन्हें शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। अन्य गणमान्य लोगों ने भी पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर



उनका स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, शांति और मानवता का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारा और सौहार्द ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। साथ ही उन्होंने ईसाई समुदाय द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन पास्टर अमित लाल ने किया, जबकि स्वाति सिंह ने हिंदी में ईस्टर पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। चर्च की गायन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इस दौरान देश की शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए विशेष प्रार्थनाएं भी की गईं। फूलों और आकर्षक रोशनी से सजे चर्च परिसर ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईस्टर की बधाई दी और प्रेम व एकता का संदेश साझा किया।

# रंगकर्म योद्धाओं को वितरित किया सम्मान प्रमाण पत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर यूथ वेलफेयर कला, साहित्य एवं भारतीय संस्कृति को समर्पित संस्था के अध्यक्ष गोविन्द सैनी की अध्यक्षता में रंगकर्म गौरव सम्मान समारोह 2026 का आयोजन रोटरी भवन प्रांगण चौपला रोड बरेली पर भव्य तरीके से आयोजित किया गया। जिसमें रंगकर्म क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ एवं युवा रंगकर्मियों को सम्मान प्रमाण पत्र वितरित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संरक्षक उमेश प्रजापति के कमलों द्वारा किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने रंग, अपने कर्म, सम्मान को सदैव जीवित रखो कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोविन्द सैनी ने कहा कि यह सम्मान उन कलाकारों के लिए है जिन्होंने पर्दे के पीछे की संघर्षमयता को दरकिनार कर मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ अभिनय प्रस्तुत किया और अपनी बरेली का नाम प्रदेश, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया, अनेकों उपलब्धियां दिलवाई कार्यक्रम संयोजक पवन कालरा ने कहा रंगमंच सांत्वना देने और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की शक्ति प्रदान करता है, जो दर्शकों को आत्म चिंतन करने के लिए प्रेरित करता है, राजेश अग्रवाल ने कहा रंगकर्म गौरव सम्मान समारोह कला, साहित्य, संस्कृति, जागरूकता के स्तर को बढ़ावा देने वाला मील का पत्थर साबित होगा पवन सक्सेना ने कहा रंगमंच हमारे जीवन का बहुमूल्य हिस्सा जो हमारी जीवन शैली से जुड़ाव रखने वाली भावनाओं का नव मार्गदर्शन करने में सदैव सार्थक है संजीव सक्सेना ने कहा रंगमंच हमारे जीवन का वो आईना जो हमारी वास्तविकता, कठिनाइयों, सामाजिक परिवेश को उजागर कर समाज में नव जागृति का कार्य करता है ।

नई प्रेरणाओं और जागरूकता स्तोत्र है जो हमारे जीवन कई रंग भर देता है। संस्था यूथ अध्यक्ष रवि प्रकाश सक्सेना ने कहा इस बार का भव्य आयोजन युवा रंगकर्मी साथियों को रंगमंच की ओर आकर्षित करने में सहयोग करेगा जिससे आने वाली युवा पीढ़ी रंगकर्म विधाओं का संरक्षण भी कर पाएगी कार्यक्रम में रंगकर्म गौरव सम्मान 2026 के प्रमुख वक्ता व वरिष्ठ रंग कर्मी राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल जी ने कहा रंगमंच अभिनय, संगीत, नृत्य और संवाद के माध्यम से दर्शकों के सामने कहानियों को जीवंत करने वाली एक सहयोगात्मक कला है, जो सीधे दर्शकों से जुड़कर आत्म-जागरूकता और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देती है।

इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी लक्ष्मी नारायण सरस, राजीव शर्मा,अंबुज कुकरेती, रजनीश सक्सेना, संजय कुमार सक्सेना, रोहित राकेश सहित प्रमुख कलाकार शैलेन्द्र आज़ाद, विनायक श्रीवास्तव, पप्पू वर्मा, सुशील सक्सेना, शुभाशीष जोशी, हरजीत कौर, शुभा भट्ट भसीन,नीलम वर्मा, पुष्पा अरुण, राजू चौहान, विक्रम सिंह, सचिन श्याम भारतीय, सुनिल धवन,संजय मठ, कमल श्रीवास्तव, संजय वर्मा, राजीव कर्नल, नाहिद बेग, राजीव उपाध्याय, सुदेश सैनिक, देवेंद्र रावत, प्रदीप महेश मिश्रा, मनसुख राजपूत, सादिक हुसैन, नाजमा खान, सहित युवा कलाकार दानिश खान, पंकज कुमार मौर्य, नदीम नियाज़ी,शीतल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# नाबाद 123 रन बनाने वाले शिवेंद्र बने मैन आफ द मैच

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।**श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के चौथे और पांचवें मुकाबले में रनों की बारिश हुई। चौथे मैच में 22 याड्र्स पीलीभीत का सामना बजाज टैक्सटाइल अमरोहा से और पांचवें मैच में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी से हुआ। दोनों मैच में 22 याड्र्स पीलीभीत के खिलाफ शतक बने। चौथे मैच में 22 याड्र्स पीलीभीत के खिलाफ बजाज टैक्सटाइल अमरोहा ने शोएब सिद्दीकी के 62 गेंदों पर नाबाद 113 रन की मदद से 254 रन बनाए। तो पांचवें मैच में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने विश्वेंद्र चौधरी के 67 गेंदों पर नाबाद 123 रन की मदद से 22 याड्र्स पीलीभीत को जीत के लिए 201 रन का लक्ष्य दिया।

चौथे मैच में तेज हवा के साथ हुई बारिश ने 22 याड्र्स पीलीभीत को मैच ड्रॉ खेलने पर मजबूर होना पड़ा। जिससे अंपायरों ने 22 याड्र्स पीलीभीत और बजाज टैक्सटाइल अमरोहा के बीच एक एक अंक बांट दिया। पांचवें मैच में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाज भी बारिश की तरह दीवार बन 22 याड्र्स पीलीभीत के बल्लेबाजों के आगे खड़े हो गए। जिससे 22 याड्र्स पीलीभीत की टीम 15.2 ओवर में सिर्फ 94 रन बना पाई और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने 107 रन से मैच अपने नाम किया। 67 गेंदों पर 5 छक्के और 16 चौकों से नाबाद 123 रन बनाने वाले एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के विश्वेंद्र चौधरी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और जीत की बधाई दी।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार शाम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का चौथा मैच दूधिया रोशनी में बजाज टैक्सटाइल अमरोहा और 22 याड्र्स पीलीभीत के बीच खेला गया। 22 याड्र्स पीलीभीत के कप्तान रिजवान खान ने टॉस जीत कर बजाज टैक्सटाइल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बिना किसी दबाव के पहले खेलते हुए बजाज टैक्सटाइल ने निर्धारित 20 ओवर में टूर्नामेंट में पहली बार ढाई सौ रनों का आंकड़ा पार करते हुए 254 रन बनाये।

इसमें ओपनिंग करने उतरे शोएब सिद्दीकी ने ने 62 गेंदों का सामना करते हुए 5 छक्के और 15 चौकों की मदद से नाबाद 113 रन बनाए। शानू सैनी (15 रन, 9 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का), रितिक अरोरा (16 रन, 12 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का), कप्तान नयन गुप्ता (48 रन, 19 गेंद, 1 चौका, 6 छक्के) और अमन नवाब (18 रन, 6 गेंद, 1 चौका, 2 छक्के) ने भी टीम का स्कोर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जीत के लिए 254 रनों का पीछा करने उतरी 22 याड्र्स पीलीभीत टीम ने 4.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 19 बनाए ही थे की तेज आंधी के साथ बारिश ने पिच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। देर तक बारिश के चलते अंपायरों ने मैच को ड्रॉ घोषित किया और दोनों टीमों के बीच एक एक अंक बांट दिया।

रविवार दोपहर श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स टूर्नामेंट का पांचवां मैच एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और 22 याड्र्स पीलीभीत के बीच हुआ। एसआरएमएस के कप्तान आदर्श शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजों ने इसे सही साबित किया। .

### बरेली की गंगा-जमुनी तहजीब की उठी गूंज

**बरेली।** ₹मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना₹ – इस पंक्ति को चरितार्थ करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अनीस बेग ने ऐतिहासिक साझा संस्कृति की एक खूबसूरत तस्वीर पेश की। डॉ. बेग ने ईस्टर के पवित्र पर्व और महर्षि कश्यप जन्मोत्सव के उल्लास में शामिल होकर शहरवासियों को आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।कैंट स्थित बिशप कैथेड्रल चर्च में आयोजित ईस्टर की विशेष प्रार्थना सभा में डॉ. अनीस बेग ने शिरकत की। हा बिशप इग्निसीएस डिसूजा ने डॉ. बेग का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. बेग ने कैथोलिक समुदाय को प्रभु ईसा मसीह के पुनरुत्थान की बधाई देते हुए कहा, ₹ईस्टर का पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और प्रेम की शक्ति दुनिया की हर बुराई को हरा सकती है।₹ बिशप डिसूजा ने डॉ. बेग की इस सद्भावनापूर्ण पहल की सराहना की।

**निरीक्षण** एसपी का कांट थाने का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश

# शिकायतों के निपटारे में बरतें पारदर्शिता

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने शनिवार को थाना कांट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं को परखा और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय में अभिलेखों के संधारण और रजिस्टरों की अद्यतन स्थिति की जांच की। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए उन्होंने शिकायतों के निपटारे में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखने पर जोर दिया। मिशन शक्ति केंद्र में महिला संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली को देखा गया।

उन्होंने महिला सुरक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। मैस (भोजनालय) में भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

खाद्य सामग्री के भंडारण की व्यवस्था का निरीक्षण कर कर्मचारियों को स्वच्छ व संतुलित भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैरक का निरीक्षण करते हुए एसपी ने साफ-सफाई, अनुशासन, शयन व्यवस्था, प्रकाश और वेंटिलेशन की स्थिति का जायजा लिया। पुलिसकर्मियों के रहने की सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। मालखाना कक्ष में मुकदमाती माल,



शस्त्र और जब्त वस्तुओं के रख-रखाव व सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। अभिलेखों का मिलान कर उन्हें अद्यतन रखने और वस्तुओं के सुरक्षित संरक्षण के निर्देश दिए गए। थाना परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा और रख-रखाव की स्थिति का निरीक्षण करते हुए वाहन पार्किंग और अभिरक्षा व्यवस्था को भी देखा गया। परिसर में हरित वातावरण बनाए रखने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुशासन, कार्यकुशलता और जनसेवा की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आमजन की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### बडहलगंज में महाराज गुह्यराज निषाद की जयंती मनाई



**बड़हलगंज, गोरखपुर।** बडहलगंज में महाराज गुह्यराज निषाद की जयंती मनाई गई। रविवार को क्षेत्र के बाछेपार स्थित श्री रामजानकी निषाद मंदिर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर के पुजारी रामकिशुन दास ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों, श्रद्धालुओं और निषाद समाज के लोगों ने महाराज गुह्यराज निषाद के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। धर्मराज निषाद ने बताया कि 'निषाद राज' निषादों के राजा का उपनाम है और वे श्रृंगवेरपुर के शासक थे। पप्पू निषाद ने उनके नाम 'गुह्म' का उल्लेख किया। ग्राम प्रधान मुहालजकर राजेश निषाद ने जानकारी दी कि निषाद राज गुह्य का जन्म चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को होता है, जिसे हर वर्ष 5 अप्रैल को मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरि लाल निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कोलाहल निषाद, मुन्ना निषाद, मंगल पहलवान, केदार निषाद, शैलेश गौड़, संत रविन्द्र दास जी महाराज, राम दवन निषाद, हरिश्चंद्र निषाद, वीरू निषाद, राजकुमार निषाद, मोलई प्रसाद, गिरिश शर्मा, लक्की निषाद, अनूप जायसवाल और विजय मद्धेशिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### बडहलगंज में किशोरी व युवती गायब



**बड़हलगंज, गोरखपुर।** बडहलगंज कोतवाली क्षेत्र में दो युवतियों को बहला-फुसलाकर ले जाने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। इनमें एक युवती और एक नाबालिग शामिल है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामलों में शनिवार रात मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दे आरोप लगाया है कि 30 मार्च को गांव का ही एक युवक उसकी 18 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।काफी तलाश के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं दूसरे मामले में थाना क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि 3 अप्रैल की रात करीब 11 बजे गांव का एक युवक उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिजनों ने उसकी भी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।पुलिस ने दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 87 और 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।थाना प्रभारी सुनी राय के अनुसार, दोनों मामलों की गहनता से जांच की जा रही है और संबंधित युवतियों की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत

**सलेमपुर, देवरिया।** लार थाना क्षेत्र के सकरापार गांव निवासी राहुल कुमार यादव (28) की 20 अप्रैल को शादी तय थी, लेकिन उससे पहले ही एक भीषण सड़क हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। शनिवार शाम करीब 5 बजे राहुल अपने दोस्त सचिन कुमार यादव (23) के साथ बाइक से शादी के कार्ड बांटने निकले थे। दोनों खामपार गांव में कार्ड वितरित करने के बाद सलेमपुर की ओर जा रहे थे। 04 अप्रैल 2026 को रात करीब 08 बजे सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के मझौलीराज स्थित जिरासो बंधा के पास भाटपार रानी-सलेमपुर मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक हवा में उछलकर करीब 10 फीट दूर जा गिरे। हादसे के बाद अनियंत्रित स्कॉर्पियो पास में खड़े एक ऑटो रिक्शा से भी टकरा गई, जिससे ऑटो पलट गया। बाइक के परखच्चे उड़ गए, जबकि स्कॉर्पियो और ऑटो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही सलेमपुर थाना प्रभारी दिनेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर भेजा। वहां डॉक्टरों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल राहुल को प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर रेफर किया गया, जहां रात करीब 11 बजे इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों युवक अपने-अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाई बजने वाली थी, वहां अब सन्नाटा और मातम पसरा है। यह हादसा पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख देने वाला है।

### सुबह टहलने निकली महिला की सड़क हादसे में मौत

**देवरिया।** देवरिया जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बैतालपुर नगर पंचायत स्थित साहू टोला आनंद नगर में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान विमला देवी पत्नी बालकिशुन यादव के रूप में हुई है। वह सुबह करीब 6 बजे टहलने के लिए घर से निकली थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टहलने के दौरान एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विमला देवी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। विमला देवी मूल रूप से बैतालपुर की निवासी थीं, लेकिन अपने पति के साथ मुंबई में रहती थीं। वह लगभग 10 दिन पहले ही गांव आई थीं और उन्हें रोजाना सुबह टहलने की आदत थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रेम-प्रसंग में विवाद, किशोरी की निर्मम हत्या

## चाकू से हमला कर गला रेतने का आरोप, दो आरोपी फरार





विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया, संवाददाता।** जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां प्रेम-प्रसंग के विवाद में 17 वर्षीय किशोरी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के नीतन हथियागढ़ गांव निवासी अंजली (17) शनिवार रात करीब 8 बजे अपनी बड़ी बहन और छोटे भाई के साथ सहोदरा पट्टी चौराहे पर मोबाइल ठीक कराने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और तीनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि जान बचाने के लिए तीनों वहां से भागे, लेकिन हमलावरों ने अंजली का पीछा किया और पास के गेहूं के खेत में उसे पकड़ लिया। आरोप है कि युवकों ने पहले चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल किया। इसके बाद भी जब वह जीवित थी, तो दरिंदगी की हद पार करते हुए उसका गला रेत दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, अंजली की बहन और भाई किसी तरह घर पहुंचे और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है।

घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका का गांव के ही एक युवक आदित्य सिंह उर्फ शिवम सिंह से पिछले चार वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसी संबंध को लेकर विवाद के चलते इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया गया। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। क्षेत्राधिकारी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### फाफामऊ शांतिपुरम पुलिस चौकी का भव्य उद्घाटन

**फाफामऊ।** शनिवार को फाफामऊ के शांतिपुरम में एक नए युग की शुरुआत हुई, जब पुलिस आयुक्त प्रयागराज, जोगेन्द्र कुमार ( आईपीएस) ने शांतिपुरम पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस चौकी के उद्घाटन को फाफामऊ क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा ( आईपीएस) और विजय ढुल (आईपीएसI), पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत (आईपीएस), सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरुण पाराशर ( पीपीएस), और थाना अध्यक्ष फाफामऊ अश्वनी कुमार सिंह,व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय जायसवाल, डा.कपिल जायसवाल, अशीष केशरवानी तमाम व्यपारी उपास्थित रहे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस चौकी के खुलने से फाफामऊ क्षेत्र में अपराध दर में कमी आएगी और लोगों को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग का उद्देश्य है कि लोगों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार बरियारपुर पुलिस की कार्रवाई



विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बरियारपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में की गई।

पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बरियारपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धूसवा-पथरदेवा मार्ग से अभियुक्त रामू कुशवाहा पुत्र राधा किशुन कुशवाहा निवासी सिरवनिया थाना तरकुलवा को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ थाना बरियारपुर में मु0अ0सं0 058/2026 के तहत गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वर्ष 2025 में उसके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया था।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक सिंह, उपनिरीक्षक जितेश श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल अरबिंद सिंह, कांस्टेबल प्रदीप कुमार कुशवाहा, अखिलेश गुप्ता, राहुल यादव तथा महिला कांस्टेबल अंजली यादव शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## बडहलगंज में ईस्टर पर्व श्रद्धा से मनाया गया

» प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने पर चर्चों में विशेष



विश्ववार्ता संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर में रविवार को ईस्टर पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने के इस दिन बड़हलगंज के मसीही कलीसिया चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

ईस्टर पर्व की तैयारियाँ शनिवार से ही शुरू हो गई थीं। रविवार को ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के पुनः जीवित होने के उपलक्ष्य में यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। चर्चों एवं गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया।

बड़हलगंज के मसीही कलीसिया चर्च में पास्टर फादर रामनाथ ने बाइबल के वचनों पर विशेष प्रवचन दिया। उन्होंने ईस्टर के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन वे कब्र से जीवित हो उठे थे। इस अवसर पर देश में अमन-शांति के लिए भी विशेष प्रार्थनाएँ की गईं फादर रामनाथ ने बताया कि ईस्टर ईसाई धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो आशा, विश्वास और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। यह मान्यता है कि इसी दिन प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद उन्हें पुनः जीवन प्राप्त हुआ था।

चर्च में उपस्थित श्रद्धालुओं ने शांति, सुख-समृद्धि और मानवता के कल्याण के लिए प्रार्थनाएँ कीं। घरों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। परिवारों ने एक-दूसरे को बधाई दी और विभिन्न प्रकार के पकवान तथा मिठाइयाँ तैयार कीं। बच्चों ने रंग-बिरंगे ₹ईस्टर एग्स के साथ खेलकूद कर इस दिन को खुशी से मनाया। पूरे क्षेत्र में ईस्टर पर्व के अवसर पर भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम

**उतराव।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधा पूर्वक जीवन जीने के लिए कई योजना लाई है। जिससे वरिष्ठ नागरिकों कों किसी प्रकार की परेशानी न हो। वही 5 अप्रैल दिन रविवार कों उतराव क्षेत्र के निमिथरिया के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज में ग्रामयोदय शिक्षण संस्थान द्वारा अटल वयो अभ्युदय योजना के अनर्गत मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे कुल 113 वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे वरिष्ठ जनों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों कों आर्थिक रूप से स्वतंत्र और सम्मानित जीवन जीने मे मदद करना है और वरिष्ठ नागरिकों कों केवल आश्रय ही नहीं बल्कि प्रोडक्ट बनाने और हुनर कों निखारने पर जोर दिया जाता है। संस्था द्वारा कार्यक्रम मे छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं कों संस्था द्वारा नगद पुरुस्कार मेडल देकर सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव अरविन्द कुमार द्वारा , वृद्धजनो कों सांत्वना प्रमाण पत्र वितरण किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबू जगजीवन राम की जयंती



विश्ववार्ता संवाददाता

**बडहलगंज, गोरखपुर।** बड़हलगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शिवानंद ओझा 'कन्हैया' ने बाबू जगजीवन राम को आधुनिक भारतीय राजनीति का शिखर पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि जगजीवन राम ने अपने संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति अद्वितीय निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मोहन लाल सोनकर व बदरे आलम अंसारी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, राजनीतिक सक्रियता और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने सदियों से शोषित, वंचित और दलित समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधान किए, जो आज भी ऐतिहासिक माने जाते हैं।

गणेश शंकर पांडेय और नंदलाल जायसवाल ने बाबू जगजीवन राम के व्यक्तित्व को अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जगजीवन राम ने जीवनभर दलितों और मजदूरों के सम्मान के लिए आवाज उठाई और भारत में संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में उनका अहम योगदान रहा। पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश सर्राफ, विष्णुदत्त मिश्र और संतकुमार राय सहित अन्य वक्ताओं ने भी उनके योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि बाबू जगजीवन राम ने विद्यार्थी जीवन से ही अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

इस अवसर पर श्रीनिवास सिंह, विनोद कन्नौजिया, डॉ. शिवाकांत यादव, राज निषाद, मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा ओलंपियाड में गोरखपुर का परचम

### गोला के अखिलेश मिश्र विश्वविद्यालय में अव्वल, कुलपति ने किया सम्मानित



विश्ववार्ता संवाददाता

**गोरखपुर।** गोला तहसील के पतरा गांव निवासी अखिलेश कुमार मिश्रा ने भारतीय ज्ञान परंपरा (IKS) ओलंपियाड में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अखिलेश सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के शोध छात्र और सन्यासी संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी में साहित्य प्रवक्ता हैं।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस ओलंपियाड में उनकी उपलब्धि के लिए सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा ने उन्हें स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कुलपति ने अखिलेश को भविष्य में भी विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अखिलेश के माता-पिता, छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेश मिश्रा, बीएड विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाखा शुक्ला, जन संपर्क अधिकारी शशीन्द्र मिश्रा, अधीक्षक उपेंद्र नाथ द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के गुरुजनों और इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी है। अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता के बाद अपने संदेश में अखिलेश मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद का परिणाम है।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि देववाणी संस्कृत का अध्ययन और इसके प्रति निष्ठा कभी निष्फल नहीं होती।

अखिलेश कुमार मिश्रा ने इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनमें नेशनल संस्कृत ओलंपियाड में द्वितीय स्थान, काशी संसद सांस्कृतिक महोत्सव में जोन स्तर पर प्रथम और जिला स्तर पर द्वितीय स्थान शामिल हैं। उन्होंने काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित शास्त्रार्थ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और नई शिक्षा नीति पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सर्वोत्कृष्ट शोध पत्र वाचन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर उन्होंने अपने माता-पिता और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### महंत श्रवण दास जी महाराज की स्मृति में भव्य भंडारा आयोजित

**झूंसी।** नई झूंसी स्थित श्री जोखई दास आश्रम में महंत श्री श्रवण दास जी महाराज का साकेत वास गत 19 मार्च को हो गया था ।

रविवार को सोलहवीं के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा की झलक देखने को मिली। महंत श्री राम जी दास महाराज के नेतृत्व में आयोजित इस भंडारे में विभिन्न आश्रमों से सैकड़ों साधु-संतों ने सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने महंत श्रवण दास जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आध्यात्मिक योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर गोपाल दास, भगवान दास, ब्रह्माण्ड गिरि, रामलोचन दास, राजेंद्र दास, ब्रज भूषण दास, बृजकिशोर दास, शुशील दास, लक्ष्मण दास सहित बड़ी संख्या में साधु-संत एवं भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## मोबाइल शॉप पर चोरी का खुलासा रुद्रपुर पुलिस ने अभियुक्त को दबोचा



विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के रुद्रपुर थाना क्षेत्र में हुई मोबाइल शॉप चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव के पर्यवेक्षण में थाना रुद्रपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजकिशोर उर्फ घुरहू पुत्र मुन्ना निवासी परसौनी थाना झगहा जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। उसे मुखबिर की सूचना पर जंगल भुसउल स्थित बंधा के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के दो कीपैड मोबाइल फोन, चार ब्लूटूथ नेकबैंड (अलग-अलग कंपनियों के) और एक ब्लूटूथ ईयरबड बरामद किया गया है। गौरतलब है कि 20 फरवरी 2026 को वादी दिलीप कुमार निवासी लक्ष्मीपुर ने थाना रुद्रपुर में तहरीर देकर बताया था कि लुअटही चौराहा स्थित डीके मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल फोन, लैपटॉप व अन्य मोबाइल एसेसरीज चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल रहे उपनिरीक्षक सौरव सिंह एवं कांस्टेबल बृजभान यादव।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में चोरी व अन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## देवरिया में मिशन शक्ति फेज-5 .0 का बहू-बेटी अभियान



» महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**देवरिया।** महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को लेकर जनपद देवरिया में मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रविवार को "बहू-बेटी अभियान" बृहद स्तर पर चलाया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों ने गांव-कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान थाना कोतवाली की टीम ने न्यू कॉलोनी/गरुणपार, रामपुर कारखाना पुलिस ने कस्बा क्षेत्र, तरकुलवा में ग्राम रामपुर दौताल, महुआडीह में ग्राम महुआडीह, रुद्रपुर में दुग्धेश्वरनाथ मंदिर परिसर, मदनपुर में ग्राम महेन, एकौना में कोलकेशव, लार में हरखौली, खुखुन्दू में खुखुन्दू, भटनी में जलपा माता मंदिर परिसर, खामपार में छपिया, श्रीरामपुर में मठिया तथा बरहज में प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर में चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

इन कार्यक्रमों में महिला पुलिसकर्मियों ने परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित एवं दहेज उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, साइबर अपराध जैसे मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई और उनसे बचाव के उपाय बताए गए। मिशन शक्ति टीमों ने नए आपराधिक कानूनों—भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) 2023 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए "दंड से न्याय की ओर" पीड़ित केंद्रित व्यवस्था को भी समझाया।

इसके अतिरिक्त महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से जुड़े विषयों पर भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीमों ने हेल्पलाइन नंबरों—112, 181, 1090, 102, 1076, 1098, 108 और 1930 की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस तरह के अभियानों का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर समाज में सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण तैयार करना है।

### एमपीआईटी में टीसीएस के सहयोग से स्थापित हुआ है पूर्वी यूपी का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

# विश्व कीर्तिमान के साथ होगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

» शुभारंभ अवसर तक पांच लाख युवाओं को 'एआई फॉर आल' ट्रेनिंग वर्कशॉप से जोड़ने की तैयारी



**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) के सहयोग से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ एक विश्व कीर्तिमान के साथ होगा। 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर टीसीएस एवं टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी उपस्थित रहेंगे।

शुभारंभ के अवसर पर एमपीआईटी ने एआई फॉर आल ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए पांच लाख युवाओं को पंजीकृत करने की तैयारी की है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और साइबर सिक्योरिटी जागरूकता पर निशुल्क 60 दिवसीय इस वर्कशॉप को एमपीआईटी की तरफ से दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, टीसीएस और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के साथ संयुक्त पहल के रूप में कराया जाएगा। एमपीआईटी के निदेशक सुधीर अग्रवाल के अनुसार ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। इसका लिंक एमपीआईटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है, 9 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एआई अवेयरनेस फॉर आल के साथ ही किसानों और कृषि विद्यार्थियों के लिए 'एआई अवेयरनेस फॉर फार्मर्स' वर्कशॉप के लिए पंजीकरण शुरू किया गया है। इसमें एक हजार किसानों और कृषि विद्यार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वर्कशॉप पूर्णतः निशुल्क है और इसका शुभारंभ भी 15 अप्रैल को होगा।

एआई अवेयरनेस तथा साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम में एआई का परिचय, जेनेरेटिव एआई टूल्स, प्रॉम्पिंग एंड प्रोडक्टिविटी, रिस्पांसिबल एआई यूज, साइबर हाइजीन, फ्रॉड प्रिवेंशन, पासवर्ड एंड ओटीपी सेफ्टी और सेफ डिजिटल प्रैक्टिसेज के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त होगा। जबकि एआई अवेयरनेस फॉर फार्मर्स वर्कशॉप में कृषि में एआई, मौसम और फसल योजना, डिजिटल फार्मिंग टूल्स और रूरल प्रोडक्टिविटी सपोर्ट के बारे में विस्तार से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**50 करोड़ रुपये की लागत से बना है सेंटर ऑफ एक्सीलेंस**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टीसीएस के सहयोग से पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ है।

इसे विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप विकसित किया गया है। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉम्प्लेक्स में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्युरिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कुल छह तरह के पाठ्यक्रम (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्युरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी, थ्री डी प्रिंटिंग समेत एकीकृत पाठ्यक्रम) संचालित होंगे। बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में हर पाठ्यक्रम के लिए एक अलग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होगा।

एमपीआईटी के निदेशक सुधीर अग्रवाल के अनुसार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ढांचागत निर्माण पर 19.35 करोड़ रुपये, फर्नीचर व फर्निशिंग पर 2.40 करोड़, ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर पर 1.84 करोड़, एआई सेंटर पर 9.56 करोड़, स्पेस टेक्नोलॉजी सेंटर पर 2.09 करोड़, साइबर सिक्योरिटी सेंटर पर 6.19 करोड़ और थ्री डी प्रिंटिंग सेंटर पर 6.79 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

**एमपीआईटी से लाभान्वित होंगे 15 अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थान**

एमपीआईटी के सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेंगे। यहां न केवल एमपीआईटी के छात्रों को बल्कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से अनुमोदित 15 अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों को भी ग्लोबल कोर्सेज में शामिल होने की सुविधा मिलेगी। जो संस्थान एमपीआईटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से लाभान्वित होंगे उनमें मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक गोरखपुर, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक गोरखपुर, महामाया राजकीय पॉलिटेक्निक हरिहरपुर खजनी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी गोरखपुर सेंटर, महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक गोरखपुर, बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गीडा गोरखपुर, बुद्धा पॉलिटेक्निक कॉलेज गीडा गोरखपुर, आईटीएम गीडा गोरखपुर, आईटीएम पॉलिटेक्निक गीडा गोरखपुर, केआईपीएम कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गीडा गोरखपुर, लिटिल फ्लावर पॉलिटेक्निक गोरखपुर, महामानव गौतम बुद्ध पॉलिटेक्निक बनकटी खुर्द, सुयश इंस्टीट्यूट ऑफ़ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी हक्काबाद गोरखपुर और विकास इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गोरखपुर शामिल हैं।

## एक नजर

### जिला कारागार में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन



**सुलतानपुर।** जिला कारागार अमहट में बंदियों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन जिला जज ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चारु निगम, कारागार अधीक्षक प्रांजल अरविंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जेल प्रशासन के अनुसार डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से बंदियों को कानून संबंधी जानकारी, शिक्षा से जुड़ी सामग्री, धार्मिक पुस्तकें और प्रेरणादायक साहित्य डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उद्देश्य बंदियों को ज्ञान से जोड़ना और उनके सुधार व पुनर्वास में मदद करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से बंदियों को सकारात्मक दिशा मिलेगी और वे सजा पूरी करने के बाद समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

### एसएन स्कूल में कॉमर्स स्ट्रीम शुरू, करियर गाइडेंस पर रहेगा फोकस



**लम्भुआ-सुलतानपुर।** लंभुआ स्थित एसएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शिक्षा सत्र से कॉमर्स संकाय की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब स्थानीय स्तर पर ही कॉमर्स शिक्षा का अवसर मिल सकेगा। विद्यालय के प्रबंधक अनिल दुबे ने बताया कि कॉमर्स स्ट्रीम के अंतर्गत अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स विषयों पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही छात्रों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए), कंपनी सेक्रेटरी (सीएस), कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी (सीएमए) तथा बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए समुचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कॉमर्स को सबसे महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरपूर स्ट्रीम माना जाता है, क्योंकि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था पूरी तरह व्यापार और वित्तीय तंत्र पर आधारित है। 12वीं के बाद छात्र बीबीए, बीकॉम समेत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के जरिए अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर प्रियंका तिवारी ने जानकारी दी कि अनुभवी और योग्य शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को नि:शुल्क करियर कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने भविष्य के प्रति सही निर्णय ले सकें।

### राम और कृष्ण जन्मोत्सव के भक्ति में डूबा कथा पंडाल



**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** पांडेयपुर अठैसी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन रविवार को कथा पंडाल भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उल्लास में डूबा रहा। अयोध्या धाम के कथा वाचक आचार्य विनोद पांडेय जी महाराज ने श्रीराम जन्मोत्सव और कृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। आचार्य ने श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग में बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान श्रीराम जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने राम जन्म की कथा को विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन हमें सत्य, कर्तव्य और आदर्श आचरण की प्रेरणा देता है। इसके बाद कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अन्याय और अत्याचार के अंत के लिए हुआ। उन्होंने कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने और धर्म की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण के दिव्य अवतरण का सुंदर चित्रण किया। जन्मोत्सव के दौरान शंख, घंटा और जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो गया। मुख्य यजमान देवी प्रसाद पाण्डेय एवं सुशीला देवी ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।कार्यक्रम के आयोजक संजय पांडेय ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति समेत पांच पर मुकदमा

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** बेलहरी गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के मामले में चैकी प्रभारी की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जौनपुर जिले के रामपुर थाना अंतर्गत गोपालापुर निवासी साहबलाल की पुत्री काजल उर्फ स्वाती (25) की मोतिगरपुर थाने के बेलहरी निवासी अभिषेक पुत्र राधेश्याम के साथ करीब पांच माह पहले विवाह हुआ था। 2 अप्रैल की शाम काजल का शव घर के अंदर छत में लगे हुक से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। परिवारजन उसे शीघ्र जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला दबने से एंटेमॉर्टम स्ट्रैंगुलेशन बताया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बेलहरी चैकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह ने आरोप लगाया है कि जांच के दौरान पता चला कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज और गौने में कार न मिलने को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। पुलिस के अनुसार दहेज उत्पीड़न के आरोप सामने आए हैं। इस आधार पर पति अभिषेक, सास माधुरी, ससुर राधेश्याम तथा देवर आशीष व अजीत के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 (2), 85, 61(2) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सुल्तानपुर में अमेठी के युवक के खिलाफ केस दर्ज

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक महिला को सोशल मीडिया पर बदनाम करने और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक और उसके परिवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि वर्ष 2024 में उसका अमेठी के ग्राम पिछूटी निवासी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गोलू से प्रेम प्रसंग शुरू हुआ था। दोनों के परिजन शादी के लिए सहमत थे, लेकिन बाद में पुष्पेंद्र का व्यवहार बदल गया। पीड़िता का आरोप है कि युवक उसे गाली-गलौज करने लगा और अन्य लड़कियों से बातचीत करने लगा, जिसके बाद उसने शादी से इनकार कर दिया। शादी से इनकार करने पर आरोपी पुष्पेंद्र ने पीड़िता की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियों के साथ पोस्ट करना शुरू कर दिया। पीड़िता का दावा है कि फेसबुक आईडी का इस्तेमाल कर उसे बदनाम किया जा रहा है। तहरीर के अनुसार, आरोपी न केवल पीड़िता की छवि खराब कर रहा है, बल्कि उसके परिवार वालों को फोन और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

# सड़क हादसे में शिक्षिका की मौत

## ढकवा बाईपास पर हुआ हादसा, दो अन्य गंभीर रूप से घायल



**चांदा-सुलतानपुर।** लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर ढकवा बाईपास के पास रविवार को ऑटो और कार के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 1033 की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैंचा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया।

वहीं दो अन्य घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतका एक निजी विद्यालय में शिक्षिका थी और किसी कार्य से ढकवा बाजार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है तथा मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उक्त हादसा प्रतापगढ़ जनपद के थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र अंतर्गत ढकवा बाईपास के पास हुआ है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** मजदूर को छोड़कर लौट रहा बाइक सवार युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। परिवारजन उसका लखनऊ में उपचार करा रहे थे। जहां उसकी मौत हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली के साटा रामापुर निवासी हिमांशू वर्मा (22) ट्रैक्टर से गेहूं मड़ाई का कार्य करते थे। शनिवार रात कारीब 9 बजे वह अपने गांव के मजदूर को छोड़कर वापस ट्रैक्टर के पास लौट रहे थे। पुरषोत्तमपुर सैती के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवारजन हिमांशू को मेडिकल कालेज सुलतानपुर ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। रविवार दोपहर उपचार के दौरान हिमांशू की मौत हो गई। पिता सियाराम की दो वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। तीन भाईयों में हिमांशू दूसरे नंबर पर था। एक बहन विवाहित है। घटना से बड़े भाई शुभम छोटे भाई राज और मां उर्मिला का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी कोतवाल सूबेदार यादव ने बताया कि अभी उन्हें घटना की जानकारी नही मिली है। सूचना पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चार वाहन आपस में टकराए

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दोपहर चार वाहन आपस में टकरा गए। एक कार चालक द्वारा गलत दिशा में मुड़ने के प्रयास के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना में एक कार, एक रोडवेज बस और दो ट्रक शामिल थे, हालांकि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई।

यह घटना रविवार दोपहर किमी संख्या 123.8 पर हुई। बनारस से लखनऊ की ओर जा रही अर्टिगा कार गलत रास्ते पर आ गई थी। चालक राजीव कुमार निवासी हिमाचल प्रदेश ने जब गाड़ी को बीच रास्ते से मोड़ने का प्रयास किया, तो पीछे से आ रही आजमगढ़ डिपो की रोडवेज बस उससे टकरा गई। इसी दौरान, पीछे से आ रहे दो अन्य ट्रक भी इस दुर्घटना की चपेट में आ गए। आगरा से बंगाल जा रही ट्रक और कानपुर से गुवाहाटी जा रही ट्रक के बीच भी टक्कर हुई। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा टीमें मौके पर पहुंच गईं। बस में सवार सभी 17 यात्री सुरक्षित पाए गए, जिन्हें तत्काल दूसरी बस के जरिए उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। हादसे की सूचना दोपहर 1:35 बजे डायल 112 पर मिली। इसके दस मिनट बाद, दोपहर 1:45 बजे सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी के नेतृत्व में पैकेज 04 की सुरक्षा टीम घटनास्थल पर पहुंची। क्रेन और हाइड्रा से के बीच पहुंचे। सुरक्षा अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाइड्रा और क्रेन की मदद से सड़क के किनारे (पीली पट्टी के अंदर) करवाया और सुरक्षा कोन लगवाए। वर्तमान में एक्सप्रेसवे पर यातायात पूरी तरह सुचारू रूप से चल रहा है।




- गलत दिशा में मुड़ने से हुआ हादसा, सभी यात्री सुरक्षित

# प्रयागराज के ड्राइवर का ट्रक की केबिन में मिला शव

## जीपीएस ट्रैकिंग से हुआ खुलासा, सिर पर चोट के निशान

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर खड़े एक ट्रक के भीतर से ड्राइवर का शव बरामद किया गया है। रविवार को सामने आई इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

गाड़ी मालिक संजय खत्री, जो प्रयागराज के निवासी हैं, ने बताया कि उनका ट्रक बहराइच से लौट रहा था। ड्राइवर से संपर्क न होने पर उन्होंने जीपीएस के माध्यम से ट्रक को ट्रैक किया। ट्रक की लोकेशन लखनऊ-वाराणसी रोड पर 400 केवी पावर हाउस गेट नंबर 3 के पास मिली। मौके पर पहुंचने पर मालिक ने ट्रक के भीतर ड्राइवर का शव पड़ा देखा। मृतक की पहचान प्रयागराज निवासी 25 वर्षीय प्रदीप कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रदीप का शव ट्रक की नॉन-ड्राइवर सीट पर पड़ा मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे और काफी खून बह चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं। मालिक के मुताबिक, प्रदीप पिछले 15-20 दिनों से बिहार और महाराष्ट्र के रूट पर था। आशंका है कि उसके पास कुछ नकदी थी, जो मौके से गायब मिली है। हालांकि, मृतक का एंड्रॉइड मोबाइल फोन ट्रक के भीतर शव के पास ही सुरक्षित पाया गया। पुलिस अब हाईवे के टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से ट्रक की आवाजाही को ट्रैक कर रही है। इससे वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान और घटना के तरीके का पता लगाने में मदद मिलेगी।




# महुआ बीनने गए दंपति के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**लंभुआ-सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के परसीपुर गांव में महुआ बीनने गए दंपति के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया है। पीड़ति ने थाना लम्भुआ में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, परसीपुर निवासी बब्लू उर्फ योगेन्द्र रविवार की सुबह अपनी पत्नी मोनी के साथ बाग में महुआ बीन रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दंपति के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ति के अनुसार, आरोपियों में बाल मुकुंद वर्मा, कंचन, सरोजा वर्मा, शिवानी, साक्षी निवासीगण परसीपुर तथा घाटपुर दक्षिणी निवासी मुरलीधर शुक्ला समेत दो अज्ञात लोग शामिल थे। आरोप है कि मारपीट के दौरान मुरलीधर शुक्ला ने जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। विरोध करने पर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ति दंपति में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ति ने थाना लम्भुआ में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लंभुआ पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# भीषण आग में गृहस्थी जलकर खाक, बालक झुलसा



**कादीपुर-सुलतानपुर।** बनकेगाँव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने एक परिवार की गृहस्थी को पूरी तरह तबाह कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सुबई पुत्र जयलाल के घर में सुबह लगभग 5 बजे अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मवेशियों के बंधे मड़हे और आसपास का सामान चपेट में आ गया।

घटना के दौरान एक गाय और एक बकरी की आग में झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए हैं। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। इस बीच, गृहस्वामी के 15 वर्षीय नाती शिवम पुत्र राजेश ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए आग की लपटों के बीच फंसे तीन मवेशियों की रस्सी काटकर उनकी जान बचाई। इस दौरान शिवम खुद भी झुलस गया, हालांकि उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। आग की इस घटना में घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया है, जिससे परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद घर की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# आंधी और बारिश से सौ गांवों की बिजली रातभर रही गुल

विश्ववार्ता संवाददाता

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** शनिवार रात आई आंधी और हल्की बारिश ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। जयसिंहपुर और उघड़पुर उपकेंद्रों की आपूर्ति ठप होने से करीब सौ गांवों में रात भर अंधेरा छाया रहा। इससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शनिवार रात करीब नौ बजे तेज हवा के साथ हुई हल्की बारिश के दौरान जयसिंहपुर उपकेंद्र की 33 हजार वोल्ट लाइन पर पेमापुर के पास पेड़ की डाल गिर गई। इससे तहसील मुख्यालय, जयसिंहपुर, बरौंसा बाजार समेत करीब दो दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यहां शनिवार दिन में भी पर्याप्त आपूर्ति उपभोक्ताओं को नही मिली थी, जिसके कारण लोगों अधिक परेशानी उठानी पड़ी।

उघड़पुर उपकेंद्र क्षेत्र में भी आंधी के चलते तकनीकी खराबी आ गई, जिससे करीब 80 गांव की आपूर्ति भी ठप हो गई। रात करीब 11 बजे बिजली चालू करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। उघड़पुर उपकेंद्र की आपूर्ति रविवार सुबह करीब सात बजे बहाल हो सकी,जबकि जयसिंहपुर क्षेत्र में सुबह लगभग 10 बजे बिजली सप्लाई शुरू हो सकी। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पेड़ों की समय पर छंटाई न होने के कारण इस तरह की समस्याएं बार-बार उत्पन्न होती हैं। उन्होंने विभाग से स्थायी समाधान की मांग की है। जयसिंहपुर उपकेंद्र के जेई अजीत पटेल ने बताया कि 33 हजार वोल्ट लाइन पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हुई थी।




# बल्दीराय के कम्पोजिट विद्यालय में बड़ी कार्रवाई

## इंचार्ज शिक्षिका निलंबित, सभी शिक्षकों का वेतन रोका

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** कम्पोजिट विद्यालय बल्दीराय में मिली गंभीर अनियमितताओं पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बड़ी कार्रवाई की है। विद्यालय की सहायक अध्यापिकाध्इंचार्ज अर्चना द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया है, वहीं विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षामित्रों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। कार्रवाई जांच रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद की गई है।

जारी आदेश के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय की जांच आख्या और जिला समन्वयक एमडीएम की निरीक्षण रिपोर्ट में विद्यालय में कई अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका में गड़बड़ी सामने आई। आरोप है कि उपस्थिति पंजिका में बिंदु लगाकर छोड़ दिया जाता था और बाद में छात्र संख्या बढ़ाकर दर्ज की जाती थी, जिससे एमडीएम मद में अधिक धनराशि खर्च दिखाने की आशंका है।



जांच में यह भी पाया गया कि विद्यालय में शैक्षणिक कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही थी, शिक्षक डायरी नहीं बनाई जा रही थी तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी लापरवाही बरती जा रही थी। इंचार्ज शिक्षिका पर अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और विभागीय छवि धूमिल करने के भी आरोप लगाए गए हैं। बीएसए ने निलंबन अवधि में अर्चना द्विवेदी का संबद्ध ब्लॉक संसाधन केंद्र कुड़वार से कर दिया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी कुड़वार को निर्देश दिया गया है कि एक सप्ताह के भीतर आरोप पत्र उपलब्ध कराते हुए 15 दिन के अंदर विस्तृत जांच आख्या प्रस्तुत करें। एक ही विद्यालय में इंचार्ज शिक्षिका के निलंबन और सभी शिक्षकों का वेतन रोके जाने की कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# हेलमेट को लेकर पुलिस का अभियान, कई स्थानों पर चेकिंग

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया।

बल्दीराय क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने वाहन चालकों को रोककर हेलमेट पहनने की अपील की। वहीं कोतवाली नगर क्षेत्र के पयागीपुर और अमहट चैराहे पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को रोककर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी और सख्त हिदायत दी।

इसके अलावा करौंदीकला, धम्मौर और चांदा थाना क्षेत्रों में भी पुलिस की ओर से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, क्योंकि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना ही सुरक्षित जीवन की गारंटी है। सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा का संदेश देते हुए पुलिस ने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।



# विधायक ताहिर खान ने दो शोकाकुल परिवारों को दी आर्थिक सहायता

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग असामयिक घटनाओं के बाद विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने मानवता का परिचय देते हुए शोकाकुल परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कराई। उनके निर्देश पर विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव ने रविवार को संबंधित गांवों में पहुंचकर पीड़ति परिवारों को आर्थिक मदद सौंपी और सांत्वना दी।

विकासखंड कुड़वार के ग्राम सभा जूडूपुर शहाबागंज बाजार निवासी शान मोहम्मद के पुत्र अरबाज की लखनऊ के इकाना हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया था। उसी क्रम में रविवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान रियाज अहमद विधानसभा महासचिव, गुलाम अब्बास, प्रदीप अग्रहरि प्रधान, वकील अहमद प्रधान, साहिल खान, रघुनाथ यादव, इजहार अहमद, दोस्त मोहम्मद, रिजवान सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं विकासखंड दूबेपुर के ग्राम पंचायत नोनरा में लक्ष्मी नारायण कश्यप के पुत्र सूरज कुमार की सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना की सूचना पर विधायक ताहिर खान ने परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की थी। रविवार को उनके निर्देश पर विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव ने पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मौके पर हकीमुल्लाह प्रधान, संत कुमार बीडीसी, दीपक प्रधान प्रतिनिधि, सनी यादव युवा नेता सहित कई लोग मौजूद रहे।



# योगी के गाजी आतंकी बयान पर अजय राय का पलटवार

## बोले-भाजपा का एजेंडा हिंदू-मुसलमान बांटना, हेल्पलाइन की लड़कियों को पीटा, मुख्यमंत्री को आनी चाहिए शर्म

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की ओर से आयोजित होली मिलन और ईद मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पयागीपुर स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'गाजी आतंकी' था वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा गुंडो-माफियाओं की शरण स्थली बन गई है। उसे आने वाले चुनाव में करारा जवाब मिलेगा।

रविवार को यहां अजय राय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एकमात्र एजेंडा हिंदू और मुसलमान को बांटना है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार काम, नौकरी या विकास की बात नहीं करती, बल्कि लोगों को लड़ाकर और बांटकर वोट की राजनीति करती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने हाल ही में हेल्पलाइन में काम करने वाली लड़कियों के साथ कथित मारपीट और उन्हें जेल भेजने की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर शर्म आनी चाहिए। अजय राय ने असम में योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि दंगाइयों की जमीन गरीबों और दलितों को दी गई है। राय ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा में कई माफिया सांसद, मंत्री और विधायक बने घूम रहे हैं, जिन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है और वे निर्विरोध एमएलसी बने बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाहाबाद से गाजियाबाद तक के सभी माफिया भाजपा के अंदर हैं। आगामी चुनावों पर बात करते हुए अजय राय ने कहा कि कांग्रेस बंगाल में मजबूती से लड़ रही है, जबकि असम और केरल में उनकी पार्टी की जीत तय है। आम आदमी पार्टी (आप) और राघव चड्ढा के बीच कथित दूरी पर उन्होंने अरविंद केजरीवाल को भाजपा की 'बी टीम' बताया। उन्होंने कहा कि जो लोग 'आप' में घुटन महसूस करते हैं, वे जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मुईद अहमद, डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्रा, अनीश अहमद, राम आर्य पाठक, जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा आदि ने मंच साझा किया। कार्यक्रम का संयोजन योगेश सिंह, योगेश पाण्डेय, सिराज अहमद भोला, तेज बहादुर पाठक, मिर्जा अकरम बेग, सुब्रत सिंह सनी, प्रेम भारती, राजेश श्रीवास्तव, डीसी पाण्डेय, फिरोज अहमद खान, कमलनयन वर्मा, पूर्व प्रमुख विजय पाल आदि ने किया। इस मौके पर पवन मिश्र नन्हे, देवेन्द्र तिवारी, बलराम तिवारी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, मदन तिवारी, मो. कमर खान, रणजीत सिंह सलूजा, मो. अनवर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।





मतदान के दिन मैं आपको भरोसा देता हूं कि इस चुनाव के बाद इनके पापों का पूरा हिसाब किया जाएगा। चुनचुनकर हिसाब किया जाएगा।



# टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका

## ये खास मजहब के लोग, बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे : मोदी

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा- 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का संहार किया गया था। टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है।

मोदी ने कहा कि एक ओर टीएमसी के करप्शन का भय है तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक और टीएमसी के घुसपैठ कराने का भय है तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है। तृणमूल कांग्रेस की सरकार में बंगाल की डेमोग्राफी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को टीएमसी का समर्थन है। हमारी सरकार उन्हें चुन-चुनकर बाहर कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के इस खेल में बंगाल की महान पहचान को बदला जा रहा है। अभी टीएमसी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, लेकिन उसका नाम उन्होंने बांग्ला भाषा में नहीं रखा, बल्कि उसे इश्तेहार कहा जा रहा है। सोचिए कि कैसे पश्चिम बंगाल की पहचान को बदल रहे हैं। आप जानते हैं कि इश्तेहार का इस्तेमाल बंगाल में किसलिए हुआ था। 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का संहार किया गया था। टीएमसी हमें उसी की याद दिलाना चाहती है।

### बंगाल पर कांग्रेस-लेफ्ट और अब टीएमसी का लगा ग्रहण

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा बंगाल एक समय भारत के सबसे बड़े विकसित राज्यों में से एक होता था। विकास व्यापार उद्योग कला संस्कृति हर क्षेत्र में बंगाल आगे रखा था। लेकिन फिर बंगाल पर ग्रहण लग गया। पहले कांग्रेस का, फिर लेफ्ट का और अब टीएमसी का ग्रहण। उन्होंने कहा कि इससे बंगाल की चमक फीकी पड़ती चली गई। पहले देश में एक सामान्य व्यक्ति औसतन जितना कमाते थे, बंगाल का मानुस उससे ज्यादा कमाता था। लेकिन अब स्थिति उलट गई है। आज देश के अन्य राज्य विकास कर रहे हैं, लेकिन बंगाल पीछे जा रहा है। यहां से फैक्ट्रियां बाहर जा रही है। बंगाल के लोगों को पता है कि शिक्षक भर्ती घोटाला हुआ। टीएमसी के विधायक मंत्री पूरी सरकार इन घोटालों में शामिल थी। कट कमीशन और करप्शन से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। जब भी चुनाव आता है, टीएमसी वाले झूठे वादे लेकर आते हैं। लेकिन हालात वैसे के वैसे ही बने रहते हैं।

आपको भूलना नहीं है कि यहां निर्मम सरकार में खुलेआम धमकी दी जा रही है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार का चुनाव आपके बच्चों का भविष्य तय करने वाला है। इसलिए आप बच्चों के भविष्य के लिए वोट दीजिए। आप अपना वोट अपने परिवार के लिए दीजिए। बीजेपी को वोट देकर परिवर्तन पर मुहर लगाइए। मुझे चुनाव आयोग पर विश्वास है कि इस बार निष्पक्ष चुनाव होगा।

तृणमूल के शासन काल में बंगाल की डेमोक्रेसी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन मिलता है। इसलिए भारत सरकार घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें बाहर निकालने का काम कर रही है। दुनिया के बड़े-बड़े देश अपने देश घुसपैठियों को बाहर निकाल रहे है। लेकिन पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों की बचाने की कोशिश होती है। इसलिए टीएमसी सरकार एसआईआर का विरोध करती है।

मोदी ने कहा कि टीएमसी के अन्याय की लिस्ट बहुत लंबी है। जब उत्तर कन्या को बनाया गया था, तब कहा गया था कि यह विकास का केंद्र बनेगा। लेकिन टीएमसी सरकर के लोग अभी तक विकास के पैसों का कमीशन खोजने में लगे हैं। बार-बार विकास का वादा दोहराया गया लेकिन आज 14 सालों बाद भी जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। आज कूच बिहार का किसानों के साथ भी अन्याय हो रहा है। हमारे किसान भाई बहन कठोर परिश्रम करते हैं, लेकिन उन्हें इसकी सही कीमत नहीं मिलती। आप आलू का रिकॉर्ड उत्पादन करते हैं। लेकिन, उन्हें औने-पौने दाम पर बेचना पड़ता है। यहां आलू स्टोर की कोई व्यवस्था नहीं। इससे फसल सड़ने लगती है। ढाई लाख किसानों को हमारी सरकार ने किसान सम्मान निधि में भेजे है। आपके आशीर्वाद से बंगाल में डमल इंजन का सरकार बनेगी तो यहां से अन्याय खत्म होगा। यह मोदी की गारंटी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा बंगाल शक्ति पूजा की धरती है। यहां आई सभी बहनों-बेटियो को बंगाल की हर बेटी से कहूंगा बीजेपी आपके सम्मान और आपकी समृद्धि के लिए मैदान में है। बीजेपी आएगी तो महिला सशक्तिकरण का द्वार खोलेगी। इसीलिए बहनों-बेटियों की पहली चॉइस बीजेपी है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने 16-17-18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र रखा है।

पीएम मोदी ने कहा कि यहां की निर्मम सरकार बंगाल की पावन माटी पर हर रोज लोकतंत्र को लहुलुहान कर रही है। ये निर्मम सरकार आपने आगे किसी संवेधानिक संस्था को कुछ भी नहीं समझती। आपने दो-तीन पहले ही देखा है, पूरे देश ने देखा है। देश के न्यायाधीशों को कैसे बंधक बनाकर रखा गया। सोचिए, ये कैसी सरकार है। यै कैसी व्यवस्था है, जहां जज भी सुरक्षित नहीं है। ये निर्मम सरकार का महाजंगल राज है। ये टीएमसी न्याय का शिकंजा कसता है तो संवैधानिक संस्थाओं का गला घोटने का काम करती है।

मतदान के दिन टीएमसी वाले आपको कितना भी डराए, आपको कानून पर भरोसा रखना है। मैं आपको भरोसा देता हूं कि इस चुनाव के बाद इनके पापों का पूरा हिसाब किया जाएगा। चुनचुनकर हिसाब किया जाएगा।

# स्टालिन की द्रमुक, विजय थलपति की टीवीके या अद्रमुक?




## तमिलनाडु में किस पार्टी को मिलेगा बहुमत, सर्वे के आंकड़ों ने चौंकाया



एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु में 23 अप्रैल, 2026 को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। इस बार राज्य विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ डीएमके और विपक्षी अद्रमुक को टक्कर देने के लिए एक्टर से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम भी चुनावी मैदान में उतरी है। हालांकि, विधानसभा चुनाव से पहले जारी दो प्री-पोल सर्वे में सत्तारूढ़ डीएमके गठबंधन की जीत की संभावना जताई गई है।



लोक पोल की ओर से एक मार्च 2026 से एक अप्रैल, 2026 तक किए गए सर्वे के मुताबिक, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाला गठबंधन द्रमुक राज्य की कुल 234 सीटों में से लगभग 181 से 189 सीटों पर जीत हासिल कर सकता है और उसे 40.1% वोट शेयर मिलने का अनुमान है, जबकि विपक्षी अद्रमुक के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को राज्य में 38 से 42 सीटों के जीत की संभावना जताई गई है. इसका अनुमानित वोट शेयर 29% है. वहीं, अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम जो राज्य में पहली बार चुनाव लड़ रही है, को भी 8 से 10 सीटें और करीब 23.9% वोट शेयर मिलने का अनुमान है. इसके साथ-साथ एनटीके और अन्य पार्टियों का प्रभाव सीमित रहने की संभावना है, जिनका अनुमानित वोट शेयर क्रमशः 4.9% और 2.1% है।

सर्वे के मुताबिक, तमिलनाडु में मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे पसंदीदा चेहरा डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन है, इसके बाद टीवीके चीफ विजय और अद्रमुक के एडापड्डी के. पलानीस्वामी का चेहरा है। सर्वे में कहा गया कि डीएमके गठबंधन को बढ़त मिलने का मुख्य कारण उसकी मजबूत जनकल्याण योजनाएं हैं, जिसमें कलैग्नार मगालिर उरिमई थोगोई, फ्री बस यात्रा और नाश्ता योजना शामिल हैं। इस योजनाओं का ग्रामी और सेमी-अर्बन क्षेत्रों की महिलाओं पर विशेष प्रभाव पड़ा है। साथ ही, डीएमके को सबसे बड़ा फायदा यह है कि विपक्षी वोट एनडीए और टीवीके के बीच बंट रहे हैं, वहीं, विजय की पार्टी टीवीके को खासकर युवाओं, पहली बार वोट देने वालों और सरकार से असंतुष्ट लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है. हालांकि, अकेले चुनाव लड़ने के कारण यह समर्थन सीटों में ज्यादा तब्दील नहीं हो पाएगा। जबकि सर्वे के मुताबिक, एडापड्डी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली अद्रमुक आंतरिक परेशानी से जूझ रही है। पार्टी में विभाजन, प्रमुख नेताओं की कमी और कमजोर संगठनात्मक स्थिति, खासकर डेल्टा और दक्षिणी जिलों में, उसके प्रदर्शन को प्रभावित कर रही है।

# सर्वे ने बताया, ममता को इस बार भी हटा पाना मुश्किल

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अब महीने भर से भी कम समय बचा है। 294 विधानसभा सीटों के लिए 23 और 29 अप्रैल 2026 को मतदान होना है लेकिन उससे ठीक पहले कई ओपिनियन पोल सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में वोट वाइब का ओपिनियन पोल सामने आया है। इस पोल के मुताबिक बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर सरकार बना सकती हैं, लेकिन इस बार उनकी सीटें कम हो सकती हैं। 294 सीटों वाली विधानसभा में टीएमसी को 174 से 184 सीटें मिल सकती हैं जबकि राज्य में बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है। वहीं बीजेपी की स्थिति पहले से मजबूत होती दिख रही है और उसे 108 से 118 सीटें मिलने का अनुमान है। सर्वे में 48.8 प्रतिशत लोगों ने ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री के तौर पर चुना है तो वहीं दूसरी और 33.4 प्रतिशत लोगों ने भाजपा के शुभेंदु अधिकारी को चुना है। ओपिनियन पोल के मुताबिक कांग्रेस और सीपीएम जैसी अन्य पार्टियां इस बार भी बड़ी चुनौती नहीं दे पाएंगी और उन्हें सिर्फ 0 से 4 सीटें मिलने का अनुमान है। वोटवाइब के 23 मार्च को जारी पिछले ओपिनियन पोल में सत्तारूढ़ टीएमसी को 184-194 सीटों और बीजेपी के लिए 98-108 सीटों का अनुमान लगाया गया था लेकिन ताजा सर्वे में बीजेपी की संभावित सीटें बढ़ाई गई हैं, जबकि टीएमसी की सीटों का अनुमान थोड़ा कम किया गया है।



2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने 215 सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी थी, जबकि बीजेपी को 77 सीटें मिली थी। हालांकि बीजेपी उस समय ममता बनर्जी की जीत को ज्यादा प्रभावित नहीं कर पाई थी लेकिन इस बार का चुनाव बीजेपी के लिए अहम साबित हुआ. इससे पहले राज्य में उसकी मौजूदगी काफी सीमित थी, लेकिन इस चुनाव के बाद उसकी स्थिति मजबूत हुई।

ऐसे में अगर ताजा अनुमान सही साबित होते हैं तो बंगाल में एक बार फिर टीएमसी सरकार बन सकती है। हालांकि इस बार उसे बीजेपी के रूप में ज्यादा मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ सकता है। क्षेत्रवार आंकड़ों की बात करें तो मेदिनीपुर में टीएमसी को 22-24 और बीजेपी को 32-34 सीटें मिल सकती हैं। वहीं मालदा में टीएमसी को 31-33, बीजेपी को 15-17 और अन्य को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। ये इलाके ऐसे माने जा रहे हैं, जहां मुकाबला बेहद कड़ा होगा।

# केरलम में 339 करोड़पति कैंडिडेट 38% पर क्रिमिनल केस

## 5 साल में 48% बढ़े करोड़पति उम्मीदवार ; 54% प्रत्याशी ग्रेजुएट तक नहीं

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरलम विधानसभा चुनाव में 38% उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें सबसे ज्यादा 72 उम्मीदवार कांग्रेस से हैं। भाजपा के 59 और सीपीआई (एम) के 51 उम्मीदवार हैं। वहीं, 23% पर हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर केस दर्ज हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने विधानसभा चुनाव लड़ रहे कुल 883 में से 863 उम्मीदवारों के एफिडेविट का एनालिसिस कर शनिवार को यह रिपोर्ट जारी की। 339 करोड़पति प्रत्याशी हैं। यानी हर 5 में से 2 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 2021 में राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव में 27% उम्मीदवार ही करोड़पति थे लेकिन 2026 में ये नंबर बढ़कर 39% हो गया। यानी 5 साल में करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या 48% बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 54% उम्मीदवार ग्रेजुएट नहीं हैं। वहीं, 48% उम्मीदवारों की शिक्षा 5वीं से 12वीं के बीच है। राज्य में सिंगल फेज में 9 अप्रैल को मतदान होगा। रिजल्ट 4 मई को आएगा।




कांग्रेस भाजपा और CPI के 255 में से 182 उम्मीदवारों पर आपराधिक केस चल रहे हैं। 17 उम्मीदवारों पर हत्या से जुड़े आरोप हैं। वहीं, 15 पर महिला अपराध से जुड़े केस हैं। चुनाव लड़ रहे सभी दलों ने कम से कम 42% टिकट ऐसे कैंडिडेट्स को दिए हैं जिनपर आपराधिक मामले चल रहे हैं। 201 कैंडिडेट्स पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। अलप्पुझा जिले की कुट्टनाड सीट से केरल कांग्रेस के रेजी चेरियन 2026 केरलम विधानसभा चुनाव के सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। उनकी कुल संपत्ति 218 करोड़ रुपए है। वहीं, कोट्टायम जिले की एट्टुमानूर सीट से एसयूसीआई (सी) के आश्ना थम्बी की संपत्ति सिर्फ 84 रुपए है। 8 ऐसे उम्मीदवार भी हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति जीरो बताई है। 2021 के विधानसभा चुनाव में जहां 27% उम्मीदवार करोड़पति थे, वहीं 2026 में ये संख्या 39% हो गई। हर उम्मीदवार की औसत संपत्ति 2.78 करोड़ है। भाजपा के एक उम्मीदवार की एवरेज संपत्ति 5.7 करोड़, कांग्रेस की 3.93 करोड़ और सीपीआई (एम) की 2.3 करोड़ रुपए है।

2011 जनगणना के मुताबिक, केरलम देश के उन राज्यों में से है जहां पुरुषों से ज्यादा महिलाएं हैं। इसके बावजूद पार्टियों ने सिर्फ 11% (92) टिकट महिलाओं को दिए हैं। शिक्षा के मामले में भी केरलम देश के सबसे बेहतर राज्यों में से एक है।

# हिमंता न केवल सबसे भ्रष्ट बल्कि साम्प्रदायिक भी

## असम में भाजपा पर जमकर बरसे राहुल गांधी



एजेंसी

दिसपुर। असम के बिश्वनाथ में आयोजित चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने हिमंत बिस्वा सरमा को सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए सांप्रदायिक तक करार दे दिया। भ्रष्टाचार, जमीन और सत्ता के केंद्रीकरण को मुद्दा बनाते हुए उन पर तीखे आरोप लगाए। इसके साथ ही कांग्रेस की सरकार बनने पर कई बड़े वादे भी किए।



राहुल गांधी ने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा को रात में नींद नहीं आती हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता उन्हें जेल तक पहुंचाएंगे। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में मुख्यमंत्री को जनता से माफी मांगनी पड़ेगी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के 'बब्बर शेर' उन्हें जेल में डालेंगे। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तय है।" अपने भाषण में राहुल गांधी ने बेहद आक्रामक लहजा अपनाया। उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा जितना कूदना-फांदना चाहते हैं, अभी कर लें, क्योंकि कांग्रेस उन्हें छोड़ने वाली नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार में अपने परिवार को भी शामिल कर लिया है। इस वजह से कानूनी कार्रवाई का दायरा बढ़ेगा। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि असम को बीजेपी का एटीएम बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की जमीनें अलग-अलग बहानों से छीनी जाती हैं और फिर उन्हें बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बदले में भारी आर्थिक लाभ राजनीतिक तौर पर हासिल किए जाते हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिमंत बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि उन्होंने असम की जनता को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है। आने वाले समय में इसका जवाब देगी। उनके मुताबिक, असम की जनता इस कथित भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी और सजा तय है।

राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि असम की सरकार वास्तव में दिल्ली से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि जो निर्णय प्रधानमंत्री और गृह मंत्री लेते हैं, वही राज्य में लागू होता है। इससे राज्य की स्वायत्तता और स्थानीय हितों को नुकसान पहुंच रहा है।

# यह चुनाव सरकार बदलने का नहीं, केरल के भविष्य का

## बेपोर में अमित शाह के रोड शो से उत्साहित जनता बोली, हम चाहते हैं बदलाव

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के एर्नाकुलम में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल का यह चुनाव राज्य के भविष्य से जुड़ा है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव केवल एलडीएफ सरकार को हटाकर एनडीए को लाने का नहीं, बल्कि केरल के भविष्य को तय करने का है। केरल देश का पहला पूर्ण साक्षर राज्य रहा है। यहां के युवा शिक्षित और सक्षम हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा।

उन्होंने कहा कि एनडीए ऐसी व्यवस्था बनाना चाहती है, जिससे केरल के युवाओं को यहीं रोजगार मिले और उन्हें खाड़ी देशों में जाने की जरूरत न पड़े। दुनिया भर में कम्युनिस्ट विचारधारा कमजोर हो रही है। देश में कांग्रेस भी सिमट रही है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में केरल से एनडीए को 14% वोट मिले थे और अब समय आ गया है कि राज्य में एनडीए की सरकार बनाई जाए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के एर्नाकुलम में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल का यह चुनाव राज्य के भविष्य से जुड़ा है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव केवल एलडीएफ सरकार को हटाकर एनडीए को लाने का नहीं, बल्कि केरल के भविष्य को तय करने का है। केरल देश का



पहला पूर्ण साक्षर राज्य रहा है, यहां के युवा शिक्षित और सक्षम हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा। दुनिया भर में कम्युनिस्ट विचारधारा कमजोर हो रही है। देश में कांग्रेस भी सिमट रही है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है।

इसके पूर्व केरल विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवार केपी प्रकाश बाबू के समर्थन में रोड शो के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बेपोर पहुंचे। इस रोड शो को लेकर स्थानीय लोगों और भाजपा समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यह रोड शो मथोट्टम बिजिथ जंक्शन से शुरू होकर नदुवट्टम और पेराचनंगड़ी जैसे प्रमुख इलाकों से गुजरेगा। यह कार्यक्रम 9 अप्रैल को होने वाले केरल विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान का अहम हिस्सा है।

रोड शो से पहले ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटने लगे थे। एक स्थानीय निवासी ने कहा, "हमारे नेता अमित शाह के लिए यहां बहुत लोग इकट्ठा हुए हैं। हम बहुत खुश हैं।" वहीं, एक अन्य व्यक्ति ने कहा, "हम बदलाव चाहते हैं और चाहते हैं कि यहां भाजपा की सरकार बने। अमित शाह के आने को लेकर हम उत्साहित हैं।" एक भाजपा समर्थक ने दावा किया, "इस बार हर सीट भाजपा को मिलेगी। हम बदलाव चाहते हैं और हमारा समर्थन अमित शाह के साथ है।" एक अन्य स्थानीय व्यक्ति ने भी उम्मीद जताई कि इस बार राज्य में भाजपा की सरकार बने और शीर्ष नेतृत्व का दौरा इस दिशा में अहम साबित होगा। रोड शो को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

# गर्भवती महिला पर धारदार हथियार से हमला

## जमीन विवाद पति को भी पीटा कार्रवाई की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** चौरा खास थाना क्षेत्र के जौरा मुगलही गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक गर्भवती महिला पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, जौरा बाजार टोला मुगलही निवासी सीमा कुशवाहा (32), पत्नी गुड्डू कुशवाहा, शुक्रवार रात करीब 9 बजे अपने घर के अंदर पति को खाना खिला रही थीं। तभी घर के बाहर शोर-शराबा सुनाई दिया। जब वह बाहर आईं, तो देखा कि कुछ लोग गाली-गलौज कर रहे हैं।आरोप है कि जब सीमा ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो सोमरन और अन्य लोगों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति को भी हमलावरों ने बुरी तरह पीट दिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था, जो इस घटना के बाद हिंसक रूप ले बैठा।घायल महिला और उनके पति का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति पर डॉक्टरों की नजर बनी हुई है।



वहीं, मामले को लेकर थाना प्रभारी दिनेश कुमार साहनी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष से लिखित तहरीर नहीं दी गई है।उन्होंने कहा कि तहरीर मिलते पर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भीषण अग्निकांड में 25 घर जलकर राख

## विधायक ने लिया जायजा, राहत के दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रामकोला (कुशीनगर)।** रामकोला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा धोधरही के भरपटिया टोला में कल रात अचानक लगी भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग ने देखते ही देखते करीब 25 घरों को अपनी चपेट में लेकर जलाकर खाक कर दिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसमान तक उठती नजर आईं और चारों ओर चीख-पुकार मच गई।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर दमकल की गाड़ी भी पहुंची, लेकिन संकरे रास्ते के कारण उसे गांव तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में खेत के रास्ते से किसी तरह दमकल को घटनास्थल तक पहुंचाया गया, तब जाकर आग पर धीरे-धीरे काबू पाया जा सका।

इस दौरान ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पंपिंग सेट चालू कर पानी की व्यवस्था की और आग बुझाने में सहयोग किया।सामूहिक प्रयास से बड़ी तबाही को नियंत्रित किया गया। रविवार सुबह स्थानीय विधायक विनय प्रकाश गोंड मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित कराने के लिए एसडीएम कप्तानगंज को मौके पर बुलाकर प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और हर संभव मदद दी जाएगी। मौके पर लेखपाल द्वारा क्षति का आकलन शुरू करा दिया गया है, वहीं रात भर पुलिस बल भी तैनात रहा।





हालांकि इस भीषण अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दो-तीन सांप और नेवले आग की चपेट में आकर मर गए। आग से घरों के साथ बांसवारी और कई पेड़ भी जलकर नष्ट हो गए। अग्निकांड में नेरिया देवी, टुनटुन, रामू यादव, लालजी यादव, रामधनी, कमलेश यादव, रामजी यादव, प्रेमचंद, सुनीता देवी, राजेंद्र, रविंद्र, संतोष कुशवाहा, इब्राहिम, हारुन अंसारी, रामवृक्ष, शिवपूजन, भान, खेदू, झुन्ना, सुखारी, बाबूराम, कुमार, रवि, नंदू और बीरबल सहित कई परिवारों के घर जलकर राख हो गए। इनमें कई परिवार ऐसे हैं जिनका पूरा सामान जल गया और वे आर्थिक रूप से कमजोर बताए जा रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि अब उनके सामने जीवन यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

# विश्वसनीयता की पैमाना हैं अखबारों की खबरें : सूर्यप्रताप शाही



- चुनौतीपूर्ण है ग्रामीण क्षेत्रों की पत्रकारिता : विजय दुबे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** पड़रौना में आज आयोजित रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के कृषि , कृषि अनुसंधान एवं कृषि शिक्षा मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बदलते दौर में पत्रकारिता के स्वरूप में हुए व्यापक परिवर्तन की चर्चा की और कहा कि डिजिटल युग के आगमन के साथ नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इसके बावजूद आज भी अखबारों की खबरों को विश्वसनीयता का प्रमुख पैमाना माना जाता है। उन्होंने पत्रकारों से अपेक्षा की कि समाचारों को सनसनीखेज बनाने के बजाय तथ्यपरक बनाएं एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है। इतिहास में पंडित मदनमोहन मालवीय व रामनाथ गोयनका जैसे पत्रकारिता के पुरोधाओं ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, जिसके कारण पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनी रही। उन्होंने पत्रकारों को भरोसा दिलाया कि ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं एवं चुनौतियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराते हुए उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे अर्धसत्य से बचते हुए पूर्ण सत्य को समाज के सामने प्रस्तुत करें तथा सकारात्मक अभियानों में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# सांसद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस स्थित विकास भवन के सभागार में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज 'स्कूल चलो अभियान 2026-27' का शुभारंभ किये जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया । इसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे । इसमें मुख्य अतिथि जे रूप में उपस्थित सांसद विजय कुमार दुबे ने विधायक विनय प्रकाश गोंड के साथ ने भगवती सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया । इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को शांतिपूर्वक सुना।



कार्यक्रम में सांसद विजय कुमार दुबे द्वारा सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि जनपद का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की गई । साथ ही सांसद एवं अधिकारियों द्वारा बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस के पश्चात कार्यक्रम सांसद एवं अधिकारियों द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बच्चों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण हेतु रवाना किया ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री वन्दिता श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० राम जियावन मौर्य, जिला माध्यमिक शिक्षा विभाग से श्रवण कुमार गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक सुरेन्द्र बहादुर सिंह, अनिल मिश्रा, नीरज बंका, अखिलेश कुमार चौधरी, रविन्द्र पाण्डेय, राम प्रकाश पाण्डेय, पवन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


# बुद्धिस्ट कांक्लेव : सड़क, रेल व सुगम हवाई यात्रा की सुविधाओं पर जोर

**कयया, कुशीनगर।** हाल ही में कुशीनगर में संपन्न हुए इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कांक्लेव में धम्म, डायलॉग और विकास को लेकर देश विदेश के बौद्ध भिक्षु, टूरिस्ट संचालक, होटल संचालकों और विद्वानों ने बुद्ध के सिद्धांत, उनकी शिक्षाओं और बौद्ध स्थलों के विकास, उनसे जुड़े विषयों पर चर्चा के साथ निवेश पर जोर दिया गया। एशियन बुद्धिस्ट टूरिस्ट एसोसियेशन के डॉ कौलेश कुमार ने कांक्लेव में विशेष वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए बौद्ध तीर्थ स्थलों तक पहुंचने के लिए सड़क, रेल और सुगम हवाई यात्रा की सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग की। कहा कि इन स्थलों के विकास से टूरिज्म को बढ़ावा मिलने से होटल व्यवसाय, यातायात और बौद्धिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे। जरूरत है टूरिज्म सेक्टर को और बेहतर बनाने की। जिससे बौद्ध राष्ट्रों सहित अन्य देशों और देश के टूरिस्ट और श्रद्धालु कुशीनगर आने के लिए आकर्षित होंगे। कांक्लेव में आए लामा नगोडुप दोरजी ने कहा कि बुद्ध की करुणा, मैत्री, शांति की शिक्षाओं का जितना अधिक प्रसार होगा। उतना ही विश्व का कल्याण होगा। इसके लिए इकोनॉमी, विविध आर्किटेक्चर, बुद्धिस्ट कल्चर, म्यूजिक सेक्टर को मजबूत करना होगा। मलेशिया भिक्षु संघ की अध्यक्ष लोह पाई लिंग ने कहा कि युद्ध में शांति के लिए बुद्ध का उपदेश ही कल्याण का विकल्प है। पासपोर्ट और बीजा नियम को सरलीकरण किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक धार्मिक लोग भारत आकर बुद्ध का दर्शन और पूजन कर सकें।











टूरिस्ट गाइड मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि बौद्ध साहित्य, बुद्ध की शिक्षाओं और पाली साहित्य को बढ़ावा देने के लिए शोध संस्थान, विश्व विद्यालयों की स्थापना होनी चाहिए साथ ही टूरिज्म से लोकल रिसोर्सेज को जोड़ने और पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना पर काम हो।कुशीनगर एयरपोर्ट अथार्टी सलाहकार समिति सदस्य ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कुशीनगर के विकास में विशेष रुचि ली जा रही है और सुगम सड़क सुविधाओं के साथ आशा है जल्द ही हवाई यात्रा की सुविधा मिलने से थाइलैंड, श्रीलंका, लाओस, वर्मा, ताइवान आदि देशों सहित देश के शहरों से उड़ान शुरू होगी।

# मन लगाकर करें पढ़ाई, निश्चित मिलेगी सफलता : ओम प्रकाश

## एमआईए स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत राम नगर में एमआईए/ किलकारी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन कर टॉपरों को मेडल, अंक पत्र और ट्राफी देकर सम्मानिति किया गया।

ट्रक लम फट थीन बुद्धिस्ट सोसाइटी द्वारा संचालित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता ओम प्रकाश जायसवाल और पूर्व छात्र नेता अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कक्षा एक से लेकर कक्षा पांचवी तक के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चो को उनके अभिभावक के साथ सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व समझाया। कहा कि अपने माता, पिता और गुरु का सम्मान करे। तथा मन लगाकर पढ़ाई करे। निश्चित आपको सफलता मिलेगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ प्रियेश त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को नैतिक और संस्कारिक शिक्षण प्रदान करने पर शिक्षक और अभिभावक ध्यान दे। पूर्व महा मंत्री छात्र संघ अशोक कुमार सिंह और पूर्व प्रधान सिराजुद्दीन बेग ने अपने विचार रखे। प्रधानाध्यापिका शबनम खातून ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस विद्यालय में बच्चों को नैतिक और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रबंधक पप्पू गुरु जी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन चंदन सिंह और राजन कन्नौजिया ने किया। इस दौरान शिक्षक अविनाश सिंह, अजीत कुमार सिंह, कृपा सिंधु पाठक, शिक्षिका बबीता शर्मा, काजल प्रसाद, पूनम प्रजापति, पूनम कुशवाहा, श्रद्धा सिंह, अर्चिता सिंह, जैनब खातून, ज्योति पांडेय सहित अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।




# शॉर्ट सर्किट से परसिया बरवा में कई एकड़ खेत राख

**सुकरौली, कुशीनगर।** हाटा कातवाली के गाँव परसिया-बरवा क्षेत्र में कल रात लगभग दस बजे तेज आंधी के बीच हाईटेंशन लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। चिंगारी गिरते ही गेहूं की खड़ी फसल मे आग पकड़ ली और तेज हवाओं के चलते आग तेजी से फैलती चली गईं। देखते ही देखते कई एकड़ खेत जलकर राख हो गए, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। आग की भयावहता को देखते हुए ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई, ग्रामीणो ने बाल्टी, पंपसेट और मिट्टी की मदद से आग को बुझा दिए।

ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आग को बस्ती की ओर बढ़ने से रोक दिया। एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर 112 की पुलिस मौके पहुची। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। वहीं प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### पुलिस व विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल से परिवार में लौटी खुशियां



**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** मनमुटाव के चलते अलग रह रहे दंपती को एक बार फिर साथ लाने में पैरा लीगल वालेंटियर एडवोकेट रामाश्रय पांडेय की मध्यस्थता निर्णायक साबित हुई। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहा मनमुटाव सुलझ गया व आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया गया। छहूं निवासी मोतीलाल की पुत्री पार्वती का विवाह कसया थाना क्षेत्र के सपहा निवासी मुकेश के साथ हुआ था। कुछ समय बाद आपसी मतभेद बढ़ने पर पार्वती अपने मायके में रहने लगी थी। इस बीच मुकेश ने मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद समाधान की प्रक्रिया शुरू हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पैरा लीगल वालेंटियर रामाश्रय पांडेय ने दोनों पक्षों को आमने–सामने बैठाकर बातचीत कराई। समझाने व कानूनी पहलुओं की जानकारी देने के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी व दंपती ने पुन: साथ रहने का निर्णय लिया। एडवोकेट रामाश्रय पांडेय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य ऐसे पारिवारिक विवादों को आपसी सहमति से सुलझाना है, जिससे न्यायालयों पर भार कम हो व परिवारों में सौहार्द बना रहे। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में पुलिस का प्रयास रहता है कि पहले आपसी सुलह से समाधान कराया जाए, ताकि परिवार टूटने से बच सकें व समाज में सकारात्मक संदेश जाए। इस दौरान एसआई संतोष कुमार, विनायक यादव, अंकित, हेड कांस्टेबिल श्यामजनम यादव, बीपीओ जितेंद्र कुमार, प्रदीप मौर्य, महिला कांस्टेबिल ममता आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने श्रद्धापूर्वक बाबू जगजीवन राम की जयंती



**कुशीनगर।** आज जिला कांग्रेस कमेटी के पड़रौना स्थित कार्यालय पर देश के उप प्रधानमंत्री एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा रहे स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की जयंती बड़े श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गयी । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा राधे ने की। इस अवसर पर उन्होंने बाबू जगजीवन राम के जीवन, संघर्ष एवं सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने हमेशा समाज के कमजोर, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मोहम्मद जहीरूद्दीन , धनंजय सिंह पहलवान , पार्टी के जिला उपाध्यक्ष स्वामीनाथ यादव, आफताब आलम, देश दीपक मिश्रा, दीपक मल्हार, सुरेंद्र सिंह, राजू कुशवाहा, अब्दुल हमीद अंसारी, आर्यन बाबू, संदीप शर्मा, प्रमोद तिवारी, अख्तर अली सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ने जनसंपर्क में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान का भरोसा



**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का सघन दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया।

प्रदेश अध्यक्ष ने दुदही, गोड़रिया, सिसवा जंगल, जंगल लुअठहां व बांसगांव चौरिया सहित दर्जनभर गांवों में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया।ग्रामीणों ने पेयजल संकट, बिजली आपूर्ति में बाधा, सड़क की खराब स्थिति व अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी व अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के बीच समन्वय जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा व समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सचिव सियाशरण उर्फ सप्पू पांडेय, देवेंद्र राय, श्रीनिवास गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, विनोद कुमार, गोपाल प्रसाद, रामकिशोर राजभर, दहारी कन्नौजिया, पंकज पासवान आदि उपस्थित रहे।

# 28 दिन से जंग जारी, कब्जा दो या सच बताओ अब सीधी चुनौती

## बढ़ता आक्रोश, प्रशासन की चुप्पी पर उठे बड़े सवाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** ग्राम सभा रहसूजनोबीपट्टी में पट्टे की जमीन को लेकर चल रहा आंदोलन अब थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को धरने का 28वां दिन भी गुजर गया, लेकिन प्रशासन की खामोशी अब सवालों के घेरे में है। पंचायत भवन पर बैठे पट्टाधारकों का धैर्य अब चुनौती में बदल चुका है।

धरना स्थल से उठ रही आवाज अब सीधी चेतावनी बन चुकी है कि 28 दिन हो गए अब जवाब दो, या फैसला करो !आंदोलन की अगुवाई कर रहे सपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अविनाश कुमार गोंड ने प्रशासन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब तक पट्टाधारकों को उनकी जमीन पर कब्जा नहीं मिलेगा, तब तक यह धरना किसी भी हालत में खत्म नहीं होगा।उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस दबाव में प्रशासन काम कर रहा है, जो 28 दिन बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।अगर जमीन पर हाईकोर्ट का स्टे है, तो उसे साफ-साफ बताइएऔर अगर नहीं है, तो कब्जा दिलाइए !उन्होंने यह भी कहा कि जमीन खसरा-खतौनी में पट्टाधारकों के नाम दर्ज है, और मूल पट्टेदारों के निधन के बाद उनके वारिसों के नाम भी दर्ज किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कब्जा न मिलना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।धरना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि 32 वर्षों से अपने हक के लिए लड़ रहे 177 परिवार अब पीछे हटने वाले नहीं हैं, और अब यह संघर्ष अपने चरम पर पहुंच चुका है।धरने में फूलेना, परमेश्वर, रविन्द्र, चन्द्रिका, शिवबचन, बंगाली, सिंहासन, संपत, जगदीश प्रसाद, नेबूलाल, गायत्री, लक्ष्मण, सांझारी, नूरजहां, ज्ञान्ती, मीरा, हीरमती, राधिका, सरस्वती, रंभा, सुशीला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। धरनारत लोगों का साफ कहना है किअब या तो न्याय मिलेगा, या आंदोलन और उग्र होगा। लगातार 28दिनों से सुलग रहा यह संघर्ष अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। अब देखना है कि क्या सत्ता जवाब देगी या सवाल और तेज होंगे !



# संगीता सिंह बनीं प्रधानाचार्य, विद्यालय में जशन का माहौल, शिक्षकों ने दी बधाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** क्षेत्र के सरदार बल्लभ भाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज, सोहंग में शनिवार का दिन खास बन गया, जब अनुभवी व लोकप्रिय शिक्षिका संगीता सिंह ने विधिवत प्रधानाचार्य पद का कार्यभार संभाल लिया। उनके पदभार ग्रहण करते ही पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।बायलॉजी विषय की प्रवक्ता रहीं संगीता सिंह अपनी सरलता, मधुर व्यवहार और उत्कृष्ट शिक्षण शैली के लिए पहले से ही छात्राओं व सहकर्मियों के बीच काफी लोकप्रिय रही हैं। वर्षों से इसी विद्यालय में सेवा दे रही संगीता सिंह ने अब नई जिम्मेदारी संभालते हुए शिक्षा के स्तर को और ऊंचाई देने का संकल्प जताया।



गौरतलब है कि पूर्व प्रधानाचार्य मो. अयूब के सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद रिक्त हो गया था, जिसे अब संगीता सिंह ने संभाल लिया है। विद्यालय परिवार की उपस्थिति में हुए इस सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय कार्यक्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर शिक्षक रामप्रवेश सिंह, उमेश कुशवाहा, असफाक अहमद, अवधेश मिश्रा, इमरान आजाद समेत कई लोगों ने कहा कि संगीता सिंह के नेतृत्व में विद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा और छात्राओं को बेहतर शिक्षा व मार्गदर्शन मिलेगा।नव नियुक्त प्रधानाचार्य संगीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "विद्यालय की प्रगति, छात्राओं का सर्वांगीण विकास और अनुशासन मेरी प्राथमिकता रहेगी। हम सभी मिलकर इस संस्थान को नई पहचान दिलाएंगे। कुल मिलाकर, संगीता सिंह के प्रधानाचार्य बनने से विद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और आने वाले दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

**समारोह** वार्षिकोत्सव व प्रतिभा अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों से छात्रों मे पैदा होती है प्रतिस्पर्धा की भावना : सांसद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हाटा (कुशीनगर)।** स्थानीय नगर पालिका अन्तर्गत सेलिब्रेशन लान में एस एल एम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कुशीनगर के सांसद विजय दुबे व विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा व पूर्व विधायक पवन केडिया रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री दुबे ने कहा कि इस तहर का आयोजन हर विद्यालयों में अनिवार्य रुप से होना चाहिए ताकि छात्र अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों मे सोई हुई प्रतिभा को जागृत करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है।




उन्होंने कहा कि विद्यालय के टापर्स को पुरस्कृत करने से छात्रों मे प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। क्योंकि जो छात्र कुछ अंकों से पिछे रह जाते हैं उन छात्रों में आगे बढ़ने की उर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसी कड़ी है जिससे बच्चों का भविष्य का माहौल खड़ा होता है। विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि यह विद्यालय पठन-पाठन के क्षेत्र मे जहां अग्रणी भूमिका निभा रहा है वही छात्रों में सांस्कृतिक भाव भरने का काम कर रहा है। पूर्व विधायक पवन केडिया ने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों का कार्यक्रम देखकर बहुत ही अच्छा लगा। क्योंकि जिस तरह से छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दिया जो काफी सराहनीय रहा। बच्चों द्वारा आयोजित नाटक चन्द्रशेखर आजाद को काफी सराहा गया।

इस अवसर पर श्री गांधी स्मारक इंटर कालेज के प्रबंधक अभिनाश मिश्र उर्फ अंशू, अग्निवेश मणि, भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला कार्य समिति के सदस्य ज्ञान विक्रम सिंह, जिला महामंत्री मुंशी सिंह, राममनोहर लोहिया इंटर कालेज के प्रबंधक अनिल सिंह, अखिलेश दास गुप्ता,नगर मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह, रजनीश बर्नवाल, अनुराग कुशवाहा, बंडील बाबा सहित भारी संख्या में अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एस एल एम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विकास मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन मनंजय तिवारी ने किया।

## एक नजर

### केजरीवाल खुद रखेंगे अपनी दलीलें




**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में खुद अदालत में पेश होकर अपनी दलीलें रखने का फैसला किया है। कथित शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल और कई अन्य आरोपियों ने दिल्ली हाई कोर्ट में जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष एक 'रिक्यूजल' आवेदन दाखिल किया है। आम आदमी पार्टी ने बताया कि अरविंद केजरीवाल खुद सोमवार को अदालत में पेश होंगे और अपनी दलीलें रखेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य को अंतिम मौका देते हुए ईडी की उस याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था जिसमें निचली अदालत की ओर से कथित शराब घोटाला मामले में उनको आरोपमुक्त करते समय ईडी के खिलाफ की गई गैर जरूरी टिप्पणियों को हटाने की गुजारिश की गई है।

### रिहाई के बाद वांगचुक पहली बार कारगिल पहुंचे



**श्रीनगर।** सोनम वांगचुक ने रविवार को कारगिल में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार मिलने चाहिए। वो अपनी रिहाई के बाद पहली बार कारगिल पहुंचे। 14 मार्च को उन्हें जोधपुर जेल से रिहा किया गया था, जहां वे लगभग 6 महीने बंद थे। वांगचुक ने लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि सभी को मिलकर काम करना चाहिए और आपसी मतभेद छोड़कर एक बेहतर भविष्य के लिए साथ आना चाहिए।

### दारुई इलाके में देखे गए तीन संदिग्ध लोग

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के सांबा में रविवार को सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। यह अभियान तीन संदिग्धों को रिपोर्ट मिलने के बाद शुरू किया गया है। दारुई इलाके के बेध खड़ के एक निवासी ने बताया कि उसने तीन अज्ञात लोगों को देखा। उनमें से एक के पास एक भारी बैगपैक था और वे अंधेरे की आड़ में एक सूखे नाले के किनारे-किनारे आगे बढ़ रहे थे। हालांकि उनके पास कोई हथियार दिखाई नहीं दिया, फिर भी उन्हें आतंकवादी होने का संदेह था। इसलिए, स्थानीय पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप ने सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से, इन संदिग्धों का पता लगाने के लिए एक तलाशी अभियान शुरू किया।

### फैसलों में एआई के इस्तेमाल पर रोक



**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर सख्त पॉलिसी लागू करते हुए स्पष्ट किया है कि अब फैसले केवल मानवीय विवेक और तर्क से ही होंगे। कोर्ट ने फैसला लिखने, कानून की व्याख्या, सबूतों के विश्लेषण, सजा-जमानत तय करने और अंतिम आदेश देने में एआई के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी है। कोर्ट ने चेताया कि एआई में 'हैलुसिनेशन', पक्षपात और गोपनीयता उल्लंघन जैसे गंभीर जोखिम हैं, जो न्यायिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकते हैं। यह पॉलिसी हाईकोर्ट से जिला कोर्ट तक सभी न्यायिक अधिकारियों पर लागू होगी और हर जज अपने फैसले के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

### दिल्ली के एक फ्लैट में दो भाइयों के शव मिले



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका इलाके में शनिवार देर रात एक बिल्डिंग के अंदर दो लोगों के शव मिले। मरने वालों की पहचान देवेंद्र कुमार और अमित के रुप में की गई है। वे दोनों भाई हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दोनों की उम्र 40-45 साल के बीच है। शुरुआती जांच में शवों पर चोट या गला घोंटने के कोई निशान नहीं मिले। मामले की जांच की जा रही है।

### नेपाल में हफ्ते में दो दिन की छुट्टी

**काठमांडू।** ईरान युद्ध के चलते पैदा हुए ईंधन संकट के बीच नेपाल सरकार ने सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में दो दिन की छुट्टी लागू की है। सरकार के मुताबिक, अब शनिवार और रविवार को सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। इससे पहले केवल शनिवार को छुट्टी होती थी। छुट्टियों के साथ काम के घंटे भी बदल दिए गए हैं। अब सरकारी दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेंगे, जबकि पहले यह समय 10 बजे से 5 बजे तक था। सरकार की प्रवक्ता सस्मिता पोखरेल ने बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई में बाधा के कारण यह फैसला लिया गया है। इससे पहले नेपाल ने एविएशन फ्यूल की कीमतों में 117% तक बढ़ोतरी की थी, ताकि सप्लाई जारी रखी जा सके।

### रेस्टोरेंट से टकराया विमान, 4 लोगों की मौत

**रियो डि जेनेरियो।** ब्राजील में एक छोटा विमान रेस्टोरेंट पर गिर गया जिससे हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में हुआ। हादसा तब हुआ जब एक पाइपर मालिबू विमान साओ पाउलो से उड़ान भरकर कापाओ दा कनोआ एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। लैंडिंग से ठीक पहले विमान एक खंभे से टकरा गया और फिर एक रेस्टोरेंट में जा गिरा, जिससे उसमें आग लग गई। इस हादसे में पायलट और तीन यात्रियों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपत्ति भी शामिल था।


### गैस लाइटर फैक्ट्री में आग, 5 की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के पास स्थित केरानिगंज के कदमतली इलाके में शनिवार दोपहर गैस लाइटर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। फायर सर्विस और सिविल डिफेंस के मुताबिक, आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के लिए दमकल की 7 यूनिट तैनात की गईं। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका

# इन मिसाइलों से ईरान में गेम बदल सकते हैं ट्रम्प

## 930 किमी रेंज, जेएएसएसएम-ईआर मिसाइलों में हैं कई खूबियां







एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव में जल्द ही एक नया दौर देखने को मिल सकता है, क्योंकि यूएस ने अधिक लंबी दूरी की मिसाइलों को ईरान के खिलाफ इस्तेमाल होने वाले बेसों पर तैनात करने का फैसला किया है। ईरान युद्ध के लिए तैनात की गई यह लंबी दूरी की हथियार प्रणाली बेहद सटीक हमला करने वाले हथियारों में से एक है। लॉकहीड मार्टिन की ओर से निर्मित जेएएसएसएम-ईआर क्रूज मिसाइलों की रेंज 930 किलोमीटर से अधिक है। यह मिसाइल दुश्मन की एयर डिफेंस सिस्टम से बाहर रहते हुए टारगेट को नष्ट करने के लिए बनाई गई है।

यह क्रूज मिसाइल 1000 पाउंड वजन वाले पेनेट्रेटिंग ब्लास्ट-फ्रैगमेंटेशन वारहेड से लैस है, जो मजबूत ठिकानों को भेदने में सक्षम है। मिसाइल को अमेरिकी वायुसेना के फाइटर जेट और बॉम्बर से लॉन्च किया जा सकता है। इस मिसाइल की स्टेल्थ क्षमता इसे दुश्मन के रडार से बचाती है, जिससे पायलट सुरक्षित दूरी पर रहकर हमला कर सकते हैं। प्रत्येक मिसाइल की कीमत लगभग 1.5 मिलियन डॉलर (12.7 करोड़ रुपये) है। ईरान संघर्ष के पहले चार हफ्तों में अमेरिका ने एक हजार से अधिक इन मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। अमेरिका अपनी कुल जेएएसएसएम-ईआर इन्वेंट्री का लगभग 82 प्रतिशत हिस्सा ईरान युद्ध के लिए समर्पित कर चुका है। युद्ध से पहले करीब 2300 मिसाइलों में से अब केवल 425 मिसाइलें ही अन्य जगहों के लिए बची हैं। प्रशांत क्षेत्र और अमेरिकी भूमि से इन मिसाइलों को सेंट्रल कमांड बेस और ब्रिटेन के फेयरफोर्ड तक पहुंचाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने या शांति समझौता करने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इस संदर्भ में बी-52एच बॉम्बर की तैनाती भी देखी जा रही है। जेएएसएसएम परिवार की यह विस्तारित रेंज वाली वैरिएंट 2001 से लॉकहीड मार्टिन की ओर से बनाई जा रही है और दो दशकों से अमेरिकी सेना में सेवा दे रही है। इसका इस्तेमाल न केवल ईरान बल्कि वेनेजुएला जैसे अन्य अभियानों में भी हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में मिसाइलों का उपयोग अमेरिका की अन्य क्षेत्रों जैसे चीन के खिलाफ तैयारियों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन ईरान जैसे मजबूत एयर डिफेंस वाले देश के खिलाफ यह अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है।

# ये तो ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है : राघव चड्ढा

## आप के पूर्व मंत्री का दावा- चड्ढा ने मोदी-भाजपा की आलोचना वाली पोस्ट डिलीट कीं



एजेंसी

**मोहाली।** आम आदमी पार्टी से चल रही तकरार के बीच राघव चड्ढा ने नयी पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा है- मेरे उन सहयोगियों के लिए जो मजबूर होकर वीडियो जारी कर रहे हैं और कह रहे हैं कि राघव चड्ढा संसद में पंजाब के मुद्दे उठाने में असफल रहे। उनके लिए एक छोटी झलक। कहानी अभी बाकी है।


चड्ढा ने आगे लिखा- पंजाब मेरे लिए सिर्फ एक विषय नहीं है। यह मेरा घर है, मेरा कर्तव्य है, मेरी मिट्टी है, मेरी आत्मा है। राघव ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने पार्लियामेंट में अपनी स्पीच दिखाई हैं। इनमें चड्ढा को पंजाब के मुद्दे उठाते सुना जा सकता है। वहीं, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि राघव चड्ढा ने पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की आलोचना वाली अपनी सभी पुरानी पोस्ट डिलीट कर दी हैं। सौरभ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कुछ लोगों के सुझाव पर मैंने राघव की टाइमलाइन में बीजेपी और मोदी सर्च किया। कोई आलोचनात्मक पोस्ट नहीं मिली। इसका मतलब है कि उन्होंने अपनी सभी पुरानी आलोचनात्मक पोस्ट हटा दी हैं। अब केवल 2 पोस्ट हैं जिनमें मोदी शब्द है और वे भी मोदी की तारीफ करने वाली हैं। इधर, मशहूर कवि कुमार विश्वास का डेढ़ साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह कह रहे हैं कि आप का अगला शिकार राघव चड्ढा होंगे। उसने हीरोइन से शादी कर ली और रील दिखने लगी है। कुमार विश्वास आप के फाउंडर मेंबर्स में से एक हैं। दिल्ली में सरकार बनने के बाद उनका अरविंद केजरीवाल और उनकी टीम से मनमुटाव हो गया, जिसके बाद उन्होंने आप छोड़ दी थी। राघव ने 4 अप्रैल को दूसरा वीडियो जारी कर कहा- कल से मेरे खिलाफ एक स्क्रिप्टेड कैंपेन चलाया जा रहा है। वही भाषा, वही बातें, वही आरोप। यह कोई कोइंसिडेंस नहीं, बल्कि एक को-ऑर्डिनेटेड अटैक है। पहले मुझे लगा कि मुझे इसका जवाब नहीं देना चाहिए। फिर लगा कि एक झूठ को सौ बार बोला जाए तो कहीं लोग सच न मान लें। इसलिए, मैंने सोचा कि जवाब दूं। मैं संसद में शोर मचाने, चिल्लाने, माइक तोड़ने या गाली देने नहीं गया, बल्कि जनता के मुद्दे उठाने के लिए गया हूं। आखिर में राघव ने धुरंधर फिल्म का डायलॉग, 'घायल हूं, इसलिए घातक हूं' कहते हुए आप को चेतावनी दी।

## उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में डोली धरती

**बागेश्वर/जगदलपुर।** उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.7 रही। इससे लोगों में थोड़ा डर फैल गया। छत्तीसगढ के दक्षिणी हिस्सों सहित जगदलपुर और आसपास के क्षेत्रों में भी शनिवार देर रात को हल्के झटके महसूस किए गए। राहत की बात यह कि दोनों ही राज्यों में आए भूकंप के झटकों से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में रविवार को 11:47 मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई। इससे इलाके में डर का माहौल बन गया। भूकंप का केंद्र 30.047 उत्तरी अक्षांश और 79.901 पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसकी गहराई जमीन से लगभग 10 किलोमीटर नीचे बताई गई है। बागेश्वर के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। वहीं छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में शनिवार देर रात रात 11.32 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

# भागवत शादी कर बच्चे क्यों नहीं पैदा करते : शंकराचार्य

## विपक्ष के समर्थन के सवाल पर कहा- जो हमारी सुनेगा, उसके साथ खड़े रहेंगे



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** 'हमने तो कहा था कि मोहन भागवत और उनके प्रचारक आएं, विवाह करें, बच्चे पैदा करें, जनसंख्या बढ़ाएं। एक तरफ सरकार कह रही है कि जनसंख्या विस्फोट हो रहा है। दूसरी तरफ, ये लोग जनसंख्या बढ़ाने की बात करते हैं। अगर संख्या बढ़नी इतनी जरूरी है तो आप शादी करके बच्चे पैदा क्यों नहीं करते। दूसरों पर बोझ क्यों लादते हो। पहले खुद करो, फिर दूसरों से कहो।'



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को बरेली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। वे आरएसएस प्रमुख के तीन बच्चे पैदा करने वाले बयान से जुड़े सवाल पर जवाब दे रहे थे। दरअसल, भागवत कई बार कह चुके हैं कि हिंदुओं के लिए तीन बच्चे पैदा करना जरूरी हैं।

पिछले महीने मथुरा दौरे पर भी भागवत ने कहा था कि डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी परिवार में तीन संतान होती हैं तो माता-पिता और बच्चों के सेहतमंद होने की संभावना बढ़ जाती है। जैसा कि मानस शास्त्र कहता है कि घर में तीन बच्चे होने पर वे बड़े होकर बेहतर और संतुलित व्यक्तित्व के बनते हैं। आपसी झगड़े-टकराव भी कम होते हैं।

विपक्ष का समर्थन करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि सत्ता पक्ष कहता है कि हम विपक्ष के साथ हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप हमारी बात सुनें। गो-माता की रक्षा के लिए कानून बनाएं। हम आपके साथ खड़े हो जाएंगे। मैं पक्ष-विपक्ष किसी के साथ नहीं हूं। जो भी हमारी बात सुनेगा। उसके साथ खड़ा हो जाऊंगा।


देवभूमि इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- जब युद्ध होता है तो हमेशा दो पक्ष होते हैं, उसमें एक न्याय और दूसरा अन्याय का होता है। जैसे आज एक पक्ष अमेरिका और इजराइल तो दूसरा ईरान है। आश्चर्य है कि पूरी दुनिया के विद्वान इस मुद्दे पर मौन हैं। ये मानवता के प्रति अपराध है। शंकराचार्य ने कहा कि युद्ध पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्या रिएक्शन रहा। इस पर मैं कुछ भी नहीं कहना चाहूंगा, लेकिन एक विद्वान का ये दायित्व होता है कि उसे बताना चाहिए कि ये व्यक्ति अन्याय कर रहा है और ये व्यक्ति अन्याय सह रहा है क्योंकि युद्ध में दोनों अच्छे पक्ष नहीं हो सकते है।

उन्होंने कहा- भारत शुरू से गुट निरपेक्ष देश रहा है। भारत कभी भी युद्ध में किसी के साथ खड़ा नहीं हुआ। ये पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री के मौन के कारण लोगों के मन में ये सवाल उठ रहा है कि वे शायद किसी के पक्ष में खड़े हैं।

शंकराचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री खुलकर यहूदियों के पक्ष में हैं। यह बात हमें चिंता में डालती है।

# किडनी कांड का मास्टरमाइंड बोला- करोड़ों फेंक देते हैं

## एजेंट से बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली, कन्नौज का डॉक्टर गिरफ्तार



विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** चर्चित किडनी कांड के मास्टरमाइंड शिवम अग्रवाल के मोबाइल से पुलिस को कॉल रिकॉर्डिंग मिली है। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी के मुताबिक, यह रिकॉर्डिंग उसने गिरोह में शामिल प्रयागराज के रहने वाले नवीन पांडेय को भेजी थी। ऑडियो में नवीन, शिवम से प्रयागराज के ही दलाल साहिल का जिक्र कर रहा है। वह कहता है कि साहिल ने तुम्हारा नाम लेकर 22 लाख रुपए ले लिए हैं। इस पर शिवम कहता है- उसे नहीं पता कि शिवम और डॉ. रोहित क्या चीज हैं, हम लोग करोड़ों रुपए ऐसे ही फेंक देते हैं। इस बीच पुलिस टीम शनिवार शाम नवीन पांडेय के प्रयागराज स्थित घर पहुंची, लेकिन वह नहीं मिला। इधर, पुलिस ने शिवम की पत्नी को रावपुर थाने पूछताछ के लिए बुलाया। उसने बताया कि नवीन गाजियाबाद के रहने वाले डॉ. रोहित के साथ 4-5 साल से काम कर रहा है। शिवम तो एक साल से ही डॉ. रोहित से जुड़ा था।

पुलिस सोमवार को जिला कोर्ट में अप्लीकेशन देकर शिवम की रिमांड मांगेगी। पुलिस के मुताबिक, यह रिकॉर्डिंग पिछले साल दिसंबर महीने की है। हालांकि, पुलिस ने इसे सार्वजनिक नहीं किया है। किडनी कांड में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, रिकॉर्डिंग में शिवम एक महिला का जिक्र कर रहा है। वह कहता है कि जिस महिला को हम दिल्ली लेकर आए थे, उसे द्वारका के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, वह मर गई। इस पर नवीन कहता है कि महिला को एंबुलेंस से लेकर जाना चाहिए था, तुम लोग उसे स्कॉर्पियो से लेकर चले गए। स्कॉर्पियो में कोई मेडिकल व्यवस्था होती है क्या?

पुलिस के मुताबिक, ऑडियो में जिस महिला का जिक्र है, उसका दिसंबर महीने में मेडिलाइफ हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट किया गया था। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे आनन-फानन में दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने महिला की मौत के मामले में कन्नौज के रहने वाले डॉ. रोहन को शनिवार को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हॉस्पिटल के दो अन्य पार्टनर औरैया निवासी डॉ. नरेंद्र और कन्नौज के डॉ. संदीप अभी फरार हैं। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि शिवम अग्रवाल की तरह साहिल भी डॉ. रोहित के लिए काम करता था। जांच में सामने आया कि एक महिला को किडनी की जरूरत थी। साहिल ने उससे संपर्क कर कहा कि डॉ. रोहित ट्रांसप्लांट के लिए 40 लाख लेते हैं, लेकिन वह 20 लाख रुपए में किडनी ट्रांसप्लांट करा देगा। इसके बाद वह महिला से 20 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि साहिल की तलाश में चित्रकूट और प्रयागराज में छापेमारी की जा रही है। अब तक गिरोह में जिन डॉक्टरों के नाम सामने आए हैं, उनमें कोई भी सर्जन नहीं है। गिरोह में शामिल डॉ. रोहित एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, डॉ. वैभव डेंटिस्ट, डॉ. अनुराग अल्फा हॉस्पिटल संचालक, डॉ. अफजल फिजिशियन और डॉ. अली ओटी टेक्नीशियन हैं।

डीसीपी ने बताया कि शुक्रवार को शिवम की पत्नी से करीब 6 घंटे तक पूछताछ की गई। इस दौरान उसने हैलट के सामने स्थित रमाशिव हॉस्पिटल के मैनेजर भूपेंद्र सिंह का नाम लिया। भूपेंद्र सिंह डॉ. रोहित के संपर्क में था। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने लखनऊ में एसजीपीजीआई के सामने एक निजी अस्पताल बनवाया है।

डीसीपी वेस्ट के अनुसार, भूपेंद्र के विजिटिंग कार्ड पर एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) लिखा था। पूछने पर उसने बताया कि एमडी का मतलब मैनेजिंग डायरेक्टर है। वह डॉ. रोहित के संपर्क में था। डॉ. रोहित ने उससे अपने अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट कराने को कहा था, लेकिन उसने ट्रांसप्लांट नहीं कराया। मेडिलाइफ के संचालक रोहन, नरेंद्र और अजय से भी पूछताछ की जा रही है।

### कतर एयरवेज ने भारत के लिए अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की

**नई दिल्ली,** कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श जारी किया। दूतावास ने सभी से सख्ती से स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

दूतावास ने समाज की सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए साझा जिम्मेदारी निभाने पर विशेष जोर दिया है। लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे स्थानीय अधिकारियों की ओर से जारी की गई सलाह और दिशा-निर्देशों का पालन करें। साझा जिम्मेदारी के सिद्धांत को इस तरह से मजबूत किया जाना चाहिए, जिससे समाज की सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने में योगदान मिले। कतर एयरवेज 15 अप्रैल तक की अवधि के लिए भारत में 10 जगहों के लिए सीमित, गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित कर रही है। एयरलाइन ने 16 अप्रैल से 15 जून तक भारत में 11 जगहों के लिए और उड़ानों की घोषणा की है।

# एक छोटी सी अनोखी डिवाइस ने कर दिखाया कमाल

## अमेरिका ने दुश्मन देश ईरान में फंसे अपने पायलट को दो दिन के अंदर बचा लिया



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में पहाड़ी इलाके में दो दिन से छिपे अपने पायलट को सकुशल जिंदा बचा लिया। यह किसी करिश्मे से कम नहीं है, क्योंकि अमेरिका ने यह मिशन उस देश में अंजाम दिया, जिस ईरान से वह महीनेभर से युद्ध लड़ रहा है। अमेरिकी पायलट को बचाने के लिए अमेरिका के दर्जनों विमान हवा में गश्त करते रहे और उसे ढूंढते रहे। पायलट को ढूंढने में एक छोटी सी डिवाइस ने बहुत कमाल किया, जिसने लोकेशन समेत अन्य डिटेल्स अमेरिकी सैनिकों को भेजे। इसी के जरिए पता चला कि पायलट उबड़-खाबड़ पहाड़ी की दरार में छिपा हुआ है।

इस पूरे अभियान के केंद्र में लगभग 800 ग्राम वजन वाला एक छोटा, सैटेलाइट-आधारित कम्युनिकेशन डिवाइस है, जिसे कॉम्बैट सरवाइवर इवेडर लोकेटर के नाम से जाना जाता है। इसे बोइंग कंपनी ने बनाया है और यह सैटेलाइट से कनेक्टेड होता है। यह साइज में हथेली के बराबर है और मजबूत सैन्य रेडियो और एक हैंडहेल्ड कंप्यूटर का मिला-जुला रूप जैसा दिखता है। यह पायलट के कमर वाले हिस्से में बांध दिया जाता है, ताकि जब किसी दुर्घटना के समय पायलट फाइटर जेट से कूदे तो यह डिवाइस भी उसके साथ ही रहे। जैसे ही पायलट इजेक्ट करता है तुरंत यह एनक्रिप्टेड डेटा भेजने लगता है। यह तेज फ्रीक्वेंसी-हॉपिंग सिग्नलों का इस्तेमाल करके लगातार लोकेशन कोऑर्डिनेट्स और छोटे एनक्रिप्टेड मैसेज भेजता रहता है, जिससे दुश्मन के इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम के लिए इसका पता लगाना बेहद मुश्किल हो जाता है।

यह किसी भी हालात में काम करना बंद नहीं करता। जैसे विमान हादसे के समय फ्लाइट का ब्लैक बॉक्स खराब नहीं होता और आखिरी क्षणों को कैद कर लेता है, उसी तरह यह डिवाइस सैनिक या पायलट से कनेक्ट रहता है। इसके जरिए ही अमेरिकी सेना अपने पायलट के ठिकाने का पता लगा सकी। यह दस मीटर तक गहरे पानी में डूबे रहने के बाद भी सही लोकेशन भेजता है। यहां तक कि इसकी बैटरी 21 दिनों तक चलती है। इसमें लगे एक बटन के जरिए पायलट या कोई सैनिक यह बता सकता है कि वह संकट में है, जिसके बाद उसे बचाने की प्रक्रिया की शुरुआत हो जाती है। इस अभियान के दौरान भी डिवाइस ने हर कुछ घंटों में अपनी सटीक लोकेशन की जानकारी वाले एनक्रिप्टेड टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिससे ईरानी सेना उसकी लोकेशन का पता नहीं लगा पाई।

वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिकी वायुसेना के पायलट का जेट ईरान में मार गिराया गया था। दुश्मन से बचने के लिए वह एक पहाड़ी दरार में छिप गया और 7,000 फीट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। दो दिन चले जानलेवा मिशन के बाद अमेरिकी सेना ने उसे बचा लिया।

रविवार को, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पायलट को बचाने के लिए चलाए गए पूरे बचाव अभियान को साहस और काबिलियत का अद्भुत प्रदर्शन बताया। ईरानी सरकार ने इस पायलट पर इनाम भी रखा था। ट्रंप ने एक पोस्ट में कहा, "हमने ईरान के पहाड़ों की गहराई से एक गंभीर रूप से घायल और सचमुच बहादुर एफ-15 क्रू मेंबर/अधिकारी को बचा लिया है। ईरानी सेना बड़ी संख्या में उसकी जोर-शोर से तलाश कर रही थी और उसके काफी करीब पहुंच गई थी।

### व्हाइट हाउस ने ट्रंप के अस्पताल में भर्ती होने की खबरों को बताया झूठ

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही उन अटकलों को खारिज कयिा है, जसिमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अस्पताल में भर्ती कएि जाने की बात कही जा रही थी। व्हाइट हाउस ने इन दावों को गलत बताया।




**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com